उत्तर प्रदेश
राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

भाग - एक (Part-I)

प्रायोगिक वर्गीकरण – डीडीसी (19वाँ संस्करण)
Classification Practice - DDC (19th Edition)

इकाई 1

ड्यूई दशमलव वर्गीकरण 05

इकाई 2

सारणी 1 –मानक उपविभाजन एवं सारणी 2 भौगोलिक उपविभाजन 19

इकाई 3

सारणी 3 –विशिष्ट साहित्यिक उपविभाजन एवं सारणी 4– विशिष्ट भाषाओं के उपविभाजन एवं सारणी 5– प्रजातीय, मानववंशीय, राष्ट्रीय समूह 44

इकाई 4

सारणी 6 –भाषायें एवं सारणी – 7 व्यक्ति 64

इकाई 5

ग्रन्थों के वर्गीकरण में योजक विधियों का प्रयोग 72

संदर्भ एवं अतिरिक्त पाठ्यसामग्री 84

RIL-096

पाठ्यक्रम अभिकल्पन समिति

1. प्रोफेसर नीतीश कुमार सान्याल (अध्यक्ष)
   कुलपति (26 अप्रैल, 2002 तक)
   उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
   इलाहाबाद
2. प्रोफेसर देवेन्द्र प्रताप सिंह (अध्यक्ष)
   कुलपति, (27 अप्रैल, 2002 से)
   उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
   इलाहाबाद
3. डॉ. यू. एम. ठाकुर,
   निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान,
   पटना विश्वविद्यालय,
   पटना
4. डॉ. एस. पी. सूद,
   एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (सेवा निवृत्त)
   ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान विभाग,
   राजस्थान विश्वविद्यालय,
   जयपुर
5. डॉ. बी. के. शर्मा,
   उपाचार्य एवं विभागाध्यक्ष,
   पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग,
   डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय,
   आगरा
6. डॉ. जे. एन. गौतम,
   उपाचार्य एवं विभागाध्यक्ष,
   ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान अध्ययनशाला,
   जीवाजी विश्वविद्यालय,
   ग्वालियर
7. श्री शंकर सिंह,
   प्रबन्धक (पुस्तकालय),
   पावर फाइनेन्स कारपोरेशन लि0,
   चन्द्रलोक, 36 जनपथ,
   नई दिल्ली
8. डॉ. एस. एन. सिंह
   वरिष्ठ सहायक ग्रन्थालयी,
   केन्द्रीय तिब्बती विश्वविद्यालय,
   सारनाथ, वाराणसी
9. डॉ. (श्रीमती) सोनल सिंह,
   वरिष्ठ प्रवक्ता,
   ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान अध्ययनशाला
   विक्रम विश्वविद्यालय,
   उज्जैन
10. श्री सुनील कुमार,
    वरिष्ठ प्रवक्ता
    एस. सी. ई. आर. टी.,
    वरुण मार्ग, डिफेंस कालोनी,
    नई दिल्ली
11. डॉ. प्रभाकर रथ (पाठ्यक्रम सयोजक),
    ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान संकाय,
    इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय,
    मैदान गढ़ी,
    नई दिल्ली
12. डॉ. ए. के. सिंह (प्रशासनिक संयोजक)
    कुलसचिव
    उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
    इलाहाबाद

पाठ्यक्रम निर्माण समिति

लेखक	सम्पादक	कार्यालयीन सहायक
डॉ. जे. एन. गौतम	डॉ. एस. पी. सूद	(1) श्री रंजीत बनर्जी
		(2) श्री दिलीप त्रिपाठी
		(3) श्री पंकज श्रीवास्तव

• सर्वाधिकार सुरक्षित। इस कार्य के कोई भी अंश को **उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्व विद्यालय** की लिखित अनुमति लिए बिना मिमियोग्राफ अथवा किसी अन्य साधन से पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।

प्रकाशन - उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. अरूण कुमार गुप्ता, कुलसचिव द्वारा पुनः मुद्रित एवं प्रकाशित वर्ष-2020।
मुद्रक- चन्द्रकला यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड 42/7 जवाहर लाल नेहरू रोड, प्रयागराज-211002

MLIS-07/2

RIL-096

प्राक्कथन

आधुनिक समाज में ज्ञान एवं विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर नवीन विषयों का आविर्भाव हो रहा है। इन नवीन विषय क्षेत्रों में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान भी एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी विषय है। मानव संसाधन विकास के अन्तर्गत किये गये विभिन्न अध्ययनों से यह ज्ञात होता है कि विभिन्न प्रकार के पुस्तकालयों, प्रलेख पोषण केन्द्रों और सूचना केन्द्रों में विभिन्न श्रेणियों एवं स्तरों पर प्रशिक्षित जनशक्ति (Man power) की आवश्यकता होती है। इस आवश्यकता की पूर्ति हेतु विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की गयी जो प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान कर प्रशिक्षित जनशक्ति को तैयार करते हैं।

पुस्तकालयों, प्रलेख पोषण केन्द्रों और सूचना केन्द्रों में उच्च पदों पर चयन एवं नियुक्ति हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) को आवश्यक माना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में तकनीकी सहायकों, सहायक पुस्तकालयाध्यक्षों और पुस्तकालयाध्यक्षों हेतु 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) को मूलभूत योग्यता माना है। विभिन्न राज्य सरकारों ने भी अपने विभिन्न विभागों के अन्तर्गत संचालित पुस्तकालयों एवं सूचना केन्द्रों हेतु राजपत्रित पदों पर नियुक्ति के लिए 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) आवश्यक योग्यता निर्धारित की गयी है।

वर्तमान में भारत में लगभग 50 विश्वविद्यालय, 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) उपाधि प्रदान कर रहे हैं। अधिकांश विश्वविद्यालय नियमित पाठ्यक्रम ही संचालित कर रहे हैं जिनमें सीमित संख्या में छात्रों का प्रवेश सम्भव हो पाता है। छात्रों की शैक्षिक आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए दूरस्थ शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) कार्यक्रम को संचालित करने का प्रथम प्रयास इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा अंग्रेजी माध्यम में किया गया। फलस्वरूप हिन्दी भाषी प्रदेशों के छात्र अधिक लाभ नहीं ले पाते। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद ने सबसे कार्यक्रम हिन्दी माध्यम से प्रारम्भ करने का प्रयास किया है।

'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) के अन्तर्गत शिक्षकों एवं छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरल एवं सुगम हिन्दी भाषा में विषय विशेषज्ञों और वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा सभी पाठ्यक्रमों का प्रमाणिक साहित्य तैयार कराया गया है। प्रत्येक पाठ्यक्रम में अध्ययन सामग्री को विशेष क्रम के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। केन्द्रीय हिन्दी मंत्रालय के वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित पारिभाषिक शब्दावली एवं इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान शब्दावली में से ही विषय से सम्बन्धित तकनीकी शब्दों का प्रयोग किया गया है। पाठ्य-सामग्री के अन्त में प्रमुख शब्दों की विवेचना एवं परिभाषा तथा सन्दर्भ एवं अतिरिक्त पाठ्यसामग्री की सूची प्रस्तुत की गयी है।

RIL-096

उद्देश्य एवं क्षेत्र

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद का हिन्दी भाषा में 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) कार्यक्रम को संचालित करने का प्रमुख उद्देश्य उन छात्रों को लाभान्वित करना है जो अंग्रेजी माध्यम द्वारा अध्ययन करने में असमर्थ होते हैं। साथ ही ऐसे पुस्तकालय कर्मचारियों की सहायता करना है जो विभिन्न संस्थानों में कार्यरत हैं और अवकाश लेकर नियमित रूप से इस कार्यक्रम को पूर्ण करने में असमर्थ हैं। ऐसे कर्मचारियों के भविष्य के शैक्षिक विकास व्यावसायिक योग्यता बढ़ाने और पदोन्नति में यह कार्यक्रम विशेष रूप से सहायक होगा।

'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) के इस एक वर्षीय कार्यक्रम में 08 पाठ्यक्रमों को समावेशित किया गया है जो कि दो सत्रों (Semesters) में विभक्त किया गया है। सभी पाठ्यक्रमों का अभिकल्पन इस प्रकार किया गया है कि अध्ययन के पश्चात् छात्र अथवा कार्यरत कर्मचारी किसी भी प्रकार के पुस्तकालय और सूचना केन्द्र में कार्य करने में समर्थ हो सकेंगे। इस कार्यक्रम में सूचना प्रबन्धन एवं प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग पर विशेष बल दिया गया है।

आशा और विश्वास है कि प्रस्तुत पाठ्य अध्ययन सामग्री पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के प्राध्यापकों एवं 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) स्तर पर अध्ययनरत छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

MLIS - 07 प्रायोगिक वर्गीकरण – डी डी सी (19वाँ संस्करण)

CLASSIFICATION PRACTICE DDC (19th Edition)

विषय प्रवेश

ग्रन्थों को निधानियों पर क्रमबद्ध रूप से व्यवस्थित करने के लिये उन्हें वर्गीकृत किया जाना आवश्यक होता है। इस हेतु कई प्रमुख वर्गीकरण पद्धतियों का विकास 19वीं एवं 20वीं शताब्दी में हुआ। उनमें से ड्यूई दशमलव वर्गीकरण (1876), एक्सपेन्सिव क्लासीफिकेशन (1893), लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस क्लासीफिकेशन (1904), यूनीवर्सल डेसीमल क्लासीफिकेशन (1905), कोलन क्लासीफिकेशन (1933), बिब्लियोग्राफिक क्लासीफिकेशन (1935) आदि कुछ प्रमुख वर्गीकरण पद्धतियां हैं।

1876 में मेलविल ड्यूई प्रणीत ड्यूई दशमलव वर्गीकरण पद्धति प्रथम वैज्ञानिक वर्गीकरण पद्धति है। उस काल में प्रशिक्षित ग्रन्थालयियों के अभाव को ध्यान में रखते हुए मेलविल ड्यूई ने सबसे सरल अंक अरबी –भारतीय (Indo-Arabic) का प्रयोग कर परिगणनात्मक वर्गीकरण पद्धति की संरचना की।

इस पाठ्य सामग्री में पूर्ण विषयवस्तु को 5 इकाइयों में विभाजित किया गया है। इकाई –1 में ड्यूई दशमलव वर्गीकरण पद्धति का ऐतिहासिक विवेचन कर 19वें संस्करण के तीनों खण्डों : खण्ड–1 प्रस्तावना एवं सारणियाँ, खण्ड–2 अनुसूचियाँ एवं खण्ड–3 सापेक्षिक अनुक्रमणिका की संरचना का वर्णन किया गया है। साथ ही दशमलव वर्गीकरण पद्धति की मौलिक संरचना, दशमलव भिन्नात्मक पद्धति, सोपान क्रमिक अंकन, स्मृति सहायक, वर्गीकरण पद्धति की विशेषताओं एवं सीमाओं का भी वर्णन किया गया है। प्रायोगिक वर्गीकरण सम्बंधी नियमों के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की टिप्पणियों के उद्देश्य एवं प्रयोजन का भी उल्लेख किया गया है।

इकाई –2 में सारणी–1: मानक उपविभाजन एवं सारणी–2: भौगोलिक उपविभाजन को परिभाषित एवं व्याख्यायित कर उनके प्रयोग के नियमों को उदाहरण सहित स्पष्ट किया गया है। मानक उपविभाजन के प्रयोग सम्बंधी नियमों के अन्तर्गत मानक उपविभाजन की अग्रताक्रम तालिका, मानक उपविभाजन के प्रयोग में अपवाद, शून्यों का प्रयोग एवं विलोपन आदि का विस्तृत वर्णन किया गया है। भौगोलिक उपविभाजन के अन्तर्गत सापेक्षिक अनुक्रमणिका में इसे खोजने की विधि, निर्देशित अथवा अनिर्देशित अवस्था में उनके प्रयोग के नियम, दो देशों के मध्य सम्बन्ध तथा सामान्य क्षेत्रों को जोड़ने सम्बन्धी नियमों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।

इकाई–3 में तीन सारणियों – सारणी 3 : विशिष्ट साहित्यिक उपविभाजन, सारणी 4: विशिष्ट भाषाओं के उपविभाजन एवं सारणी 5: प्रजातीय, मानववंशीय, राष्ट्रीय समूह के प्रयोग सम्बन्धी नियमों का वर्णन किया गया है।

इकाई –4 में सारणी 6: भाषाएं एवं सारणी 7: व्यक्ति उपविभाजनों के प्रयोग का वर्णन किया गया है। सारणी 7 के प्रयोग सम्बन्धी नियमों में अनिर्देशित अवस्था में मानक उपविभाजन 024 एवं 088 के द्वारा इस सारणी के अंकनों के प्रयोग तथा सारणी 2 एवं 3 के माध्यम से सारणी 7 के प्रयोग सम्बन्धी नियमों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।

अन्तिम इकाई– 5 में ड्यूई दशमलव वर्गीकरण में प्रमुख योजक विधियों के प्रयोग को समझाया गया है। पद्धति में प्रयुक्त अग्रताक्रम तालिकाओं के उद्देश्य का वर्णन कर उनके उपयोग सम्बन्धी नियमों का सोदाहरण वर्णन किया गया है।

विद्यार्थियों द्वारा इन इकाइयों में प्रदत्त नियमों के अध्ययन द्वारा प्रयोगात्मक वर्गीकरण में उन्हें काफी सुविधा होगी। प्रत्येक इकाई में वर्गीकृत शीर्षक दिये गये हैं एवं उनकी निर्माण प्रक्रिया का वर्णन भी किया गया है।

अन्तिम इकाई में सातों सारणियों पर आधारित अभ्यास हेतु 80 शीर्षक दिये गये हैं। इस इकाई के अन्त में विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रन्थसूची भी दी गई है ताकि आवश्यकतानुसार सूची में उल्लिखित ग्रन्थों का प्रयोग किया जा सके।

इकाई 1 ड्यूवी दशमलव वर्गीकरण पद्धति

DEWEY DECIMAL CLASSIFICATION SCHEME

संरचना

1.0 उद्देश्य

1.1 परिचय

1.2 ड्यूवी दशमलव वर्गीकरण के (19 वे संस्करण) का परिचय

1.3 प्रायोगिक वर्गीकरण के नियम

1.4 डीडीसी के प्रयोग सम्बन्धी नियम

1.5 अनुदेश टिप्पणियाँ

1.0 उद्देश्य (Objectives of the Unit)

इस इकाई में डीडीसी (19 वें संस्करण), इसकी मौलिक योजना, अंकन पद्धति, तीनों खण्डों –खण्ड 1, प्रस्तावना एवं सारणियां खण्ड 2, अनुसूची एवं खण्ड 3 सापेक्षिक अनुक्रमणिका से परिचय कराया गया है। इस इकाई के उद्देश्य निम्नलिखित हैं–

- इस पद्धति का ऐतिहासिक विवरण प्रस्तुत करना।
- पद्धति की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करना।
- दशमलव अंकन पद्धति को स्पष्ट करना।
- पद्धति की मौलिक योजना की चर्चा करना।
- तीनो खण्डों की अलग–अलग व्याख्या करना।
- ग्रन्थों को वर्गीकरण करने के लिए उपयोग में आने वाले नियमों को समझाना।

1.1 परिचय (Introduction)

आधुनिक ग्रन्थालयों में ग्रन्थ एवं अन्य पाठ्य –सामग्री का व्यवस्थापन विषयानुसार किया जाता है ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी विशिष्ट प्रलेख को प्राप्त करने में तथा उसके पुनर्व्यवस्थापन में सुविधा हो एवं समय की बचत भी की जा सके। वर्तमान में अनेक वर्गीकरण पद्धतियाँ प्रचलन में हैं जैसे – डीडीसी, यूडीसी, एलसी, कोलन क्लासीफिकेशन, बिब्लियोग्राफिक वर्गीकरण आदि। इन समस्त वर्गीकरण पद्धतियों में सबसे अधिक प्रचलित एवं उपयोग में लायी जाने वाली पद्धति डीडीसी है। इसके प्रथम संस्करण का प्रकाशन 1876 में हुआ तथा इक्कीसवाँ संस्करण 1996 में प्रकाशित हुआ। इस इकाई में इस पद्धति के ऐतिहासिक विकास को दर्शाते हुए 19 वें संस्करण की विस्तृत जानकारी एवं प्रयोग में आने वाले नियमों का उल्लेख किया गया है।

1.2 ड्यूई दशमलव वर्गीकरण पद्धति के उन्नीसवें संस्करण का परिचय
(Introduction to Dewey Decimal Classification -19th Ed.)

ग्रन्थालयों में ग्रन्थों का वर्गीकरण करने के लिए समय– समय पर अनेक वर्गीकरण पद्धतियों को निर्मित तथा उपयोग भी किया जाता रहा है। डीडीसी पद्धति एक ऐसी पद्धति है जो विश्व के सर्वाधिक ग्रन्थालयों में प्रयोग में लाई जा रही है। इस पद्धति को आधुनिक वर्गीकरण पद्धतियों में प्रथम वर्गीकरण पद्धति होने का श्रेय प्राप्त है। इस पद्धति के प्रणेता एवं आविष्कारक मेलविल ड्यूई थे। ड्यूई का जन्म न्यूयार्क राज्य के एडम्स सेन्टर में 10 दिसम्बर 1851 में हुआ था। उन्हें शिक्षा ग्रहण करने की लगन एवं उत्सुकता बचपन से ही थी इसका प्रमाण ड्यूई का बाल्यकाल का 85 ग्रन्थों का संग्रह है, जो ये इंगित करता हैं कि ग्रन्थों के प्रति इनकी रुचि कितनी अधिक थी। आपने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सन् 1870 में अम्हर्स्ट कालेज में प्रवेश लिया तथा 23 वर्ष की आयु में सन् 1874 में स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

विद्यार्थी जीवन में ही आपको इसी कालेज में अंशकालीन रूप से ग्रन्थालय में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करते ही उसी कालेज में 9 जुलाई 1874 में ग्रन्थालय सहायक के पद पर ड्यूई को नियुक्त किया गया। इससे पूर्व 1873 में ही इन्होंने एक वर्गीकरण पद्धति को निर्मित करने का कार्य प्रारम्भ कर दिया था। कुछ समय पश्चात् आपकी नियुक्ति अल्वनी न्यूयार्क स्टेट लाइब्रेरी में ग्रन्थालयी पद पर हुई।

सन् 1887 में ड्यूई ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय में ग्रन्थालय विज्ञान के प्रथम स्कूल को स्थापित कर प्रशिक्षण प्रारम्भ किया, जिसे बाद में एल्वनी में स्थानान्तरित कर दिया गया। यही स्कूल बाद में न्यूयार्क स्टेट लाइब्रेरी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उसी समय ड्यूई को न्यूयार्क स्टेट लाइब्रेरी के निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया। ग्रन्थालय विज्ञान की प्रथम पत्रिका 'लाइब्रेरी जर्नल' के सम्पादन का कार्य ड्यूई ने किया जिसका प्रकाशन 1876 में प्रारम्भ हुआ था। ड्यूई महोदय ने इसके अतिरिक्त अमेरिकन ग्रन्थालय संघ (American Library Association) ,वर्तनी सुधार संघ (Spelling Reform Association), मीटरी ब्यूरो (Metric Bureau) आदि राष्ट्रीय संस्थाओं की स्थापना व संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा ब्रिटिश ग्रन्थालय संघ 1877, रीडर्स एण्ड राईटर्स कम्पनी 1879, लाइब्रेरी ब्यूरो 1882 की स्थापना तथा संचालन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। ड्यूई को एल्फ्रेड एवं सायराक्यूज विश्वविद्यालय द्वारा 1902 में मानद उपाधियाँ प्रदान की गयीं। कई अन्तराष्ट्रीय संगठनों की स्थापना का श्रेय भी ड्यूई को जाता है। ग्रन्थालय वर्गीकरण के इस महान विशेषज्ञ का देहावसान 1931 में हो गया।

(a) ऐतिहासिक पृष्ठभूमि (Historical Background)

ड्यूई को दशमलव वर्गीकरण पद्धति आधुनिक वर्गीकरण की प्रथम पद्धति है इसकी रचना को प्रारम्भ करने से पूर्व आपने अनेक ग्रन्थालयों का गहन अवलोकन किया तथा यह महसूस किया कि ग्रन्थालयों में ग्रन्थों का व्यवस्थापन विषयानुसार अधिक क्रमबद्ध, सहायक एवं सुविधाजनक सिद्ध होगा। ड्यूई ने इस पद्धति की रचना 1873 में ही प्रारम्भ कर दी थी एवं 1873–76 तक परीक्षण के तौर पर इसे अम्हर्स्ट कालेज ग्रन्थालय में प्रयोग किया गया। परीक्षण के दौरान प्राप्त सफलता के फलस्वरूप इसका प्रथम संस्करण 1876 में प्रकाशित किया गया। वर्तमान संस्करणों की भाँति इसके शीर्षक में ड्यूई का नाम सम्मिलित नहीं था अर्थात् यह 'ग्रन्थालयों में ग्रन्थों एवं पुस्तिकाओं को क्रमबद्ध एवं सूचीबद्ध करने के लिए वर्गीकरण और विषयानुक्रमणिका (A Classification anc Subject Index for Cataloging and Arranging the Books and Pamphlets of a Library) शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित हुआ था। इस संस्करण में कुल 44 पृष्ठ (12 पृष्ठ की भूमिका

12 पृष्ठों की अनुसूची 18 पृष्ठों की अनुक्रमणिका तथा 2 पृष्ठों में स्पष्टीकरण) थे। वर्तमान में इस पद्धति का 21यां संस्करण प्रकाशित हो चुका है तथा 22वाँ संस्करण 2003 में प्रकाशित होने की सम्भावना है।

(b) दशमलव वर्गीकरण पद्धति का आधार (Base of Decimal Classfication Scheme)

दशमलव वर्गीकरण पद्धति में विषयों के व्यवस्थापन पर हेरिस की पद्धति का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। हेरिस पद्धति की रूपरेखा बेकन की रूपरेखा के विलोमक्रम में है। इसलिये ये कहा जा सकता है कि डीडीसी बेकन एवं हेरिस की पद्धति पर आधारित रूपरेखा को निर्मित करता है। इसे निम्नलिखित प्रकार प्रस्तुत किया जा रहा है:–

बेकन पद्धति की रूपरेखा (1695)	हेरिस पद्धति की रूपरेखा (1870)	डीडीसी पद्धति की रूपरेखा (1876)
इतिहास	विज्ञान दर्शन, धर्म सामाजिक एवं राजनीतिक विज्ञान प्राकृतिक विज्ञान उपयोगी कला	सामान्य कृतियाँ दर्शन धर्म समाज शास्त्र भाषा शास्त्र विज्ञान उपयोगी कला
काव्य	कला ललित कला काव्य कथा साहित्य साहित्यिक ग्रन्थ	ललित कला साहित्य
दर्शन	इतिहास भूगोल एवं यात्रा जीवनी	इतिहास भूगोल एवं यात्रा जीवनी

डीडीसी पद्धति निरन्तर रूप से संशोधित हो रही है। यही कारण है कि यह पद्धति अद्यतन (Up to date) रहती है। इसका 19 वाँ संस्करण सन् 1979 में प्रकाशित हुआ यह संस्करण भी 18 वें संस्करण की भाँति तीन खण्डों में प्रकाशित हुआ जबकि इसके बाद के संस्करण 4 खण्डों में प्रकाशित किये गये हैं। इन संस्करणों में अनुसूची को दो खण्डों में व्यवस्थित कर सूचीबद्ध किया गया है जबकि अनुक्रमणिका के साथ नियमावली (Manual) को चतुर्थ खण्ड में प्रकाशित किया गया है।

19वें संस्करण के तीनों खण्डों का विवरण निम्नलिखित है–

(c) प्रस्तावना, सारणी (प्रथम खण्ड) (Introduction, Table - Volume 1)

इसके प्रथम खण्ड में पद्धति की प्रमुख विशेषताओं, उसकी मूल योजनाओं, प्रयोग की विधि एवं प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी है। यदि वर्गीकारों को ग्रन्थों को वर्गीकृत करने में किसी प्रकार की समस्या या कठिनाई महसूस होती है तो वे प्रस्तावना (प्रथम खण्ड) में दिये गये नियमों सें अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं या पृथक से प्रकाशित नियमावली का उपयोग इस सस्करण में किये गये विशेष प्रावधानों की जानकारी के लिये कर सकते हैं।

प्रथम खण्ड में ऐसी सात सारणियों का उल्लेख किया गया है जिनका प्रयोग स्वतंत्र रूप से नहीं किया जा सकता क्योंकि ये पूर्ण वर्गांक निर्मित नहीं करतीं। इन सारणियों के अंकनों को डैश (–) के

RIL-096

साथ वर्णित किया गया है इन्हें अनुसूची में उल्लिखित विषयों के साथ निर्धारित नियमानुसार जोड़ा जाता है अनुसूची में जुड़ने के बाद सारणियों में वर्णित अंकनों के डैश स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं। प्रथम खण्ड में निम्नलिखित 7 सारणियाँ दी गयी हैं–

1. सारणी –1 मानक उपविभाजन (Standard Subdivisions)
2. सारणी –2 भौगोलिक उपविभाजन (Areas)
3. सारणी –3 विशिष्ट सहित्यिक उपविभाजन (Subdivisions of Individual Literatures)
4. सारणी–4 विशिष्ट भाषाओं के उपविभाजन (Subdivisions of Individual Languages)
5. सारणी –5 प्रजातीय, मानववंशीय, राष्ट्रीय समूह (Racial, Ethnic, National Groups)
6. सारणी –6 भाषाएँ (Languages)
7. सारणी –7 व्यक्ति (Persons)

उपर्युक्त सात सारणियों में सारणी 1 सर्वमान्य एकलों की सारणी है क्योंकि इन्हें किसी भी विषय के साथ बिना निर्देश के जोड़ा जा सकता है। इस सारणी के अतिरिक्त द्वितीय, पाँचवी एवं सातवीं सारणी को भी सर्वमान्य एकलों की श्रेणी में रखा जा सकता है क्योंकि अनुसूची में निर्देशित अवस्था में तो इन सारणियों को जोड़ा ही जा सकता है लेकिन अनिर्देशित अवस्था में भी सारणी 1 के अंकन क्रमशः –09, –024 या –088, –089 की सहायता से इन सारणियों के अंकनों को प्रयुक्त किया जा सकता है।

तृतीय, चतुर्थ एवं छठवीं सारणी को विशिष्ट एकल की सारणी के अन्तर्गत रखा गया है क्योंकि तृतीय सारणी को सिर्फ मुख्य वर्ग साहित्य (800) ,चतुर्थ सारणी को मुख्य वर्ग भाषा (400) के साथ एवं छठवीं सारणी को बिना निर्देश के प्रयोग नहीं किया जा सकता।

(d) अनुसूची (द्वितीय खण्ड) (Schedules - Volumle -2)

द्वितीय खण्ड में सम्पूर्ण विषय जगत (Universe of Subjects) को सूचीबद्व किया गया है जबकि इन विषयों की संक्षिप्त रूपरेखा (Summary) को प्रथम खण्ड के अन्त में उल्लिखित किया गया है। द्वितीय खण्ड में विषय जगत को मुख्य वर्गों, मुख्य विभाजनों, उपविभाजनों आदि में विभाजित किया गया है। उपयोगकर्ताओं की सहायता की दृष्टि से अनुसूची में जगह– जगह समस्त विषयान्तर्गत रूपरेखा (Summaries) दी गयी है।

(e) सापेक्षिक अनुक्रमणिका (तृतीय खंड) (Relative Index – Volume -3)

अनुक्रमणिका को तृतीय खण्ड में व्यवस्थित किया गया है। इस पद्धति की एक मुख्य विशेषता इसकी सापेक्षिक अनुक्रमणिका है। सापेक्षिकता का तात्पर्य अनुसूची सहायक सारणियों में अनेक स्थानों पर बिखरे एक ही विषय के विभिन्न पक्षों को अनुक्रमणिका में एक ही विषय शीर्षक के अन्तर्गत समन्वित कर इनके वर्गाको द्वारा इंगित करना अर्थात् कोई एक पद का प्रयोग अनुसूची एवं सारणियों में कहाँ पर हुआ है, कितनी बार हुआ है तथा किस उद्देश्य एवं दृष्टिकोण से हुआ है को एक साथ वर्णानुक्रम (Alphabetical) में दिया गया है तथा इनके सामने सम्बन्धित वर्गांक दिये गये हैं जिनकी सहायता से अनुसूची एवं विभिन्न सारणियों में पहुँचा जा सकता है। अनुसूची से सम्बन्धित वर्गांकों के साथ कोई प्रतीक चिन्ह नहीं दिये गये हैं जबकि सारणियों से सम्बन्धित अंकनों के लिए प्रतीक चिन्ह प्रयुक्त किये गये हैं जैसे –

– प्रथम सारणी के लिए *s.s.*

– द्वितीय सारणी के लिए *area*

–	तृतीय सारणी के लिए	*lit. sub.*
–	चौथी सारणी के लिए	*lang. sub.*
–	पाँचवीं सारणी के लिए	*r.e.n.*
–	छठवीं सारणी के लिए	*lang.*
–	सातवीं सारणी के लिए	*pers.*

अनुक्रमणिका में दो प्रकार के सन्दर्भ देखिए एवं इन्हें भी देखिए (See and See also) भी दिये गये हैं।

उदाहरण :– Disputes see Conflicts

अर्थात् डिस्प्यूट्स के लिए कन्फ्लिक्ट्स देखें।

Dispensaries
Armed 355.72
S.a. spec. mil. branches

उदाहरण :– Hindi

language

linguistics		4 91.43
literature		8 91.43
s.a	*lang.*	-91431

उपर्युक्त उदाहरण में हिन्दी पद का प्रयोग भाषा, साहित्य एवं सारणी–6 के भाषा अंकन को स्पष्ट किया गया है।

Blood

analysis	363.256 2
banks	362.178 4
cancer	616.994 41
diseases	616.15

उपर्युक्त उदाहरण में ब्लड को कई उद्देश्यों से प्रयुक्त होने को अनुक्रमणिका में एक साथ प्रयुक्त किया गया है, को दर्शाया गया है।

(f) दशमलव वर्गीकरण की मौलिक संरचना

(Basic Structure of Decimal Classification)

दशमलव वर्गीकरण पद्धति में शुद्ध अंकन (Pure notation) का प्रयोग किया गया है। इसके अंकन का आधार बहुत ही संकुचित है जिसका कारण शुद्ध अंकन तो है ही साथ ही भारतीय–अरबी अंकों (Indo-Arabic numerals) का प्रयोग होने से अंकन पद्धति और भी अधिक संकुचित हो गयी है क्योंकि इन अंकों की संख्या सिर्फ 10(0-9) है। समस्त विषय जगत को इन्ही 10 वर्गो में व्यवस्थित किया गया है ये मुख्य वर्ग निम्नलिखित हैं–

0	Generalities	सामान्य कृतियाँ
1	Philosophy and their related disciplines	दर्शन एवं सम्बन्धित विषय

RIL-096

2	Religion	धर्म
3	Social Sciences	सामाजिक विज्ञान
4	Languages	भाषा
5	Pure Sciences	शुद्ध विज्ञान
6	Techonology (Applied Sciences)	प्रौद्योगिकी (व्यावहारिक विज्ञान)
7	The Arts	कलाएँ
8	Literature	साहित्य
9	General geography and history	सामान्य भूगोल एवं इतिहास

(g) दशमलव भिन्नात्मक पद्धति (Decimal Fraction System)

इस पद्धति में ज्ञान के विभाजन एवं उपविभाजन के लिए दशमलव भिन्न सिद्धान्त का प्रयोग किय गया है अतः मुख्य वर्गो को निम्नलिखित ढंग से दर्शाया जा सकता है–

0. 0	Generalities
0.1	Philosophy and their related disciplines
0.2	Religion
0.3	Social Sciences
0.4	Languages
0.5	Pure Sciences
0.6	Technology
0.7	The Arts
0.8	Literature
0.9	General geography and history

ड्यूई वर्गीकरण पद्धति द्वारा निर्मित वर्गांक के सम्पूर्ण अंक दशमलव अंक होते हैं। यही कारण है कि जब इसके वर्गांक का उच्चारण करते हैं तो सभी अंकों को एक साथ (जैसे पन्द्रह, तीन सौ अस्सी आदि) न बोलते हुए एक एक अंक का उच्चारण करते हैं, जैसे यदि 475 को उच्चारित करना हो तो चार सात पाँच पढ़ा जायेगा न कि चार सौ पचहत्तर। उपुर्यक्त मुख्य वर्गो के लिए 0.0 , 0.1 , 0.4 – 0.9 अंक वर्णित किये गये हैं लेकिन ऐसा सिर्फ वैचारिक स्तर तक ही सीमित है। इसे न तो लिखते समय प्रयुक्त किया जायेगा और न ही पढ़ते समय उच्चारित किया जायेगा अर्थात् पढ़ते एवं लिखते समय यह कल्पना की जाती है कि वर्गांक का प्रत्येक अंक दशमलव द्वारा विभाजित है। जब वर्गांक को लिखा जाता है तो प्रारम्भिक 0. (शून्य दशमलव) नहीं लिखते क्योंकि इनसे किसी तात्पर्य की अभिव्यक्ति नहीं होती तथा इसको लिखने से वर्गांक की संख्याओं में अनादश्यक रूप से वृद्धि हो जाती है। इसके वर्गांक को इस प्रकार पढ़ा जाता है:

576 - Five Seven Six न कि Five hundred and seventy six

इस पद्धति की एक विशेषता यह है कि इसके वर्गांक की संख्या न्यूनतम तीन होती है इनसे कम अंकों से कोई भी वर्गांक निर्मित नहीं किया जा सकता। इसका पालन करने के लिए आवश्यकतानुसार शून्य में वृद्धि की जाती है जैसे –

500 में दो शून्य का प्रयोग 5 के साथ किया गया है तथा 540 में एक शून्य का प्रयोग 54 के साथ किया गया है। इसी आधार पर ज्ञान जगत के प्रथम विभाजन में समस्त मुख्य वर्गों को निम्नलिखित प्रकार से व्यवस्थित किया गया है –

000	-	Generalities
100	-	Philosophy and related disciplines
200	-	Religion
300	-	Social sciences
400	-	Languages
500	-	Pure Sciences
600	-	Technology (Applied Science)
700	-	The arts
800	-	Literature
900	-	General geography and history

उपर्युक्त मुख्य वर्गो को पुनः 10 भागों में किया गया है। इसी प्रकार इसे बार – बार अधिक से अधिक 10 भागों में विभाजित किया गया है अर्थात् यह पद्धति दस विभाजन (Decachotomy) संरचना पर आधारित है जैसे – Pure Sciences -500 में –

500	-	Pure sciences
510	-	Mathematics
520	-	Astronomy and allied sciences
530	-	Physics
540	-	Chemistry and allied sciences
550	-	Science of earth and other worlds
560	-	Palaeontology
570	-	Life sciences
580	-	Botanical sciences
590	-	Zoological sciences
590	-	Zoological sciences को पुनः10 भागों में विभाजित किया गया है। जैसे–
590	-	Zoological sciences
591	-	Zoology
592	-	Invertebrates
593	-	Protozoa & other simple animals
594	-	Mollusca & molluscaidea
595	-	Other invertebrates
596	-	Chordata

597 - Cold blooded vertebrates

598 - Aves (Birds)

599 - Mammalia (Mammals)

595 को पुनः 7 भागों में विभाजित किया गया है–

595. 1 - Worms and related animals

595. 2 - Arthropoda

595. 3 - Crustacea and related classes

595. 4 - Arachnida

595. 5- Onychophora

595. 6- Progoneata

595. 7- Insecta (Insects)

इसी प्रकार अन्य मुख्य वर्गों को अधिकतम दस – दस भागों में विभाजित किया गया है इस प्रकार इस पद्धति में कुल 100 विभाजन (Divisions) हैं इन सौ विभाजन में प्रत्येक के पुनः 10 विभाजन किये गये हैं।

इस वर्गीकरण पद्धति में एक वर्गांक कम से कम तीन अंकों को मिलाकर निर्मित किया जाता है यदि वर्गांक में तीन से अधिक अंक होते हैं तो प्रथम तीन अंक के बाद दशमलव अंक अंकित करते हैं लेकिन यह दशमलव बिन्दु किसी प्रकार के अर्थ को निर्दिष्ट नहीं करता है। यदि वर्गांक में अंकों की संख्या 6 से अधिक होती है तो दशमलव अंक के बाद प्रत्येक तीन अंक के बाद एक अक्षर का स्थान रिक्त छोड़ा जाता है। जैसे 332, 332. 892, 332. 892 3

(h) सोपान क्रमिक अंकन (Hierarchical Notation)

इस पद्धति में सोपान क्रमिक अंकन का प्रयोग किया गया है इसमें प्रत्येक क्रमागत विभाजन द्वारा वर्गांक लम्बाई में एक अंक बढ़ जाता है। यह श्रृंखला क्रमशः बाँई से दायीं ओर बढ़ती जाती है। इसका वर्गांक सामान्य से विशिष्टता की ओर बढ़ता जाता है जैसे वर्गांक 611. 712 में –

6 - Technology

61 - Medical sciences

611 - Human anatomy

611.7 - Motor and Intigumentary organs

611.71 - Bones

611.712 - Of chest

(i) स्मृति सहायक (Mnemonics)

डीडीसी के अंकन में सुव्यवस्थित स्मरणशीलता की विशेषता का प्रयोग काफी किया गया है। काफी धारणाएं ऐसी हैं जो अनुसूची में सर्वत्र अथवा अनुविभागों (Sections) में प्रतीक संख्याओं से प्रस्तुत की गयी है। स्मरणशीलता का अर्थ होता है कि समान एकल विचारों को समान एकल अंकों द्वारा व्यक्त किया जाना। इस पद्धति में विषयों एवं ज्ञान शाखाओं को संश्लेषित करने हेतु एक ही प्रकार के विचारों को व्यक्त करने के लिए एक ही प्रकार के समान एकलों को प्रयुक्त करके इसमें स्मृति सुलभ साधनों (Memory aids) का समावेश किया गया है। इस प्रकार के अंकनों को प्रयोग कि

जाने पर एकरूपता की अभिव्यक्ति आती है। स्मरणशीलता की युक्तियाँ मुख्यतः इस प्रकार हैं–

मानक उपविभाजन के रूप में

-	Dictionary of Science	-	503
-	Dictonary of Medical Terms	-	610. 3
-	Dictonary of Subject Classification	-	025. 460 003

उपर्युक्त तीनों उदाहरणों में शब्दकोश के लिए अंकन '3' को क्रमशः एक, एवं तीन शून्यों के साथ अनुसूची में दिये गये नियमानुसार दर्शाया गया है। इसी प्रकार भौगोलिक उपविभाजन एवं भाषा, साहित्य मुख्य वर्ग तथा सारणी–6 के भाषा अंकनों में समान एकलों का प्रयोग कर स्मरणशीलता को वर्णित किया गया है जैसे–

English Language	-	420
English Literature	-	820
Eng.lang. Table-6	-	-21

नोटः उपर्युक्त उदाहरण में '2' अंकन English के लिए प्रयुक्त हुआ है।

(j) प्रमुख विशेषताएँ (Main Features)

इस पद्धति की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं –

1. यह सरल, स्पष्ट, उपयोगी एवं सुव्यवस्थित रूप से प्रकाशित प्रथम आधुनिक वर्गीकरण पद्धति है।
2. इसमें शुद्ध अंकन प्रयुक्त किया गया है जो सरल एवं व्यवहारिक है। इसमें भारतीय अरबी अंकों 0,1–9 का प्रयोग किया गया है जो लिखने, पढ़ने तथा याद रखने में सहायक है।
3. मानक उपविभाजनों के लिए अग्रताक्रम (Table of precedence) को प्रथम सारणी में सम्मिलित किया गया है। जिसका कार्य वर्गीकार को यह बताना है कि दो या अधिक मानक उपविभाजनों में से किसे प्राथमिकता देनी चाहिए।
4. ग्रेट ब्रिटेन के पुनर्संगठित स्थानीय प्रशासन के अनुरूप भौगोलिक उपविभाजन 41–42 (सारणी –2) को संशोधित किया गया है।
5. सारणी 3 में एक पूरक सारणी 3–ए जोड़ी गयी है जिसमें सारणी 3 में ही साहित्य के लिए अतिरिक्त विचारों को सूचीबद्ध किया गया है।
6. दशमलव अंकन पद्धति पर आधारित होने के कारण इसमें प्रयुक्त अंकन भी दशमलव भिन्नार्थी होते हैं जिससे इसकी विस्तारशीलता में वृद्धि हो गयी है।
7. इसकी अनुक्रमणिका सापेक्षिक, बहुत व्यापक एवं उपयोगी है जो इस पद्धति की प्रमुख विशेषता है।
8. निरन्तर संशोधित होने की वजह से नये– नये उत्पन्न विचारों का समावेश होता रहता है।
9. सात सहायक सारणियों की सहायता से इसकी वर्गीकरण क्षमता में वृद्धि हुई है।

(k) सीमाएँ (Limitations)

मुख्य रूप से इसमें निम्नलिखित दोष पाये गये हैं –

1. संकुचित आधार (Limited base)

RIL-096

2. सैद्धान्तिक दृष्टि से अपूर्ण (Uncompleted with scientific point of view)
3. अमेरिकन झुकाव (American biased)
4. अंकों का असमान आबंटन (Ununiformity in distribution of notation)
5. विषयों का दोषपूर्ण संस्थापन (Faulty arrangement of subjects)
6. अविवेकपूर्ण ढंग उपविषयों के अंकों का आवंटन (Two Assignment of notation to ancillary subjects in irrational method) आदि।

1.3 प्रायोगिक वर्गीकरण के नियम (Rules for Practical Classification)

1. यदि ग्रन्थ में दो विषयों का उल्लेख हो तथा दोनो को ही समान महत्व दिया गया हो इस स्थिति में जिस विषय को अनुसूची में पहले वर्णित किया गया हो, उस विषय के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाना चाहिए।
2. ग्रन्थ का विषय निर्धारित करते समय ग्रन्थ की रचना का उद्देश्य एवं लेखक के मंतव्य को ध्यान में रखना चाहिए।
3. ग्रन्थों को उस विषय के अन्तर्गत रखना चाहिए जो पाठकों के लिए सर्वाधिक उपयोगी हो।
4. अनुक्रमणिका द्वारा प्राप्त वर्गांक को अनुसूची से प्रमाणित करने के बाद ही प्रयोग में लाना चाहिए।
5. ग्रन्थ को मात्र आख्या के आधार पर वर्गीकृत नहीं करना चाहिए क्योंकि कभी – कभी आख्या अस्पष्ट ही नही बल्कि भ्रामक भी होती है। इसलिए विषय को निर्धारित करने के लिए ग्रन्थ की उप आख्या विषय सूची, प्राक्कथन तथा भूमिका आदि का अध्ययन करना चाहिए।
6. यदि किसी ग्रन्थ में किसी विषय के दो या तीन उपविषयों का विवेचन किया गया हो तो ग्रन्थ को उस उपविषय में वर्गीकृत करना चाहिए जो सबसे प्रमुख एवं अधिक उपयोगी हो।
7. यदि किसी ऐसे विषय में सम्बन्धित ग्रन्थ को वर्गीकृत किया जाना हो, जिसके लिये उपयुक्त वर्गांक अनुसूची में नही दिया गया हो तो उस ग्रन्थ को ऐसे विषय के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाना चाहिए जो कि उस विषय के सबसे अधिक नजदीक हो।
8. अनुवाद, समीक्षा, कुंजी, प्रश्नोत्तर आदि से सम्बन्धित ग्रन्थों का वर्गीकरण मौलिक ग्रन्थों के साथ ही किया जाना चाहिए।

1.4 डीडीसी के प्रयोग सम्बन्धी नियम

वर्गीकार को वर्गीकरण करते समय प्रत्येक निर्देश व टिप्पणी को ध्यान में रखना चाहिए, ये निर्देश अनुसूची, सात सारणियों एवं अनुक्रमणिका में कहीं पर भी दिये गये हो सकते हैं। इस पद्धति में जगह – जगह कई प्रकार के निर्देश दिये गये हैं जिन्हें जान लेना तथा वर्गीकरण करते समय इनका पालन करना अतिआवश्यक है।

(a) **शीर्षक (Headings)** - किसी शब्द या पद को किसी विशिष्ट शीर्षक द्वारा प्रकट किया जाता है यह इतना विस्तृत होता है कि अपने अधीनस्थ सभी प्रविष्टियों को सम्मिलित कर

लेता है। यदि किसी शीर्षक के दो पदो में से अन्तिम पद को वृत्ताकार कोष्ठक ( ) में रखा हो तो वह निकटतया या पूर्णतया प्रथम पद का पर्यायवाची होता है।

जैसे	010.42	Analytical (Descriptive) Bibliography
	492	Netherlands (Holland) - Table -2
	549 3	Shrilanka (Ceylon) - Table -2
	600	Technology (Applied Science)
	378.155	Higher level institutions (Universities)

(b) **केन्द्रित शीर्षक (Centered Headings)** - किसी एक पहलू को प्रदर्शित करने के लिए एक से अधिक अंकनों का प्रयोग किया जाता है ऐसी अवस्था में यह निर्देश दिया गया होता है कि इसके अन्तर्गत वर्गीकृत करें।

जैसे	616.1 - 616.9	Specific Disease
	342 - 347	Law of individual states and nations

(c) **परिभाषा एवं व्याख्यात्मक टिप्पणी (Definition and Explanatory Notes)** - कभी – कभी जब विषय के क्षेत्रा की जानकारी न हो तो उसके अन्तर्गत दी गयी सूचना का अध्ययन करना चाहिए क्योंकि विषयान्तर्गत इनकी व्याख्या दी गई होती है।

जैसे – अनुसूची में 711 Area Planning (Civic art) के नीचे निम्नलिखित परिभाषा दी गयी है –Design of physical environment for public welfare, convenience pleasure.

(d) **उदाहरण टिप्पणी (Example Notes)** - इस प्रकार की टिप्पणी में विषय अथवा विषयात्मक अवधारणाओं का समावेश किया गया है।

जैसे – 355. 133 23 Enforcement

Use of military police, criminal investigation..

(e) **विषय क्षेत्र निर्धारक टिप्पणी (Scope Notes)** - विषय और उसके उपविभाजनों की विशिष्टताओं का उल्लेख सम्बन्धित शीर्षकों के नीचे उनके विषय क्षेत्र को स्पष्ट करने के लिए टिप्पणियाँ दी गयी हैं।

जैसे	621.483 1	Reactor Physics
		Theory, description, testing of physical phenomena occuring with in reactors.

(f) **समावेश टिप्पणी (Inclusive Notes)** - कुछ ऐसे उपविषय हैं जिन पर पर्याप्त साहित्य अभी भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे उपविषयों को उन उपविषयों के अन्तर्गत रखने का प्रावधान किया गया है जो उन शीर्षकों के विषय क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं आते।

जैसे	333.72	Conservation & protection
		Including reclamation
	351.832	Labour relation

(g) **पूर्व टिप्पणी (Formerly Notes)** -पद्धति में कुछ अंकन के सामने दिये गये पद के साथ () कोष्ठक में पूर्व टिप्पणी निर्देश है अर्थात् पूर्व के संस्करण में इसके लिए क्या अंकन प्रयुक्त हुआ था, का संकेत मिलता है।

जैसे 002 The Book (formerly 001. 552)

481.02 Translation and interpretation

Class here machine translation [formerly 029. 756]

1.5 अनुदेश टिप्पणियाँ (Instruction Notes)

उपर्युक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित अनुदेश टिप्पणियाँ (Instruction Notes) अनुसूची में दी गयी हैं, जिनका पालन वर्गीकरण करते समय अवश्य किया जाना चाहिए।

(a) ***यहाँ वर्गीकृत कीजिये (Class here .....)*** – *यहाँ वर्गीकृत कीजिये टिप्पणी* के अन्तर्गत उसे उसी शीर्षक के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाता है, जिसके अन्तर्गत टिप्पणी दी गयी होती हैं।

जैसे 340 Law

Class here jurisprudence

(b) **वैकल्पिक प्रावधान (Optional Provision)** – अनुसूची में कहीं –कहीं पर अनुसूची में एक ही पद या विशिष्ट विषय के लिए निर्धारित वर्गांक के अतिरिक्त वैकल्पिक वर्गांक भी दिये गये हैं एवं वहाँ पर यह भी स्पष्ट किया गया है कि किस वर्गांक को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सारणी में भी ऐसे प्रावधान है।

जैसे – -016 Indexes (Table -1)

(It is optional to class here subject bibilographies and catalogs;

prefer 016)

-54 India (Table -2)

(It is optional to class here ancient India; prefer-34)

330

[.159] socialist and related schools

(Use of this number is optional prefer 335)

(c) अनुसूची के साथ सहायक सारणियों के अंकों को जोड़कर विशिष्टता प्रदान की जाती है इन सारणियों को निर्धारित नियमों के आधार पर प्रयुक्त किया जाता है। इसके लिए विस्तृत नियमों का उल्लेख आगे सम्बन्धित इकाई में किया है। इसे निम्नलिखित उदाहरणों से समझा जा सकता है–

330.9 Economic situtation and condition

.91-.99 Geographical treatment

Add area notation 1-9 from table 2 to base number 330.9

305.6 Adherents of religious groups

Add to base number 305.6 the number following 2 in "persons" notation 21-29 from table -7

(d) अनुसूचियों से जोड़िये टिप्पणियों के अन्तर्गत एक मुख्य वर्ग में दूसरे मुख्य वर्ग की सम्पूर्ण संख्या या उस संख्या के कुछ भाग को हटाते हुए प्रयोग करने के निर्देश दिये गये हैं–

जैसे 026 Libraries devoted to various specific discipline and subjects
के अन्तर्गत Add 001-999 to base number 026

616.995 Tubeculosis के अन्तर्गत

Add to base number 616.995 the number following 611 in 611.1-611.9

(e) अनुसूची में कहीं – कही पर अनुसूची एवं सारणी के अंकन अर्थात् दोनो को एक साथ जोड़ने के निर्देश दिये गये हैं जैसे 305.6, 305.7 एवं 305.8 के अन्तर्गत दिये गये निर्देश।

(f) अनुसूची में कुछ वर्गांको के नीचे "अन्यत्र वर्गीकृत कीजिए" के निर्देश दिये गये हैं। जिस शीर्षक के नीचे ऐसी टिप्पणी दी गयी है उसे वहाँ न वर्गीकृत करें बल्कि निर्देशित वर्गांक के अन्तर्गत वर्गीकृत करें।

जैसे 361.615 Relation of public and private sectors

class welfare state in 361.65

(g) अनुसूची में कहीं –कहीं पर इस प्रकार के निर्देश भी दिये गये है।

294.406 के अन्तर्गत

class religious organisation in 294.465

(h) कहीं –कहीं पर किसी पद को देखने के लिए सन्दर्भ टिप्पणियाँ भी दी गयी हैं इसलिए इसे वहीं पर देखना चाहिए जहाँ के लिए सन्दर्भित किया जाता है।

जैसे 181.45 Yoga

for physical yoga, see 613.704 6; Hindu yogic meditation 294.543

(i) किसी विषय से सम्बन्धित व्यापक/विस्तृत कार्य को वर्गीकृत करने के लिए भी सम्बधित वर्गांक के अन्तर्गत निर्देश दिये गये हैं –

जैसे 297.122 1 - 297.122 8 General principles

Class comprehensive works in 297.122

(j) जिन वांछित शीर्षकों के अंकनों को बड़े कोष्ठक [ ] में अंकित किया जाता है। उनके सामने दिये गये पद के नीचे 'Not to use, class in ..... का निर्देश दिया गया हो तो उसे प्रयोग न करते हुए जहाँ पर वर्गीकृत करने (Class in .....) का निर्देश हो वहाँ पर वर्गीकृत करना चाहिए।

जैसे 020 Library and information science

[.603-.609] National, state, provincial, local organizations

Do not use, class in 020.622-020.624

(k) जो नम्बर स्थगित हो गये हैं उनके वर्गांक को वर्गाकार[ ] बडे कोष्ठक में दिया गया है तथा नीचे Number discontineud, class in..... निर्देश दिये गये हैं।

जैसे 113 Cosmology (Philosophy of nature)

[.6] Cosmic harmony

Number discontinued ; class in 113

(l) कहीं –कहीं पर वर्गांक तथा उनके लिए प्रयुक्त हुए पद दोनो को ही बड़े कोष्ठक वर्गाकार [ ] में अंकित किया गया है। ऐसे वर्गांक अप्रयुक्त होते हैं।

जैसे [006] [unassigned]

most recently used in Edition 16

[008] [never assigned]

(m) इस संस्करण में कुछ शीर्षक ऐसे हैं जिनके लिए पूर्व संस्करणों में दूसरा शीर्षक प्रयोग किया जाता था वहाँ पर पूर्व प्रयुक्त टिप्पणियाँ दी गयी है।

021 Library relationships

Former headings : The library and society

002 The book [Formerly 001.552]

(n) कुछ अंकनों में तारांकन (*) एवं कटार ✞चिन्ह अंकित रहता है इनकी सहायता से उस पृष्ठ पर सबसे नीचे अंकित निर्देश पढ़ना चाहिए फिर वह जिस केन्द्रित शीर्षक के अन्तर्गत वर्गीकृत करने के लिए इंगित कर रहा हो, वहाँ जाकर आवश्यकतानुसार अंकन जोड़ते हुए हुए अन्य निर्देश का पालन किया जा सकता है।

जैसे 616.995 * Tuberculosis

पृष्ठ में सबसे नीचे * Add as instructed under 616.1 - 616.9 दिया गया है।

उपर्युक्त समस्त नियम वर्गीकार को शीर्षक को वर्गीकृत करते समय अवश्य पढ़ना चाहिए ताकि सही वर्गांक निर्मित हो सके एवं त्रुटियों से बचा जा सके।

इकाई 2 सारणी 1– मानक उपविभाजन एवं सारणी 2–भौगोलिक उपविभाजन

TABLE 1- STANDARD SUBDIVISIONS AND TABE 2- AREAS.

संरचना

2.0 उद्देश्य

2.1 मानक उपविभाजन

2.1.1 अर्थ एवं परिभाषा।

2.1.2 मानक उपविभाजनों के प्रकार

2.1.3 मानक उपविभाजनों के प्रयोग सम्बन्धी निर्देश

2.1.4 सारणी 1 के साथ भौगोलिक क्षेत्र का प्रयोग

2.1.5 सारणी 1 के साथ सारणी 5 एवं 7 का प्रयोग

2.1.6 वैकल्पिक प्रावधान

2.1.7 वर्गीकृत शीर्षक

2.2 भौगोलिक उपविभाजन

2.2.1 परिचय

2.2.2 भौगोलिक उपविभाजन का अंकन खोजने की विधि

2.2.3 भौगोलिक उपविभाजनों के प्रयोग के नियम

2.3 वर्गीकृत शीर्षक

2.0 उद्देश्य (Objectives of the Unit)

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं।

- मानक उपविभाजनों का अर्थ, स्पष्ट कर इनके प्रकारों की गणना कराना।
- सारणी 1 – मानक उपविभाजन के प्रमाण का ज्ञान कराना।
- सारणी 1 के साथ सारणी 2, सारणी –5 एवं सारणी 7 के प्रयोग का ज्ञान कराना
- सारणी 2 – भौगोलिक क्षेत्र के प्रयोग का ज्ञान कराना।

2.1 मानक उपविभाजन (Standard Subdivisions)

2.1.1 अर्थ एवं परिभाषा (Meaning and Definition)

वर्तमान में ग्रन्थ विभिन्न दृष्टिकोणों से लिखे जाते हैं एवं विभिन्न रूपों में प्रकाशित किये जाते हैं इस

इकाई में मानक उप विभाजन का तात्पर्य उनकी उपयोगिता तथा उपयोग किये जाने के नियमों का उल्लेख किया गया है। यह सारणी स्वतंत्र रूप से प्रयोग होने वाली सारणी है अर्थात् इनको प्रयोग करने के लिए निर्देश की आवश्यकता नहीं होती। इस सारणी के अंकनों को कभी अकेले प्रयुक्त नहीं किया जाता। सारणी में अंकन डैश (–) के साथ दिये गये हैं, परन्तु विशिष्ट विषय के साथ जोड़ने पर डैश स्वतः ही समाप्त हो जाता है। इस इकाई में मानक उपविभाजनों के प्रयोग को विस्तृत रूप से समझाया गया है।

ग्रन्थालयों में ग्रन्थों के वर्गीकरण का मुख्य आधार विषय होता है। वर्तमान युग में ग्रन्थ अनेक दृष्टिकोणों से लिखे जाते हैं जिन्हें विभिन्न रूपों में प्रकाशित किया जाता है। कुछ विषय ऐसे होते हैं जो विषय के सैद्धान्तिक दृष्टिकोण पर आधारित होते हैं जबकि कुछ ग्रन्थ विषय की रूपरेखा को निरुपित करते हैं। कुछ ग्रन्थ उस विषय के ऐतिहासिक पहलू को स्पष्ट करते हैं तथा कुछ ग्रन्थ विषय के संकलन, विश्वकोश, शब्दकोश, वार्षिकी, निर्देशिका आदि के रूप में प्रकाशित होते हैं। ऐसे ग्रन्थ विवेचन एवं वर्गीकरण की दृष्टि से विशेष महत्व के होते हैं। उपयोगकर्ताओं की सुविधा एवं इन ग्रन्थों को शीघ्रातिशीघ्र उपयोगकर्ताओं को प्रदान करने की दृष्टि से ग्रन्थालय में इन्हें आवश्यकतानुसार अलग – अलग व्यवस्थित किया जाता है। लगभग सभी वर्गीकरण पद्धतियों में ऐसे ग्रन्थों को दर्शाने हेतु रूप विभाजन की व्यवस्था की गयी, जिन्हें समस्त वर्गीकरण पद्धतियों में पृथक नाम से जाना जाता है। इस तरह के सामान्य उप विभाजनों को विभिन्न विषयों के साथ समान पद व समान अंकनों द्वारा अभिव्यक्त किया जा सकता है। ऐसे उपविभाजनों को डीडीसी के द्वितीय संस्करण से बारहवें संस्करण तक रूप विभाजन, तेहरवें संस्करण में सामान्य उपविभाजन (Common sub-division), चौदहवें संस्करण में एकरूप उपविभाजन (Uniform sub-division), पन्द्रहवें से सोलहवें संस्करण में पुनः रूप विभाजन (Form divisions) तथा सत्रहवें से इक्कीसवें संस्करण अर्थात् वर्तमान संस्करण में मानक उपविभाजन (Standard sub-division) के नाम से इनका उल्लेख किया गया है।

इस सारणी में दिये गये समस्त उपविभाजन न तो कोई विषय हो सकते हैं, न ही स्वयं पूर्ण वर्गांक हो सकते हैं और न ही इन्हें अकेले प्रयुक्त किया जा सकता है। इन्हें सारणी में डैश (–) के साथ सूचीबद्ध किया गया है। जब इन अंकनों को किसी विषय के साथ जोड़ते हैं तो डैश स्वतः ही समाप्त हो जाता है। इन मानक उपविभाजनों को अनुसूची में दिये गये किसी भी अंकन के साथ आवश्यकता पड़ने पर बिना निर्देश के प्रयुक्त किया जाता है। मानक उपविभाजनों को शून्य के साथ सूचीबद्ध किया गया है लेकिन इनका प्रयोग हमेशा एक समान रूप से नहीं होता इसलिए इनके प्रयोग सम्बन्धी सावधानी रखना अतिआवश्यक है ताकि त्रुटियों से बचा जा सके। कभी इनका प्रयोग शून्य को हटाते हुये, कभी 1, 2, 3, 4 शून्य के साथ किया जाता है। इन उपविभाजनों का प्रयोग किस प्रकार किया जाना है यह उस विषय के ऊपर निर्भर करता है जिस विषय के साथ इन उपविभाजनों को प्रयुक्त होना है।

मानक उपविभाजनों को प्रत्येक मुख्य वर्ग में अलग – अलग वर्णित करना उचित नहीं था क्योंकि ये सर्वसामान्य उप–विभाजन हैं जिन्हें किसी भी विषय के साथ जोड़ा जा सकता है इससे अनुसूची के आकार में वृद्धि भी नहीं होती। डीडीसी में मानक उपविभाजनों का प्रयोग इसके द्वितीय संस्करण (1885) से किया जा रहा है।

इन उपविभाजनों को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है –

- ऐसे उपविभाजन/एकल जिनका प्रयोग आवश्यकता पड़ने पर अनुसूची में वर्णित किसी भी मुख्य वर्ग या उनके उपविभाजन के साथ बिना किसी निर्देश के किया जा सके।
- विषयों अथवा ज्ञान क्षेत्रों के निरूपण के लिए प्रयुक्त ऐसे रूप जो सामान्यतया सभी विषयों पर लागू हो सकते हैं।
- A table of notations designating certain frequently recurring

forms or methods of treatment applicable to any subject or discipline. May be added, as required to any number in the schedules.

मानक उपविभाजनों को प्रथम खण्ड की प्रथम सारणी में वर्णित किया गया है। इन्हें मुख्य रूप से 9 वर्गो में विभाजित कर सूचीबद्ध किया गया है–

-01 Philosophy and Theory	दर्शन एवं सिद्धान्त
-02 Miscellany	विविध
-03 Dictionaries, Encyclopaedias Concordances	शब्दकोश, विश्वकोश शब्दानुक्रमणिकाएं
-04 Special topics of general applicabiity	सामान्य प्रयोग के विशिष्ट प्रकरण
-05 Serial Publications	क्रमिक प्रकाशन
-06 Organisations and Management	संस्थाए एवं प्रबन्ध
-07 Study and Teaching	अध्ययन एवं अध्यापन
-08 History and description of the Subject among groups of Persons	व्यक्तियों के समूह के मध्य विषय का इतिहास व विवरण
-09 Historical and Geographical treatment	ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विवरण

2.1.2 मानक उपविभाजनों के प्रकार (Types of Standard Subdivisions)

मानक उपविभाजनों के विभिन्न प्रकार मुख्य रूप से निम्नलिखित हैं –

1. ऐसे उपविभाजन जो ग्रन्थात्मक रूप को दर्शाते हैं जैसे विश्वकोश, सामयिक प्रकाशन इत्यादि।
2. वाह्य स्वरूप एवं विशिष्ट दृष्टिकोणों से सम्बन्धित जैसे सारांश (Synopsis) रूपरेखा (Outline) इत्यादि।
3. ऐसे उपविभाजन जो सीमित परिस्थितियों में सम्पूर्ण विषय को प्रस्तुत करते है जैसे – क्षेत्र, ऐतिहासिक काल, एवं व्यक्तियों के प्रकार
4. आन्तरिक संरचना एवं दृष्टिकोण से सम्बन्धित जैसे सिद्धान्त, तकनीक, इतिहास, अध्ययन एवं अध्यापन।
5. मिश्रित उपविभाजन जैसे– जीवनियाँ ।
6. ऐसे उपविभाजन जो विषय के बारे में विशिष्ट प्रकार की सूचनाएं प्रदान करने में सहायक होते हैं जैसे निर्देशिकाएं, उत्पाद सूची आदि।
7. ऐसे विभाजन जो विषय का उसके उपयोगकर्ता से सम्बन्ध स्थापित करने में सहायक होते हैं जैसे विषय एक व्यवसाय की तरह, विशिष्ट उपयोगकर्ताओं के लिए कार्य।

2.1.3 मानक उपविभाजन के प्रयोग सम्बन्धी निर्देश
(Instructions Related to Use of Standard Subdivisions)

1. मानक उपविभाजन के प्रयोग से सम्बन्धित निर्देश की आश्वयकता नहीं होती। ये किसी भी मुख्य वर्ग के साथ आवश्यकता पड़ने पर प्रयुक्त हो सकते हैं।

2. इनका कभी स्वतंत्र प्रयोग नहीं होता ।

3. ये पूर्ण वर्गांक नहीं होते और न ही किसी विषय को इंगित करते हैं, इनका प्रयोग अनुसूची में वर्णित वर्गांक के साथ होता है।

4. प्रत्येक मानक उपविभाजन एक शून्य से प्रारम्भ होता है लेकिन यदि निर्देश हो तो निर्देशानुसार इन्हें बिना शून्य के या एक से अधिक शून्यों के साथ जोड़ा जाता है।

5. किसी एक वर्ग संख्या के साथ मानक उपविभाजन का प्रयोग सिर्फ एक बार ही किया जा सकता है। यदि ग्रन्थ के विषय में मानक उपविभाजन से सम्बन्धित तत्व एक से अधिक बार प्रयुक्त हुए हों तो केवल उपविभाजन को ही प्राथमिकता के आधार पर चुना जायेगा। प्राथमिकता का निर्धारण अग्रताक्रम तालिका (Table of precedence) की सहायता से किया जायेगा। यह सारणी प्रथम तालिका के प्रारम्भ में पृष्ठ संख्या 1 पर दी गयी है।

6. कभी –कभी अनुसूची में विषय के साथ ही मानक विभाजन का उल्लेख मिलता है अगर ऐसा हो तो अनुसूची में वर्णित वर्गांक को ही प्राथमिकता प्रदान की जानी चाहिए। सारणी में वर्णित उपविभाजन को नहीं। यदि आवश्यकता पड़ती है तो सारणी 1 से वर्गांक को विस्तार किया जा सकता है।

उदाहरण 1 : History of Teaching of Medical Science with special reference to human anatomy.

अनुसूची में मुख्य वर्ग 611 (Human anatomy, cytology, tissue biology) के नीचे .001- .009 standard subdivisions of human anatomy के अंकनों को सारणी 1 से लाने का निर्देश है। इस शीर्षक में दो मानक उपविभाजनों -09 History तथा -07 Study and teaching का प्रयोग हुआ है। अग्रताक्रम तालिका देखें तो Study and Teaching को History पर वरीयता प्राप्त है। अत उपर्युक्त शीर्षक का वर्गांक निम्नलिखित होगा:

611 + -007 = 611.007

2. Organisation of Library and Information Centre.

अनुसूची में मुख्य 020 (Library and Information Science) के नीचे कुछ मानक उपविभाजनों का उल्लेख है। इसलिए इनसे सम्बन्धित विचारों की अभिव्यक्ति के लिए इन्हीं अंकनों का प्रयोग किया जायेगा न कि सारणी 1 के अंकनों का

020. 6

3. Personnel Management of Library and Information Centre

मुख्य वर्ग 020 में .6 Organisation and Management (मानक विभाजन) का उल्लेख किया गया है चूंकि इस उदाहरण में कर्मचारी प्रबन्ध का वर्णन है इसलिए वर्गांक को सारणी 1 से विस्तार किय जायेगा।

020. 6+ [-06]83 = 020.683

अग्रताक्रम में तालिका का प्रयोग (Use of Table of Precedence)

जब एक ही शीर्षक में दो या अधिक उपविभाजनों का प्रयोग हुआ हो तो वर्गीकार के सामने ये समस्या आ जाती है कि वह उनमें से किसका प्रयोग करे अर्थात् किसे प्राथमिकता दे। इस समस्या का समाधान अग्रताक्रम तालिका से किया जाना चाहिए। यह तालिका वर्गीकार को यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि जब विषय के प्रारूप में दो या दो से अधिक मानक उपविभाजनों को प्रयुक्त किया गया हो उसमें विषय का वर्गांक बनाने के लिए किस मानक विभाजन को प्रयुक्त किया जायेगा। मानक उपविभाजन की सारणी में समस्त उपविभाजनों को प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है। इसी सारणी के आधार पर मानक उपविभाजन का चुनाव किया जाना चाहिए।

उदाहरण Serials on History of Chemistry

इस उदाहरण में ग्रन्थ का विषय 'Chemistry' है तथा इसमें दो मानक उपविभाजन Serials तथा History का प्रयोग हुआ है अग्रताक्रम तालिका में -09 History को -05 Serials पर वरीयता प्रदान की गयी है। इसलिए इसका वर्गांक बनाते समय -05 Serials को छोड़ दिया गया है।

54[0] + -09 = 540. 9

मानक उपविभाजनों के प्रयोग में अपवाद
Exceptions in use of Standard Subdivisions)

डीडीसी में एक शीर्षक में सिर्फ एक ही मानक उपविभाजन का प्रयोग किया जाता है इसके बावजूद कहीं कही पर अपवाद देखने को मिलते हैं। जैसे –

1) -04 Special topics of general applicability के नीचे यह निर्देश दिया गया है कि इस उपविभाजन को प्रयोग में तभी लाएं जब अनुसूची में यह विशिष्ट रूप से उल्लिखित किया गया हो कि इसके तथा इसके उपविभाजनों के बाद जब आवश्यक हो तो सारणी 1 में वर्णित मानक उपविभाजन -01 से -09 में दिये गये अन्य मानक उपविभाजनों को भी जोड़ा जा सकता है।

उदाहरण Finanical management of private schools

372.104 22 Private Schools
-068 1 Financial management

वर्गांक = 372. 104 220 681

2) जब किसी मुख्य वर्ग के अन्तर्गत मानक उपविभाजनों का अर्थ परिवर्तित कर या विस्तृत कर सूचीबद्ध किया गया हो तो इस वर्गांक के पश्चात् सारणी 1 में दिये गये उपविभाजनों का प्रयोग पुनः किया जा सकता है।

उदाहरण Periodicals on Vocational Education

370. 1		Philosophy, Theories
.113		Vocational Education
-05		Serials (T.1.)
वर्गांक	=	370.113 05

3) कभी – कभी मानक उपविभाजन वाले विचार को अनुसूची के विषय में सम्मिलित कर लेया जाता है किन्तु इनके प्रारम्भ में लगे शून्य को हटा दिया जाता है। ऐसा -09 Historical and Geographical treatment के लिए प्रायः देखा गया है।

उदाहरण An Index of British Penal Institutions

365 - Penal and related institutions

9- -Historical, Geographical treatment

-Add to notation -1 -9 from table 2 to base no. 365.9

(T.2) (T.1)

वर्गांक = 365.9 + -41 + -016 = 361.941 016

शून्यों का विलोपन (OMMISSION OF ZEROES)

मानक उपविभाजनों को हम किसी भी विशिष्ट विषय के साथ दो अवस्थाओं में प्रयुक्त कर सकते हैं – निर्देश होने पर तथा निर्देश न होने पर। जब अनुसूची में सारणी 1 को प्रयोग करने से सम्बन्धित किसी प्रकार का निर्देश दिया गया हो तो हमें वर्गांक को इसी निर्देशानुसार वर्गीकृत करना चाहिए। यदि अनुसूची मे इनको प्रयुक्त करने के लिए निर्देश न दिये गये हों तो नियमानुसार शून्यों को विलोपन किया जाना चाहिए।

(a) निर्देश न होने पर :–

(1) यदि विशिष्ट विषय के वर्गांक के अन्त में 'शून्य' न हों तथा मानक उपविभाजन को प्रयोग करने का निर्देश भी नहीं दिया गया हो तो वर्गांक इस प्रकार निर्मित किया जायेगा–

उदाहरण

1. Manual of Criminology
   364 + -020 2 = 364.020 2
2. Research on D.D.C
   025.431 + -072 = 025.431 072
3. Philosophy of Hinduism
   294.5 + -01 = 294.501
4. Study of Steam locomotives
   625.261 +-07 = 625.261 07

(2) जब विशिष्ट विषय का वर्गांक एक शून्य के साथ समाप्त होता हो तथा साथ में सारणी 1 को प्रयुक्त करना हो तो एक शून्य को हटाते हुए वर्गांक निर्मित किया जायेगा। जैसे

उदाहरण

1. Dictionary of Chemical terms
   54[0] + -03 = 540.3
2. Awards in medicine
   61[0] + -079 = 610.79
3. Formulas of Chemistry
   54[0] + -021 2 = 540.212.

(3) जब विशिष्ट विषय का वर्गांक दो शून्यों के साथ समाप्त होता हो तथा दशमलव बिन्दु के बाएं तरफ दो शून्य तथा दाँये तरफ एक शून्य हों तो वर्गांक निर्मित करते समय दो शून्यों को हटा दिया जायेगा।

उदाहरण

1 History of Science

5[00] + -09 = 509

2. Encyclopaedia of applied sciences

6[00] + -03 = 603

3. Literary Organisations

8[00] + -06 = 806

4. Serial publications of fine and decorative arts

7[00] + -05 = 705

(b) निर्देश होने पर :–

जब अनुसूची में निर्देशित किया गया हो कि मानक उपविभाजन का प्रयोग शून्य हटाते हुए करना है या एक, दो, तीन, चार शून्य के साथ , तो हमें इस निर्देश का पालन सख्ती से करना चाहिए भले ही वर्गांक में दशमलव बिन्दु से पहले एक शून्य या दो शून्य प्रयुक्त हुए हों। ऐसा प्रावधान अनुसूची में पहले से ही शून्य के साथ दिये गये विभाजन एवं सारणी 1 के उपविभाजनों की स्पष्टता को व्यक्त करने के लिए एवं उपयुक्त विश्लेषण हेतु किया जाता है।

उदाहरण 1 Philosophy of Library & Society

021 Library and Society

यहाँ पर मानक उपविभाजन के अंकनों को दो शून्य के साथ प्रयोग करने का निर्देश है। अतः वर्गांक इस प्रकार निर्मित किया जायेगा :

021 + -001 = 021.001

इसी प्रकार

2. Scales in land economics

333 + -002 28 = 333.002 28

3. Teaching of Social law in University

344 + -007 11 = 344.007 11

4. Classification of Vertebrates

596 + -001 2 = 596.001 2

5 Study of Curriculums

नोट – यहाँ पर सारणी 1 को तीन शून्यों के साथ प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया गया है। अतः वर्गांक इस प्रकार निर्मित किया जायेगा।

RIL-096

375 + -000 7 = 375. 000 7

इसी प्रकार

6. Periodical of Public administration

350 + -000 5 = 350.000 5

7. Directory of special libraries

026 + -000 25 = 026.000 25

8. Manual of Subject classification

025.46 + -000 202 = 025.460 002 02

1. Glossary of Botany in English

581+-03 + -21 = 581.032 1

2. Dictionary of Medical Terms

61[0] + -03 = 610.3

नोट - English Dictionary में 3 को सारणी 4 से लिया गया है।

2.1.4 सारणी 1 के साथ भौगोलिक क्षेत्र का प्रयोग

(Use of area with Table -1)

जब किसी विशिष्ट विषय के साथ किसी भौगोलिक क्षेत्र को जोड़ने की आवश्यकता हो तो विषय के साथ सीधे जोड़ने के निर्देश अनुसूची में दिये गये हैं लेकिन यदि निर्देश न दिये गये हों तो सारणी से –09 लेते हुए सारणी 2 के किसी भी अंकन का प्रयोग किया जा सकता है। जैसे –

उदाहरण

1. Agricultural sociology of underdeveloped Countries

307.72 + 09 + -172 4 = 307.720 917 24

2. Human disease in Madhya Pradesh

616+-009 + -543 = 616.009 543

3. Military Science in India

355 + -009 + -54 = 355.009 54

4. Social structure of China

305 + -09 + -51 = 305.095 1

नोट – उपर्युक्त उदाहरण 2व 3 में 9 को दो शून्य के साथ निर्देशानुसार प्रयोग किया गया है।

इसी प्रकार Industrial Research in India

6[00] + 072 0 + -5 4 = 607.205 4

उपर्युक्त उदाहरण में Research के अंकन को सारणी 1 से लिया गया है वहाँ पर –072 के साथ एक शून्य जोड़ते हुए सारणी 2 के अंकन 1–9 को प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है।

5. Indian Association of Special libraries and Information Centres (IASLIC)

026 + 000 60 + 54 = 026. 000 605 4

उपर्युक्त उदाहरण में मुख्य वर्ग 026 के अन्तर्गत सारणी 1 के अंकनों को तीन शून्य के साथ प्रयोग करने का निर्देश है। सारणी 1 में –06 के अन्तर्गत एक शून्य बाद में जोड़ते हुए सारणी 2 को प्रयोग करने का प्रावधान है।

6. Directory of Public libraries of America

027.4 + -025 (T.1) + -73 (T.2) = 027.402 573

उपर्युक्त उदाहरण में –025 Directory को सारणी 1 से लिया गया है। इसके अन्तर्गत 'Add area notation 1-9 from table 2 to base number -025' निर्देशित किया गया है। -73 America को सारणी 2 से लिया गया है।

7. Librarianship as a profession in England

02[0] + -023 [T.1] + -42 [T.2] = 020.234 2

यहाँ पर –023 को सारणी 1 से 'Profession' के लिए लिया गया है। इसके नीचे 'Add area notation 1-9 from table 2 to base number -023' निर्देशित किया गया है। इसी आधार पर -42 England को सारणी 2 से लेकर प्रयुक्त किया गया है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त सारणी 1 के अंकन -024 Price lists and trade catalogs, -07 study and teaching, -0294 museums, collections, exhibitions के अन्तर्गत भी सारणी 2 के अंकनों को प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया गया है।

2.1.5 सारणी 1 के साथ सारणी 5 एवं 7 का प्रयोग (Use of Table 5 & 7 with Table 1)

किसी विशिष्ट विषय के साथ सारणी 5 एवं 7 के अंकनों को प्रयोग करने से सम्बन्धित निर्देश अनुसूची में दिये गये हैं। अनिर्देशित अवस्था में इन सारणी के अंकनों को सारणी 1 से –08 History & description of the subject among groups of persons के अन्तर्गत दिये गये दो विभाजनों क्रमशः -088 Treatment among groups of specific kinds of persons and -089 Treatment among specific racial, ethnic, national groups की सहायता से क्रमशः सारणी 7 एवं 5 के अंकनों को प्रयुक्त किया जा सकता है। सारणी 7 के अंकनों को सारणी 1 के –024 को जोड़ते हुए भी प्रयोग किया जाता है। जैसे

उदाहरण :

Folk arts by the blind persons

745	-	Folk arts
-088	-	Table 1
-081 61	-	Blind Persons

वर्गांक = 745+-088+-081 61 = 745.088 08161

4. Sex instructions for adults

613.96 - Manual of sexual techniques

-088 - Table 1

-056 - Adults

वर्गांक = 613.96 + -088 + -056 = 613.960 880 56

3.. Calculus for management scientists

515 - Calculus

-024 - Works for specific types of users (Table 1)

-65 - Management scientists

वर्गांक = 515 + -024 + -65 = 515.024 65

4. Personal finance for cricketeers

332.024 - Personal finance for specific class of persons

796.35 - Cricketteers (Table -7)

वर्गांक = 332.024+ 796.35 = 332.024 796 35

नोट :– सारणी 1 में –024 एवं –088 के नीचे सारणी 7 के अंकनों को जोड़ने के निर्देश दिये गये हैं।

उदाहरण 5. A study of general pattern of social behaviour of Tamils

306 - General pattern of social behaviour

-089 - Table 1

-948 11 - Table 5 (Tamils)

वर्गांक = 306+-089 +-948 11 = 306.089 948 11

6. Social law of Australian native races

344 - Social law

-008 9 - Table 1

-991 5 - Australian native races

वर्गांक = 344 + -008 9 + -991 5 = 344.008 999 15

2.1.6 वैकल्पिक प्रावधान (Alternative Provision)

अनुसूची के पृष्ठ 13–14 पर विशिष्ट विषय में सम्बन्धित ग्रन्थसूची का वर्गांक बनाने के लिए अंकन 016 के सम्बन्धित विषय का अंकन 100–900 तक जोड़ने का निर्देश दिया गया है। यदि विषय ग्रन्थसूची को उसके विषय के साथ रखना उचित हो तो विशिष्ट विषय के साथ सारणी 1 के अंकन –016 Inxdex को प्रयुक्त किया जा सकता है लेकिन याद रहे इस अंकन का प्रयोग विकल्प के रूप

में किया जाना चाहिए तथा मुख्य वर्ग के अंकन 016 को प्राथमिकता प्रदान किया जाना चाहिए।

उदाहरण 1. An index to plant breeding

631.53 + -016 (Table1) = 631.530 16

or

016 + 631.53 = 016.631 53

2. Bibliography of Medical Science literature

61[0] + -016 = 610.16

or

016 + 61(0) = 016.61

2.1.7 वर्गीकृत शीर्षक (Worked out Titles)

उपुर्यक्त ढंग से विश्लेषित एवं समझायी गयी विधि द्वारा निम्नलिखित शीर्षकों को वर्गीकृत कीजिए तथा सामने दिये गये वर्गांक से मिलाइये। बड़े कोष्ठक में दिये गये अंकनों को अन्तिम वर्गांक बनाते समय नियमानुसार हटाया गया है:

1. Dewey Decimal Classification for Indian Practitioners

025.431 + -024 + -03 + 914 11 = 025.431 024 039 141 1

2. Arithmetic for managers

513 + -024 + -658 = 513 .024 658

3. Trade catalogue of soaps

668.12 + -029 4 = 668.120 294

4. Reading interests of lawyers

028.9 + - 088 + - 34 = 028.908 834

5. History of Philosophy in India

1[00] + -09 + -54 = 109.54

6. Research in library classification in Canada

025.42 + -072 + 0 + -71 = 025.420 720 71

7. Exercise in the DDC

025.431 + -076 = 025.431 076

8. Indian History through pictures

9 54 + -002 22 = 954.002 22

9. Teaching of Geometry

516 + -007 = 516.007

RIL-096

10. Political Conditions in the 21 Century

320.90 + [-090] 5 = 320.903

11. Audiovisual treatment of colon classification

025.435 + -020 8 = 025.435 020

12. Dictionary of analytical chemistry

543 + -003 = 543.003

13. Directory of College & University libraries

027.7+ -025 = 027.702 2

14. Bibliography of space flight

629.41 + -016 = 629.410 16

or

016 + 629.41 = 016.629 4

15. History of Textile technology in 20th century

677+-009 04 = 677.009 04

16. Women in Indian History

9 54 +-008 8 + -042 = 954.008 8042

17. Research on stage lighting

792.025 + -072 4 = 792:025 072 4

18. Statistics of customs taxes

336.26 + -021 2 = 336.260 212

19. Serial publications on Aristotelian Philosophy

185 + - 05 = 185.03

20. Scholarship in Economics

33[0] + -079 = 330.79

21. Scientific principles of silver technology

669.23 + -015 = 669.230 13

22. Chemical principles of silver technology

669.23 + -015 +[5] 4[0] = 669.230 154

23. Social Research in India

30[0] + -072 + 0 + -54 = 300.720 54

24. Biography of literators

8[00] + -09 = 809

25. Philsophy & theory of British history

9 41 + - 001 = 941.001

2.2 भौगोलिक उपविभाजन (Areas)

2.2.1 परिचय (Introduction)

वर्गांक को संश्लेषित करने के लिए डीडीसी में द्वितीय सारणी का प्रयोग महत्वपूर्ण है। इस सारणी का प्रयोग अनुसूची में निर्देश दिये जाने पर एवं अनिर्देशित अवस्था में भी प्रयोग किये जाने सम्बन्धी नियमों का प्रावधान है। इस सारणी के अंकन भी डैश के साथ दिये गये हैं तथा अकेले प्रयुक्त नहीं होते। द्वितीय सारणी के अंकन को किसी विशिष्ट विषय के साथ जोड़कर विषय की भौगोलिक विशेषता को स्पष्ट किया जाता है। इस सारणी को डीडीसी में विस्तृत रूप से उल्लिखित कर समस्त सारणी को 9 भागों में विभाजित किया गया है।

भौगोलिक विभाजनों को प्रथम खण्ड की सारणी 2 में वर्णित किया गया है। डीडीसी के 16वें संस्करण तक भौगोलिक विभाजन मुख्य वर्ग 900 के अन्तर्गत 940–999 तक निर्दिष्ट किये गये थे, जो विभिन्न देशों के आधुनिक इतिहास को प्रकट करते हैं। 930–939 तक के विभाजन प्राचीन इतिहास को दर्शाते हैं। आवश्यकता पड़ने पर इतिहास के वर्गांको का भौगोलिक विभाजन को दर्शाने हेतु उपयोग किया जाता था जबकि 17 वें और 18 वें संस्करण में "930–939" की भाँति विभाजित कीजिए संकेत के स्थान पर " क्षेत्र अंकन जोड़िये 1-9,3-9, 4-9 (Add area notation 1-9,3-9,4-9)" निर्देश दिये गये हैं। डीडीसी –19 के खण्ड 1 में पृष्ठ 14–386 तक भौगोलिक उपविभाजनों की एक विस्तृत सारणी दी गयी है। इस सारणी का उपयोग भौगोलिक क्षेत्रों की वर्ग संख्याओं का पता लगाने के लिए किया जाता है। जैसे महाद्वीप (Continents), देश (Country) राज्य (State) शहर (City) ,समुद्री सीमाएं आदि। भौगोलिक विभाजन की सारणी सातों सहायक सारणियों में सबसे बड़ी सारणी है। इण्डो –अरेबिक के सीमित आधार के कारण सम्पूर्ण सारणी को 9 भागों में विभक्त किया गया है।

विभिन्न विषयों का अध्ययन विभिन्न प्रकार के भौगोलिक क्षेत्रों के आधार पर भी किया जा सकता है। विशेषकर किसी देश के इतिहास के लिए भौगोलिक अंकन का महत्व और भी अधिक हो जाता है, जैसे भारत, अमेरिका, जापान, जर्मनी, फ्रान्स, इटली के इतिहास एक दूसरे से भिन्न होगें इसी प्रकार इन देशों की संस्कृति, कला, रीतिरिवाज, मूर्तिकला, नृत्य, संगीत आदि भी एक दूसरे से पृथक होते हैं।

इस वर्गीकरण पद्धति में भौगोलिक उपविभाजनों को निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर विभक्त किया गया है।

1. कटिबन्धीय क्षेत्र (Zonal Region)
2. भूमि एवं भूमि के प्रकार (Land and Land Forms)
3. हवा एवं पानी (Air and Water)
4. वनस्पतियों के प्रकार (Types of Vegetation)
5. शहरी एवं आर्थिक आधार पर बने क्षेत्र (Socio - Economic Regions)

6. अन्य प्रकार के लाकिक क्षेत्र (Other Kinds of terrestrial Regions)

7. अन्तरिक्ष (Space)

8. महाद्वीप, देश, प्रदेश (Continents, Countries, Localities)

भौगोलिक उपविभाजन भी स्वयं पूर्ण वर्गांक नहीं होते तथा इसका प्रयोग कभी भी अकेले नहीं किया जायेगा बल्कि इन्हें किसी विशिष्ट विषय के साथ नियमानुसार जोड़ा जाता है। इस सारणी के अंकनों को भी डैश (–) के साथ सूचीबद्ध किया गया है जो विषय अंकन के साथ जोड़ने पर स्वतः ही विलुप्त हो जाता है।

डीडीसी के 19 वें संस्करण में भौगोलिक विभाजनों को निम्नलिखित श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

–1 सामान्य क्षेत्र

–2 व्यक्ति

–3 प्राचीन विश्व

–4-9 आधुनिक विश्व

भौगोलिक विभाजनों को मुख्य रूप से द्वितीय सारणी के पृष्ठ पर 14 पर वर्णित किया गया है जो इस प्रकार है–

-1 Areas, regions, places in general

-2 Persons regardless of area region, places

-3 The Ancient world

-4 Europe, Western Europe

-5 Asia orient far East

-6 Africa

-7 North America

-8 South America

-9 Other parts of the world and extra terrestrial worlds Pacific Ocean Islands (Oceania)

-1 सामान्य क्षेत्र, स्थान आदि (Area regions, Places in general) –सामान्य क्षेत्र, स्थान आदि के लिए –1 अंकन को आवंटित किया गया है तथा इन्हें निम्नलिखित वर्गों में विभक्त किया गया है–

-11 Frigid Zones

-12 Temperate Zones (Middle latitude Zones)

-13 Torrid Zones (Tropics)

-14 Land and Land Forms

-15 Regions by types of Vegetation

-16 Air and Water

-17 Socio - economic regions

-18 Other kinds of terrestrial regions

-19 Space

-2 **व्यक्ति (Persons)** – जब स्थान अंकन 1–9 को जोड़ने का निर्देश प्रत्यक्ष रूप से दिया गया हो तो जीवन कथा, आत्मकथा, आदि का अंकन सीधे क्रमशः –22, –24 बिना मानक उपविभाजन को जोड़ते हुए प्रयुक्त किये जाएंगे जैसे –

उदाहरण Elementary Educators
372.92 न कि 372.092

-3 **प्राचीन विश्व (Ancient World)** - भौगोलिक विभाजन के अंकन –3 को प्राचीन विश्व को निर्दिष्ट करने हेतु निर्धारित किया गया है। इनको निम्नलिखित प्रकार से सूचीबद्ध किया गया है।

-31 China

-32 Egypt

-33 Palestine

-34 India

-35 Mesopotamia and Iranian Plateau

-36 Europe north and west of Italian Peninula

-37 Italian Peninula and adjacent territories

-38 Greece

-39 Other parts of ancient world

-4-9 **आधुनिक विश्व (Modern World)** - भौगोलिक अंकन –4–9 तक आधुनिक विश्व को वर्गीकृत किया गया है। यहाँ पर पद 'आधुनिक विश्व' का प्रयोग नहीं किया गया है लेकिन जब शीर्षक में प्राचीन विचारधारा का समावेश न हो तो इसे आधुनिक मानते हुए 4–9 के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाना चाहिए। आस्ट्रेलिया महाद्वीप को अलग अंक आबंटित न करके इसकी उपेक्षा की गयी है जबकि अमेरिका को दो अंक (7, 8) प्रदान किये गये हैं। एशिया, यूरोप एवं अफ्रीका को एक –एक अंक निर्धारित किये गये हैं। इस पद्धति में आधुनिक विश्व को निम्नलिखित भागों में विभक्त किया गया है –

-4 Europe

-5 Asia

-6 Africa

-7 North America

RIL-096

-8 South America

-9 Other parts of the world

प्रत्येक महाद्वीप को 9 प्रमुख देशों में बाँटा गया है। उदाहरण के लिए –5 एशिया को नीचे दर्शाया गया है –

-51 China and adjacent areas

-52 Japan and adjacent islands

-53 Arabian Peninsula and adjacent areas

-54 South Asia India

-55 Iran (Persia)

-56 Middle East (Near East)

-57 Siberia (Asiatic Russia)

-58 Central Asia

-59 South-east Asia

प्रत्येक देश को पुनः विभाजित किया गया है–

-541 North-eastern India

-542 Uttar Pradesh

-543 Madhya Pradesh

-544 Rajasthan

-545 Punjab region of India

-546 Jammu and Kashmir

-547 Western India

-548 Southern India

-549 Other Jurisdiction

प्रायोगिक प्रक्रिया (Practial Process)

सारणी 2 में वर्णित वर्गांक भी अपने आप में पूर्ण वर्गांक नहीं है अर्थात् ये अकेले प्रयुक्त नहीं होते इनको अनुसूची में दिये गये वर्गांक के साथ जोड़ा जाता है। इस सारणी के अंकनों को डैश के साथ वर्णित किया गया है। जब किसी वर्गांक के साथ भौगोलिक विभाजनों को जोड़ा जाता है तो डैश को अन्तिम वर्गांक में नहीं लिखते है। समस्त महाद्वीपों को पुनः देशों में विभक्त किया गया है तथा कुछ देशों को दो स्थानों पर अंकित किया गया है जैसे चीन के लिए –51 और –31 अंकनों को निर्धारित किया गया है। –51 आधुनिक तथा –31 प्राचीन चीन के लिये है। शीर्षक में आधुनिक शब्द का प्रयोग हुआ हो या नहीं भी हुआ हो तो दोनो स्थितियों में शीर्षक को आधुनिक के अन्तर्गत ही वर्गीकृत किया जायेगा लेकिन यदि प्राचीन (ancient) शब्द का प्रयोग हुआ हो तो प्राचीन के अन्तर्गत ही

वर्गीकृत किया जायेगा। जैसे–

1. History of modern India

   9 + -54 = 954

2. History of India

   9 + -54 = 954

3. History of ancient India

   9 + -34 = 934

2.2.2 भौगोलिक इकाई का अंकन खोजने की विधि (Procedure of find out Notation of Geographical Area)

भौगोलिक सारणी की विस्तृता के कारण इसमें किसी भी भौगोलिक इकाई का अंकन खोजने में काफी समय लगता है। प्रत्येकदेश की प्रविष्टि सापेक्षिक अनुक्रमणिका खण्ड 3 में मिलती है। उदाहरणार्थ जर्मनी देश का अंकन खोजने के लिए अनुक्रमणिका में अक्षर 'G' के नीचे देखने पर जर्मनी के अन्तर्गत Country पद मिलता है, जिसके सामने area-43 लिखा मिलता है जो यह सूचित करता है कि । area Table में जर्मनी का अंकन – 43 है।

Germany area - 43

इसी प्रकार भारत (India) का अंकन प्राप्त करने के लिए अनुक्रमणिका में अक्षर "I" के नीचे खोजने पर India पद के सामने area - 54 अंकित मिलता है, तथा इसके नीचे Ancient के सामने area-34 अंकित मिलता है। इसका तात्पर्य यह है कि आधुनिक भारत (Mordern India) का अंकन भौगोलिक सारणी में –54 तथा प्राचीन भारत (Ancient India) का अंकन भौगोलिक सारणी में –34 है।

2.2.3 भौगोलिक उपविभाजनों को प्रयोग के नियम (Rules for use of Geographical Areas)

भौगोलिक विभाजन के अंकनों का प्रयोग अकेले नहीं किया जा सकता। इनका प्रयोग किसी भी विशिष्ट विषय के साथ किया जाता है। इनको जोड़ने के लिए अलग – अलग परिस्थितियों में पृथक –पृथक नियमों का प्रावधान किया है।

(a) **निर्देश होने पर (When Instructed)** - जब अनुसूची में किसी अंकन के साथ भौगोलिक अंकन को जोड़ने की आवश्यकता हो तथा उसके अन्तर्गत भौगोलिक अंकन जोड़ने का निर्देश 'Add area notation' दिया हो तो इस अवस्था में भौगोलिक अंकन को अनुसूची के अंकन के साथ सीधे जोड़ देते हैं।

इस अवस्था में निम्नलिखित निर्देश दिया रहता है।

'Add area notation 1-9, 3-9 अथवा 4-9 from table 2 to the base number.....'

इस प्रकार इन निर्देशों के अनुसार अनुसूची में वर्णित किसी भी वर्गांक के अन्तर्गत दिये गये निर्दिष्ट

आधार अंक के साथ भौगोलिक विभाजन सारणी में दिये गये अंकन 1–9 , 3 – 9 या 4 – 9 को जोड़ा जा सकता है।

उदाहरण – 1. General libraries of U.S.A. 027.073

अनुसूची में General libraries वर्ग अंकन 027 दिया गया है तथा इसके नीचे मानक विभाजन को दो शून्य के साथ प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है तथा इसके बाद .01–.09 Geographical Treatment के अन्तर्गत "Add areas" notation 1-9 from table 2 to base number 027. 0' निर्देश दिया गया है। अत: वर्गांक इस प्रकार बनेगा–

027.0 + -73 = 027.073

2. Foreign policy of India 327.54

अनुसूची में Foreign Policy के लिए अंकन 327 दिया गया है तथा विशिष्ट भौगोलिक विभाजन को जोड़ने के लिए .3 –.9 में यह निर्देशित किया गया है कि आधार अंक 327 में भौगोलिक अंकन को सीधे जोड़ दीजिए अत: वर्गांक इस प्रकार बनेगा –

327 + -54 = 327.54

निम्नलिखित दिये गये उदाहरण इन्हीं नियमों पर आधारित हैं–

3. Education of Women in U.K.

376 - Education of Women

376.9 - Historical and Geographical treatment

41 - U.K

वर्गांक – 376.941

4. Political Parties in New Zealand

Political Parties - 324.2

Instruction - Geographical treatment Add ' area' notation 4-9 from table 2 to base number 324.2 Area

- New Zealnand - 93 (T2)

वर्गांक - 324.2 + -93 = 324.293

5. National Library of India

Government libraries - 027.5

Instruction - .53-.59 Specific institutions

Add ' areas' notation 3-9 from table 2 to base number 027.5

India -54 (Table2)

वर्गांक 027.5 + -54 = 027.554

यहाँ पर कुछ अन्य उदाहरण संक्षिप्त में दर्शाये हैं :

6. Birds of mountains

598.298 + - 143 = 598.291 143

7. Folk music of China

781.7 + -51 = 781.751

8. Historical atlas of Indi

911 + -54 = 911.54

9. Economic policy of Germany

337 + - 43 = 337.43

10. Japanese Diet (Parliament)

328 + -52 = 328.52

11. National Bibliography of America

015 + -73 = 015.73

(b) निर्देश न होने पर (When not instructed)

यदि किसी वर्ग संख्या के नीचे भौगोलिक उपविभाजनों को जोड़ने के लिए निर्देश नहीं दिया गया हो तो मानक उपविभाजन के अंकन –09 की सहायता से भौगोलिक उपविभाजन का प्रयोग किया जा सकता है लेकिन –09 मानक उपविभाजन का प्रयोग करते समय उन सभी नियमों व निर्देशों का पालन करना चाहिए जो कि मानक उपविभाजन के प्रयोग के लिए बनाए गये हैं अर्थात् –09 का प्रयोग बिना शून्य के या एक, दो, तीन शून्य के साथ आदि। जैसे–

उदाहरण .1 Bureaucracy in Thailand

Bureaucracy - 351.001

Area - 593 (T.2)

यहाँ पर भौगोलिक विभाजन जोड़ने के लिए निर्देश नहीं दिये गये हैं इसलिए सारणी 1 से –09 जोड़ा जायेगा इसके बाद सारणी 2 के अंकन प्रयुक्त होगें अतः वर्गांक इस प्रकार बनेगा–

351.001 + - 09 + -593 = 351.001 095 93

2. Life of Jesus in England

Life of Jesus - 232.9

England - 42 (T.2)

232.9 + -42 = 232.942

यहाँ पर सारणी 2 को दो शून्य से प्रयुक्त करने का निर्देश है। अतः वर्गांक इस प्रकार बनेगा।

232.9 + -009 + -42 = 232.900 942

3. Cancer disease in China

Cancer disease 616.994

China -51 (T.2)

यहाँ पर भौगोलिक विभाजन जोड़ने के लिए निर्देश नहीं दिये गये हैं लेकिन मानक उपविभाजन को दो शून्य के साथ प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है। अतः वर्गांक इस प्रकार बनेगा–

616.994 + -009 + -51 = 616.994 009 51

4. *Military Science in India*

Military Science - 355

India - -54 (T.2)

यहाँ भी निर्देश नहीं है इसलिए मानक उपविभाजन 009 के द्वारा भौगोलिक अंकन को जोड़ा जायेगा।

355 + -009 + -54 = *355.009 54*

5. Medical Science in America

61[0] + -09 + -73 = 610.973

नोट– नियमानुसार एक शून्य हटाया गया है। अतः जिस वांछित वर्गांक के बाद भौगोलिक उपविभाजन को जोड़ने के लिए सारणी 1 से –09 जोड़ना हो तो वांछित वर्गांक के नीचे यह अवश्य देख लें कि मानक उपविभाजन का प्रयोग किस प्रकार करना है जैसे –

Use -.01 -.09 For Standard Subdivisions

Use - .001 - 009 For Standard Subdivisions

Use - .0001 - .0009 For Standard Subdivisions

Use- 00001 - .00009 For standard Subdivisions

निर्देशित अवस्था में भी – 09 का प्रयोग *(Use of - 09 with Instructions)*

इस पद्धति में कहीं –कहीं पर भौगोलिक अंकनो को जोड़ने के लिए निर्देश –09 के साथ दिये रहते हैं जबकि इसका प्रयोग तभी किया जाता है जब निर्देश न दिये गये हों। उदाहरण के लिए यदि अनुसूची के पृष्ठ 556 पर देखें तो अंकन 382 (International Commerce) के अन्तर्गत अंकन 382.09 Historical and Geographical treatment के नीचे आधार अंक 382.09 के साथ भौगोलिक सारणी के अंकनो को प्रयोग करने का निर्देश है। भौगोलिक सारणी में जापान का अंकन –52 दिया *गया है अतः–*

उदाहरण Foreign Trade of Japan

382.09 + -52 = 382.095 2

-1 सामान्य क्षेत्र, स्थान का प्रयोग (-1 Use of Areas, Places in General)

सामान्य क्षेत्र का प्रयोग भी विशिष्ट स्थान, देश की भाँति ही किया जाता है वह चाहे निर्देशित, *अनिर्देशित अवस्था हो या अन्य। जैसे –*

उदाहरण 1. Botanical Gardens in tropical regions.

580.744 + -13 = 580.744 13

अनुसूची में आधर अंक 580.744 के साथ सारणी 2 से भौगोलिक उपविभाजन –1 लाकर जोड़ने का निर्देश दिया गया है। सारणी 2 में Tropical Regions के लिए –13 अंकन दिया गया है।

2. Elementary Education in Villages

372.9 + - 173 4 = 372.917 34

अनुसूची में 372.9 के सामने पद 'Historical and geographical treatment of elementary education' दिया गया है तथा इसके अन्तर्गत आधार अंक 372.9 के साथ सारणी 2 से भौगोलिक विभाजन 1–9 तक के अंकनों को जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

उदाहरण

3. Library and Information Centres in Rural areas

027.0 + -173. 4 = 027.017 34

4. Economic assistance by communist countries

338.91 + -171 7 = 338.911 717

5. Standard of living in rural areas

339.47 + -09 + -173 4 = 339.470 917 34

दो देशों के मध्य सम्बन्ध (Relation Between Two Countries)

किसी एक देश का सम्बन्ध विश्व के अनेक देशो से होता है इस सम्बन्ध का दृष्टिकोण कुछ भी हो सकता है जैसे– आर्थिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक आदि। अनुसूची के निर्देशानुसार दो देशों के अंकनो को शून्य (0) या –09 की सहायता से जोड़ते हैं किन्तु जब इस प्रकार का कोई निर्देश न दिया गया हो कि दो देशो के अंकन को इस प्रकार जोड़िए तो इन्हें नहीं जोडा जा सकता। जहाँ पर दो देशों के अंकन को जोड़ने सम्बन्धी निर्देश दिये गये है वहाँ पर दोनो देशों के अंकन को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ना चाहिए। जैसे –

(1) यदि किसी ग्रन्थ में एक देश को अधिक महत्व प्रदान किया गया हो तो उसी देश के अंकन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए भले ही देश, शीर्षक एवं सारणी में पहले प्रयुक्त हुआ हो या बाद में।

(2) यदि ग्रन्थ में दोनो देशों को समान महत्व दिया गया हो तो भौगोलिक सारणी में जिसे पहले वर्णित किया गया हो उसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए न कि जो शीर्षक में पहले प्रयुक्त हुआ हो।

(3) स्थानीय देश को महत्व देने के लिए क्रम को ध्यान में न रखते हुए स्थानीय देश के अंकन को प्राथमिकता दी जा सकती है।

उदाहरण 1. Foreign relation between India and Great Britain

327 + -54 + 0 + -41 = 327.540 41

RIL-096

2. Japanese financial assistance to Korea

338.91 + -52 + 0+ -519 = 338.915 205 19

3. Foreign trade between Great Britain and U.S.A.

382.9 + -41 + 0 + -73 = 382.941 073

4. Exchange rate of currencies between India and Iraq

332.456 09 + -54 + 0 + -567 = 332. 456 095 405 67

5. Economic policy of Germany towards France

337 + -43 + 0 + -44 = 337. 430 44

कहीं –कहीं पर दूसरे देश को –09 के साथ जोड़ने के निर्देश दिये गये हैं जबकि प्रथम देश अंकन को विषय अंकन के साथ सीधे प्रयुक्त करने के निर्देश हैं।

उदाहरण Colonization by Great Britain in India

325.3 + -41 + -09 + -54 = 325.341 095 4

अनुसूची में 325.3 Colonization के अन्तर्गत .33 – .39 Colonization by specific countries में निर्देशित किया गया है कि जिस राष्ट्र द्वारा औपनिवेश बनाया गया है उसका अंकन भौगोलिक सारणी से लेकर सीधे जोड़ा जायेगा तत्पश्चात् सारणी –1 से 09 लेते हुए दूसरे देश के अंकन को जोड़ना चाहिए।

सामान्य क्षेत्र एवं विशिष्ट देश का एक साथ प्रयोग
(Use of Places in general and Specific Countries)

अधिकाशंत: अनुसूची में किसी वांछित शीर्षक के अन्तर्गत भौगोलिक उपविभाजन जोड़ने के लिए निम्नलिखित प्रकार के निर्देश दिये रहते हैं "Add areas nation 1-9 from Table 2 , Add area notation 3-9 या Add areas notation 4-9 आदि लेकिन विषय की माँग को देखते हुए कहीं –कही पर सामान्य क्षेत्र एवं विशिष्ट महाद्वीप, देश को एक साथ प्रयोग करने के निर्देश दिये रहते हैं ये निर्देश न भी दिये गये हो तो सारणी 2 के पृष्ठ 14 एवं 27 पर इनको प्रयोग करने से सम्बन्धित निर्देश दिये गये हैं। इनको एक साथ प्रयोग करने की दो विधियाँ हैं–

(1) **प्रथम विधि** :– सारणी 2 के पृष्ठ 14 पर उल्लिखित किया गया है कि भौगोलिक विभाजन के सामान्य क्षेत्र –1 या उसके किसी उपखण्ड के साथ भौगोलिक विभाजन –3 – 9 तक किसी भी अंकन का प्रयोग संयोजी चिन्ह शून्य (0) के साथ किया जा सकता है जैसे–

Torrid Zone of Asia -13 + 0 + -5 = 130 5

उदाहरण Cattles of torrid Zones of Asia

636.2 + -009 + -13 + 0 + -5

अनुसूची में 636.2 Cattles के लिए प्रयोग हुआ है। इसके नीचे मानक उपविभाजन को दो शून्य के साथ प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है। सारणी 2 के पृष्ठ 14 पर दिये गये निर्देशानुसार पहले Torrid Zone के लिए –13 तत्पश्चात् शून्य जोड़ते हुए Asia के लिए अंकन –5 को प्रयुक्त किया गया है। अत: वर्गांक इस प्रकार निर्मित होगा।

636.200 913 05

(2) **दूसरी विधि** – इस दूसरी विधि का वर्णन सारणी 2 के पृष्ठ 27 पर किया गया है इसमें यह निर्देशित किया गया हैं कि भौगोलिक उपविभाजन –3–9 तक के अन्तर्गत दिये गये किसी भी अंकन का प्रयोग पहले होगा तत्पश्चात् योजक चिन्ह –009 के बाद भौगोलिक अंकन –11 –19 तक के किसी भी अंकन को जोड़ा जा सकता है लेकिन (–1) को छोड़ दिया जायेगा।

जैरो Torrid Zone of Asia

-5 + -009 +[-1] 3 = -500 93

उदाहरण Birds of Forest of China

598.29 + -51 + -009 +[-1] 52 = 598.295 100 952

उदाहरण

A study of curriculums for rural region in Pakistan

375.009 + - 173 4 + 0 + -549 1 = 375.009 173 405 491

Libraries and Information Centres in rural areas of India

027.0 + -173 4 + 0 + -54 = 027.017 340 54

or

027.0 + 54 +-009 + [-1] 734 = 027.054 009 734

Disease of lungs in deltas of Europe

616.24 + -009+ -146 + 0 + -4 = 616.240 091 460 4

2.3 वर्गीकृत शीर्षक (Worked out Titles)

उपर्युक्त ढंग से विश्लेषित एवं समझायी गयी विधि द्वारा निम्नलिखित शीर्षकों को वर्गीकृत कीजिए तथा सामने दिये गये वर्गांक से मिलाइये। बड़े कोष्ठक मे दिये गये अंकनों को अन्तिम वर्गांक बनाते समय नियमानुसार हटाया गया है–

1. The central government of India

   354 + -54 = 354.54

2. Atmospheric pressure in Forests

   551.54 + -09 + -152 = 551.540 915 2

3. Library of Congress : A National library of America

   027.5 + -73 = 027.573

4. History of India during British Period

   9 + 54 + [954.] 03 = 954.03

5. Exfrteecutive of M.P.Universities

378.101 + -09 + -543 = 378.101 109 543

6. Conversion of Italian Lira into Pound Sterling

332.456 + -09 + -45 + 0 + -41 = 332.456 094 504 1

7. Secondary Education and schools in Canada

373 + -71 = 373.71

8. Employment problems is London (Greater)

362.64 + -09 + -421 = 362.640 942 1

9. French trade with England

382.09 + -44 + -0 + -42 = 382.094 404 2

10. Emigration from Burma to Saudia Arabia

325.2 + -591 + -09 + -538 = 325.259 109 538

11. Tax revenues in Uttar Pradesh

336.2 + -009 + -541 2 = 336.200 954

12. Treaties between India and China

341.026 6 + -54 + 0 + -51 = 341.026 054

13. Disease of ovaries in Ancient Greece

618.11 + -009 + -38 = 618.110 093 8

14. Sugercane in the region where Punjabi language predominate.

633.61 + -09 + -175 + -914 2 = 633.610 917 591 42

15. Sheep in the region where Singhalese predominate

636.3 + -009 + -174 + -914 8 = 636.300 917 491 48

16. Special Libraries in the region with muslim religion dominating area

026 + -000 9 + -176 + [-29] 71 = 026.000 917 671

17. World history of developing countries

909.09 + [-1] 723 = 909.097 23

18. Islamic public worship in Iran

297.3 + -009 + -55 = 97.300 955

19. **Future of intercaste marriages in India**

306.84 + -09 + -54 = 306.840 954

20. **Population movement from Bangladesh to India - its social implication**

304.8 + -54 + 0 + -549 2 = 304.854 054 92

RIL-096

इकाई 3 सारणी 3– विशिष्ट साहित्यिक उपविभाजन, सारणी 4– सारणीय विशिष्ट भाषाओं के उपविभाजन एवं सारणी 5– प्रजातीय, मानववंशीय, राष्ट्रीय समूह

TABLE 3 – SUBDIVISIONS OF INDIVIDUAL LITERATURES, TABLE 4– SUBDIVISION OF INDIVIDUAL LANGUAGES AND TABLE 5– RACIAL, ETHNIC, NATIONAL GROUPS

संरचना

3.0 उद्देश्य

3.1 सारणी 3– विशिष्ट साहित्यिक उपविभाजन

3.1.1 परिचय

3.1.2 सारणी 3 के प्रयोग करने के नियम

3.1.3 सारणी 3 में वर्णित विशिष्ट रूप

3.1.4 विलियम शेक्सपीयर के कार्यों की तालिका

3.1.5 सारणी 3–ए के अन्तर्गत वरीयता क्रम तालिका

3.1.6 कृत्रिम भाषाओं का साहित्य

3.1.7 वर्गीकृत शीर्षक

3.2 सारणी 4–विशिष्ट भाषाओं के उपविभाजन

3.2.1 परिचय

3.2.2 भाषा उपविभाजनों के प्रयोगकरने के नियम

3.2.3 वर्गीकृत शीर्षक

3.3 सारणी 5–प्रजातीय, मानववंशीय, राष्ट्रीय समूह

3.3.1 परिचय

3.3.2 सारणी 5 के प्रयोग के नियम

3.3.4 वर्गीकृत शीर्षक

3.0 उद्देश्य (Objectives of the Unit)

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:–

- सारणी 3 व 3ए के प्रयोग का ज्ञान कराना।
- सारणी 4–भाषाओं के उपविभाजनों के प्रयोग का ज्ञान कराना एवं विभिन्न प्रकार के शब्दों कोशों को वर्गीकृत करने के नियमों से परिचय कराना।

- सारणी 5– प्रजातीय, मानववंशीय, राष्ट्रीय समूह के उपविभाजनों के प्रयोग का ज्ञान कराना।

3.1 सारणी 3– विशिष्ट साहित्यिक उपविभाजन (Subdivision of Individual Literatares)

3.1.1 परिचय (Introduction)

इस तृतीय सारणी में साहित्यिक रूपों को दिया गया है तथा इस सारणी का प्रयोग मुख्य वर्ग साहित्य में 810-890 में सिर्फ उन्ही अंकनों के साथ होगा जिन्हें तारांकित किया गया है। यह साहित्य की पूरक (Supplement) सारणी है, जिसका प्रयोग अकेले नहीं होता। तृतीय सारणी को विस्तार कर सारणी 3–ए भी दी गयी है। जिससे सारणी 3 में वर्गांक बनाने के लिए अतिरिक्त तत्वों को भी संश्लेषित किया जा सकता है। इस इकाई में इस सारणी के प्रयोग सम्बन्धी नियमों को विस्तृत रूपों से उदाहरणों सहित समझाया गया है।

इस सारणी को विशिष्ट एकलों की श्रेणी में रखा गया है क्योंकि इस सारणी के अंकन का प्रयोग सिर्फ मुख्य वर्ग साहित्य (800) के साथ किया जाता है। इस सारणी के अंकन भी पूर्ण वर्गांक निर्मित नहीं करते अर्थात् ये अंकन भी अकेले प्रयुक्त नही होते। अनुसूची में 808 में वर्णित विषयों के साथ इनके प्रयोग के लिए विशिष्ट निर्देश दिये गये हैं तथा आधार अंक 810–890 के साथ इस सारणी का प्रयोग उन्ही अंकनों के साथ किया जायेगा जिन्हे तारांकित (*) किया गया हैं। कुछ तारांकित वर्ग संख्याओं के अन्तर्गत तो आधार अंक भी निर्दिष्ट कर दिये गये हैं। जहाँ पर आधार अंक नहीं दिये गये वहाँ पर तारांकित वर्ग संख्या को ही आधार अंक मान लिया जाता है। सारणी 3 में ऐसे विभिन्न विषयों के लिए अंकन दिये गये हैं जो विभिन्न साहित्यों में पाये जाते हैं जैसे –साहित्य की विविध विधाएं या रूप अर्थात् कहानी, नाटक पद्य, आदि। ये विभिन्न रूप प्रत्येक भाषा के साहित्य में पाये जाते हैं जैसे हिन्दी कविता, अंग्रेजी नाटक, उर्दू नाटक, जर्मन उपन्यास आदि। इन्हें सारणी 3 में एक साथ सूचीबद्ध किया गया है।

सारणी 3 को विस्तार करके एक उपसारणी 3 –ए दी गयी है, यह सारणी 3 की पूरक सारणी है। इस सारणी मे उन विशिष्ट विधाओं को वर्णित किया गया है, जिन दृष्टिकोणों को साहित्यों में चित्रित किया जाता है। इस सारणी में अन्य सारणियों के अंकन को प्रयोग करने के निर्देश दिये गये हैं।

3.1.2 सारणी 3 को प्रयोग करने के नियम (Rules for use of Table 3)

1. इस सारणी को सिर्फ मुख्य वर्ग 800 में 808 के अन्तर्गत दिये गये निर्देश द्वारा या 810–890 में दिये गये तारांकित उप विभाजनों के साथ ही प्रयोग किया जाता है।

2. जब साहित्य की भाषा न दी गयी हो, भाषा दी गयी हो या विशिष्ट रुपों के विशिष्ट प्रकार दिये गये हों तो इन तीनों ही अवस्था में –08 एवं –09 आदि का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए।

3. जब शीर्षक में साहित्य की भाषा दी गयी हो लेकिन रूप न दिया हो तो सारणी 3 के पृष्ठ 389 पर वर्णित शून्य (0) से प्रारम्भ होनेवाले –01–09 के उपयुक्त अंकन का प्रयोग किया जायेगा।

4. जब शीर्षक में साहित्य की भाषा एवं रूप दोनों ही उपस्थित हों तो सारणी 3 के पृष्ठ 391 पर –1 Poetry के साथ वर्णित 1001–1007, 1008 , 1009 का प्रयोग सम्बन्धित रूप के अंकन को जोड़ते हुए किया जाता है।

5. जब विशिष्ट रूप के विशिष्ट प्रकार का वर्णन हो, जिन्हें तारांकित भी किया गया होता हैं, के साथ सारणी 3 के पृष्ठ 390 पर वर्णित –1–07,–08,–09 का प्रयोग किया जाता है।

6. जब साहित्य में एक से अधिक भाषा दी गयी हो या किसी भी भाषा का उल्लेख न हों तो इसे 801–809 के अन्तर्गत वर्गीकृत करने का निर्देश है।

7. सारणी 3–ए का प्रयोग सारणी 3 में दिये गये निर्देश द्वारा या अनुसूची में 808–809 के अन्तर्गत दिये निर्देश द्वारा ही किया जाता है।

3.1.3 सारणी 3 में वर्णित विशिष्ट रूप (Specific froms given in Table 3)

साहित्य के विशिष्ट रुपों को सारणी 3 के पृष्ठ 391 में वर्णित किया गया है, जो इस प्रकार हैं –

1.	Poetry	पद्य/कविता
2.	Drama	नाटक
3.	Fiction	उपन्यास
4.	Essays	निबन्ध
5.	Speeches	भाषण
6.	Letters	पत्र
7.	Satire and humor	उपहासपूर्ण लेख एवं विनोदपूर्ण लेख
8.	Miscellaneous writings	विविध लेखन

उपुर्यक्त विशिष्ट रूपों के विशिष्ट प्रकारों का भी उल्लेख किया गया है। जैसे –

-2-	Drama
-202	*For a radio and television
-203	*For motion pictures
-204	*Drama of restricted scope etc.
-3	*Fiction
-301	*Short Stories
-306	*Cartoon fiction
-308	*Specific types of fiction
-308 7	*Love and romance etc.

अब साहित्य में उपलब्ध विशेषताओं के आधार पर निर्मित शीर्षकों को वर्गीकृत करने हेतु विभिन्न नियमों का उल्लेख किया जा रहा है।

(a) यदि शीर्षक में भाषा न दी गयी हो – जब शीर्षक में साहित्य की भाषा न दी गयी हो या साहित्य एक से अधिक भाषाओं से सम्बन्धित हो तो इन दोनों ही स्थित में शीर्षक को वर्ग संख्या 801–809 के अन्तर्गत सम्बन्धित अंकन के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाना चाहिए।

(a.1) जब पद 'साहित्य रचना' (Rhetoric/Composition) दिया गया हो – यदि साहित्य के शीर्षक में 'पद' साहित्य रचना को उल्लेखित किया गया हो उसे 800 या 808.1 –808.7 के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जायेगा। जैसे –

उदाहरण Russian rhetoric

808.04 + -9171 = 808.049 171

अनुसूची में 808.04 (Rhetoric in specific language) के अन्तर्गत 808.043 – 808.049 में अन्य भाषा को सारणी 6 से लाने का निर्देश दिया गया है। उपर्युक्त उदाहरण में आधार अंक 808.04 में रशियन भाषा का अंकन –9171 सारणी 6 से लिया गया है।

(a.2) मानक उपविभाजन का प्रयोग – यदि शीर्षक में ऐसे पद का प्रयोग हुआ हो जो मानक उपविभाजन के अंकन –01–07 से सम्बन्धित हो तो उसे अंकन 801–807 के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जायेगा।

उदाहरण Literacy organization

8[00] + -06 = 806

मुख्य वर्ग 800 साहित्य में –06 मानक उपविभाजन से लिया गया है तथा नियमानुसार अन्तिम वर्गांक बनाते समय दो शून्यों को हटा दिया गया है।

(a.3) यदि पद संग्रह (Collection) उपस्थित हो – यदि शीर्षक में पद संग्रह का प्रयोग हुआ हो तो इसे 808.8 में उपयुक्त वर्गांक के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जायेगा। यदि संग्रह के साथ विशिष्ट रूप भी उपस्थित हो तो इसे अंकन 808.81 – 808.88 के अन्तर्गत तथा यदि विशिष्ट रूप का उल्लेख न हो तो इसे 808.800 1 – 808.803 के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जायेगा। जैसे

उदाहरण Collection of literature displaying realism

808.80 + -12 = 808.801 2

अनुसूची में 808.8 (Collections from more than one literature) के अन्तर्गत 808.801 – 808.803 में सारणी 3 – ए के अकंन 1–3 को जोड़ने का निर्देश है। उपर्युक्त उदाहरण मे Realism के लिए –12 अकंन को सारणी 3 – ए से लिया गया है।

उदाहरण Collection of literature dispaying cartoon Fiction

808.83 + [-30)6 = 808.836

अनुसूची में 808.83 (* Collection of fiction) के अन्तर्गत 808.831 – 808.838 (Specific scopes and types) में सारणी 3 के अंकन –30 को हटाते हुए 301 –308 को प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है। उपर्युक्त उदाहरण में (cartoon fiction) के लिए अंकन –306 को (30 छोड़ते हुए) सारणी 3 से लिया गया है।

(a.4) यदि शीर्षक में समय (Periods) भी दिया गया हो – यदि शीर्षक में विशिष्ट रूप के साथ समय का भी उल्लेख किया गया हो इसे 808.81 – 808.88 के अन्तर्गत तारांकित नियमों का पालन करते हुए विशिष्ट तालिका में –01–05 (Historical Periods) के अन्तर्गत निर्देशानुसार –090 हटाते हुए मानक उपविभाजन सारणी से काल अंकन को जोड़ने का प्रावधान है। जैसे

उदाहरण Collection of 20th Century fiction

808.83 + 0+[-090] 4 = 808.830 4

(a.5) किसी विशिष्ट व्यक्तियों के लिये/या द्वारा संग्रह – जब साहित्य को किसी व्यक्तियों के लिये संग्रह किया गया हो या किसी व्यक्तियों द्वारा संग्रह किया गया हो तो इसे 808.89 (Collections for and by specific kinds of persons) के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाना चाहिए। यहाँ पर सारणी 3–ए के अंकन 8–9 को प्रयोग करने का निर्देश मिलता है। सारणी 3–ए के अंकन 8 (Literature for and by various specific, racial, ethnic groups) के अन्तर्गत सारणी 5 के अंकन –03–99 को लाने के लिये निर्देशित किया गया है। जैसे –

उदाहरण Collection of literature by Burmese

808.89 + -8 + -958 = 808.898 958

उपर्युक्त उदाहरण में निर्देशानुसार बर्मीज के लिए –958 अंकन को सारणी 5 से लिया गया है।

(a.6) यदि शीर्षक में जीवनी, इतिहास, आलोचना, एवं मूल्यांकन आदि उपस्थित हो – यदि शीर्षक में उपर्युक्त विचारों का समावेश किया गया हो तो इसे 809 अंकन के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जायेगा।

Critical history of 19th Century literature

8 [00] + 090 34 = 809.034

उपर्युक्त उदाहरण में नियमानुसार 19 वीं शताब्दी को दो शून्य हटाते हुए प्रयोग किया गया है।

इसी प्रकार

- Critical appraisal of Short Stories

809 + [808.3] + [-30]1 = 809.31

- Biography of literators = 809

(b) जब साहित्य की भाषा शीर्षक में दी गयी हो – यदि शीर्षक में साहित्य की भाषा का उल्लेख हो तो इसे मुख्य वर्ग साहित्य के 810–890 के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जायेगा।

उदाहरण Modern Persian literature = 891.55

(b.1) यदि शीर्षक में साहित्य का विशिष्ट रूप न हो – यदि शीर्षक में साहित्य की भाषा का तो उल्लेख हो किन्तु इसका विशिष्ट रूप न दिया गया हो तो सारणी 3 के पृष्ठ 389 पर वर्णित (0) से प्रारम्भ होने वाले 01 – 09 अंकन में से उपयुक्त वर्ग का प्रयोग किया जा सकता है।

(b.1a) मानक उपविभाजन का प्रयोग – जब भाषा साहित्य में मानक उपविभाजन का प्रयोग करना हो तो उपयुक्त मानक उपविभाजन –01–07 का प्रयोग सारणी 1 से किया जा सकता है। जबकि 08 – 09 का उल्लेख सारणी 3 में ही किया गया है। जैसे:–

उदाहरण Encyclopadia of Marathi literature

- 891.46 + -03 = 891.460 3

अनुसूची में मराठी साहित्य के लिए 891.46 दिया गया है तथा इसे तारांकित भी किया गया है। नियमानुसार विश्वकोश के लिए –03 अंकन को मानक उपविभाजन से लिया गया है।

(b.1b) यदि पद 'संग्रह' उपस्थित हो – यदि साहित्य की भाषा के साथ संग्रह का उल्लेख किया गया हो तो शीर्षक की भाषा के साथ सारणी 3 के अंकन –08 का प्रयोग किया जाता है। अंकन –08 में आधार अंक –080 लेते हुए सारणी 3–ए के अंकन 01–99 को प्रयोग करने का निर्देश दिया

गया है। नीचे क्रमशः दो उदाहरणों में इन नियमों का पालन किया गया है।

उदाहरण Collection of Punjabi literature

891.42 + -08 = 891.420 8

अनुसूची में 891. 42 पंजाबी साहित्य के लिए प्रयुक्त हुआ है तथा इसे तारांकित भी किया गया है। नियमानुसार संग्रह के लिए –08 अंकन को सारणी 3 से लिया गया है।

उदाहरण Collection of Punjabi literature displaying naturalism

यह उदाहरण उपर्युक्त का विस्तार हैं। पंजाबी साहित्य में संग्रह के लिए –08 जोड़ने के पश्चात् आधार अंक –080 लेते हुए सारणी 3–अ का प्रयोग करना है। अतः

891.42 + 080 + -12 = 891.420 801 2

इस वर्गांक में –12 अंकन को सारणी 3–ए से Naturalism के लिए प्रयुक्त हुआ है।

(b.1c) यदि शीर्षक में पद 'इतिहास' समीक्षा, मूल्यांकन जीवनी आदि दिये गये हो – यदि भाषा के साथ समीक्षा, इतिहास, विवरण आदि का उल्लेख किया गया हो तो इसके लिए सारणी 3 के अंकन –09 (History, Description, Critical appraisalch) का प्रयोग किया जायेगा, जिसे पुनः दो भागों में विभाजित किया गया है – पहला समय का अंकन जोड़ने के लिए तथा दूसरा सारणी 3–ए के अंकनों को जोड़ने के लिए

उदाहरण History of Telgu literature

891.827 + -09 = 894.827 09

Critical Study of Tamil literature

891.811 + -09 = 894.811 09

उपर्युक्त दोनो उदाहरणों में साहित्य की भाषा को तारांकित किया गया है तथा नियमानुसार –09 अंकन को सारणी 3 से लिया गया है।

उदाहरण Criticism of Hindi literature Displaying marriage life

891.43 + -09 + -354 = 891.430 935 4

अनुसूची में हिन्दी साहित्य के लिए 891.43 अंकन प्रयुक्त हुआ है। इसे तारांकित भी किया गया है। आलोचना के लिए –09 को सारणी 3 से लिया गया है। इसके नीचे –091–099 के अन्तर्गत सारणी 3–ए को प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया गया है। सारणी 3–ए से अंकन –354 marriage life के लिए जोड़ा गया है।

उदाहरण Critical analysis of 20th century German literature

83 + -090 0 + -91 = 830.900 91

उपर्युक्त उदाहरण में 83 अंकन जर्मन साहित्य के लिए प्रयुक्त हुआ है तथा सारणी 3 में –09 critical को वर्णित करता है इसके नीचे –090 01 – 090 09 निर्देशित करता है कि काल/समय को जोड़ने के लिये आधार अंक –090 0 लेते हुए सम्बन्धित साहित्य के लिये दी गयी समय तालिका (period table) से उपयुक्त अंकन को जोड़िये। उपर्युक्त उदाहरण में –91 बीसवीं शताब्दी के लिए जर्मन भाषा के लिए वर्णित समय तालिका से लिया गया है।

(b.2) यदि साहित्य की भाषा के साथ उसका विशिष्ट रूप भी दिया गया हो—

यदि शीर्षक में साहित्य की भाषा के साथ उसका विशिष्ट रूप भी दिया गया हो तो सारणी –3 के पृष्ठ 391–398 पर वर्णित उपविभाजन 1–8 एवं उनके उपखण्डों का प्रयोग किया जायेगा।

उदाहरण

1.	Sanskrit Drama		
	891.2 + -2 (table 3)	=	891.22
2.	Hindi Poetry		
	891.43 + -1(table 3)	=	891.431
3.	English fiction		
	82+ 3 (table 3)	=	823

उपर्युक्त उदाहरणों में क्रमशः drama 2 , poetry 1 तथा fiction 3 को सारणी 3 से लिया गया है

(b.2a) मानक उपविभाजन का प्रयोग – जब शीर्षक में साहित्य की भाषा एवं उसके विशिष्ट रूप के साथ मानक उपविभाजन (-01-09) की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित मानक उपविभाजन को सारणी 1 से लाकर -001-007 तक के अंकन का प्रयोग किया जायेगा। -008-009 का उल्लेख पृष्ठ 391 पर ही किया गया है। ये सारे मानक उपविभाजन पद्य के साथ संयुक्त रूप से दिये गये हैं। यदि दूसरा विशिष्ट रूप हो तो पद्य (poetry) के अंकन (-100 1) में 1 को हटाकर उस रूप का अंकन जोड़ देते हैं।

जैसे –

-2001, -3001, -4001 आदि।

उदाहरण – 1.	Encyclopaedia of Russian Poetry		
	891.7 + -100 3	=	891.710 03
2.	Encyclopaedia of Russian Drama		
	891.7 + 200 + [-100]3	=	891.720 03
3.	Research on Sanskrit Fiction		
	891.2 + -300 + [-100] 72	=	891.230 072
4.	Collection of French poetry		
	84 + -1008	=	841.008
5.	History of Telgu Drama		
	894.827 + -200 + [-100] 9	=	894.827 200 9
6.	Biography of Hindi poets		
	891.43 + -100 9	=	891.431 009

(b.2b) पद 'संग्रह' के साथ सारणी 3 –ए का प्रयोग – जब शीर्षक में साहित्य की भाषा, उसका विशिष्ट रूप एवं संग्रह के साथ सारणी 3– ए का प्रयोग करना हो तो आधार अंक संग्रह के साथ एक शून्य को जोड़कर (–80 +0) किया जायेगा जैसे–

उदाहरण । Collection of German drama displaying romanticism

83 + -200 + [-100] 80 + -145 = 832.008 014 5

उपर्युक्त उदाहरण में जर्मन साहित्य के लिए 83 आधार अंक अनूसूची से लिया गया है। –2 अंकन नाटक के लिए प्रयुक्त हुआ है तत्पश्चात् निर्देशानुसार दो शून्य को जोड़ा गया है एवं –100 हटाते हुए 8 संग्रह के लिए प्रयुक्त हुआ है। सारणी 3 –ए जाने के लिए –80 आधार अंक लिया गया है तथा –145 अंकन रोमांस के लिए प्रयुक्त हुआ है। इसी प्रकार

2. Collection of English fiction displaying fantasy

82 + -300 +[-100] 80 + -15 = 823.008 015

3. Collection of French poetry about everyday life.

84 + -100 80 + -355 = 841.008 035 5

4. Collection of Tamil Drama displaying ghosts

894.811 + -200 +[-100] 80 + -375 = 894.811 200 803 75

(b.2c) विशिष्ट रूप के साथ इतिहास, मूल्यांकन तत्पश्चात् सारणी 3 –ए का प्रयोग

यदि शीर्षक में रूप के साथ पद 'मूल्यांकन, जीवनी, विवरण, आलोचना एवं समीक्षा आदि दिये गये हों तो सारणी 3 के उपविभाजन –100 9 का प्रयोग आवश्यकतानुसार विशिष्ट रूप को परिवर्तित करते हुए किया जायेगा। जैसे Biography of Poets (-100 9) Biography of dramatist (-200 9) इत्यादि। सारणी 3 में .100 9 के अन्तर्गत ही 3 –ए के अंकनो को प्रयोग करने का प्रावधान है।

उदाहरण 1. History of Burmese poetry

895.8 + -100 9 = 895.810 09

अनुसूची में बर्मीज भाषा के साहित्य के लिए 895.8 अंकन प्रयुक्त हुआ है। इसके साथ सारणी 3 से poetry के –1 एवं History के लिए –009 अर्थात् संयुक्त नम्बर –100 9 का प्रयोग किया गया है।

2. History of human qualities in Hindi drama

891.43 + - 200[-100] 9 + - 353 = 891.432 009 353

उपर्युक्त उदाहरण में Human qualities के लिए अंकन –353को सारणी 3–ए से लिया गया है।

3. Evaluation of Urdu poetry displaying horror.

891.439 + -100 9 + -16 = 891.439 100 916

4. Rajasthani poetry displaying special days: Critical study

891.479+-100 9 + -33 = 891.479 100 933

(b.2d) विशिष्ट रूप के साथ काल का प्रयोग – यदि सहित्य को किसी अवधि के दृष्टिकोण पर अध्ययन किया गया हो अर्थात् जब शीर्षक में रूप के साथ काल भी दिया गया हो तो इसे सारणी

–3 में सम्बन्धित रूप के अन्तर्गत वर्णित केन्द्रित शीर्षक –11–19 poetry of specific periods , -21-29 drama of specific periods, -31-39 fiction of specific periods आदि के अन्तर्गत दिये गये निर्देशानुसार वर्गांक निर्मित किया जायेगा। इसके लिए निम्नलिखित क्रम का प्रयोग किया जाता है।

साहित्य की भाषा + विशिष्ट रूप + काल + –10 को हटाते हुए –100 1 –100 9

नोट – अनुसूची में सूचीबद्ध भाषा के अन्तर्गत काल तालिका का उल्लेख किया गया है। यदि विशिष्ट भाषा के अन्तर्गत इसको नहीं दिया गया, तो वहाँ पर जिस भाषा के अन्तर्गत वर्णित काल तालिका को प्रयुक्त करना है, का निर्देश दिया गया है जैसे बंगाली, राजस्थानी आदि साहित्य के अन्तर्गत 891.4 में वर्णित काल तालिका को प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया गया है।

उदाहरण :– Collection of Hindi Drama of 19th century

891.43 + -2 + 4 + [-10] 08 = 891.432 408

उपर्युक्त उदाहरण में हिन्दी के लिए 891.43 प्रयोग हुआ है, नाटक के लिए –2 तथा हिन्दी साहित्य के नीचे वर्णित तालिका से 4 उन्नीसवीं शताब्दी के लिए लिया गया है। नियमानुसार –10 को हटाते हुए 08 संग्रह के लिए प्रयोग हुआ है। यदि इसके साथ सारणी 3 –ए का प्रयोग करना हो तो 08 में एक शून्य बढ़ाते हुए 3– ए का प्रयोग किया जा सकता है। जैसे

उदाहरण Collection of later 20th century Tamil ficition about animals.

894.811+-3 + 7 +[-10] 080+-36 = 894.811 370803 6

Critical analysis of 20th century German fiction

83 + -3 + 91 +[-10] 09 = 833.910 9

उपर्युक्त उदाहरण में जर्मन साहित्य के लिए 83 अंकन प्रयुक्त हुआ है। उपन्यास हेतु सारणी 3 से –3 लिया गया है। जर्मन साहित्य के अन्तर्गत वर्णित काल तालिका से 91 को बीसवी शताब्दी के लिए जोड़ा गया है। सारणी 3 में दिये गये –31–39 fiction of specific periods निर्देशानुसार –10 को हटाते हुए 09 आलोचनात्मक विश्लेषण के लिए प्रयुक्त हुआ है। यदि शीर्षक की माँग हो तो 09 के बाद सीधे सारणी 3– ए का प्रयोग किया जा सकता है क्योंकि –100 9 के अन्तर्गत निर्देश दिया गया है जैसे–

उदाहरण Critical appraisal of fairies tales in later 20th century in Hindi fiction

891.43 + -3 + 7 + [-10] 09+-375 = 891.433 709 375

उपर्युक्त उदाहरण में –375 को सारणी 3 –ए से fairies tales के लिए लिया गया है।

(b.2e) विशिष्ट रूपों के विशिष्ट प्रकार – सारणी 3 में वर्णित विशिष्ट रूपों के विशिष्ट प्रकारों – 102, 108, 202, 301, 501 आदि का प्रयोग आवश्यकतानुसार किया जायेगा। इन सबको तारांकित भी किया गया है। इनको तारांकित करने का तात्पर्य है कि –1 –8 Specific forms के अन्तर्गत ऐसे तारांकित अंकनों के साथ मानक उपविभाजन –01–07, –08, –09 पद के अंकन को आवश्यकतानुसार जोड़ने का प्रावधान है। अंकन –08 एवं –09 को पुनः सारणी 3 –ए द्वारा उपविभाजित कर और अधिक सह –विस्तृत बनाया गया है। कुछ अंकनों को तारांकित नहीं किया गया जैसे 802 – 808 । जिन अंकनों को तारांकित नहीं किया गया उनके साथ केन्द्रित शीर्षक

-1,–8 के अन्तर्गत दिये गये निर्देशों का पालन नहीं किया जायेगा। इन उदाहरणों में उपर्युक्त नेयमों का प्रयोग हुआ है।

उदाहरण

1. Collection of realism in Hindi drama for radio and television

   891.43 + -202 +-08 + -12 = 891.432 020 812

2. Collection of English short stories

   82 + -301 + -08 = 823.010 8

3. Evalation of Hindi love stories by Singhalese

   891.43 + -308 5 + -09 + 8 + -914 8 = 891.433 085 098 914 8

4. History of tragedy drama of French

   84+-205 12 + -09 = 842 051 209

(b.2f) विशिष्ट रूपों के विशिष्ट प्रकारों के साथ काल का प्रयोग – यदि शीर्षक में विशिष्ट रूपों के विशिष्ट प्रकार के साथ काल का प्रयोग हुआ हो तो भाषा + विशिष्ट रूप + काल अंकन + विशिष्ट रूप के प्रकार को लिखते हैं। इसके बाद आवश्यकतानुसार केन्द्रित शीर्षक 1–8 के अन्तर्गत दिये गये निर्देश का प्रयोग किया जा सकता है।

उदाहरण

1. Collection of 20th century realism Hindi drama for radio and television.

   891.43 + -2 + 7 + - 02+-08 = 891.432 702 08

2. Evaluation of adventure in Russian fiction of 20th century about social themes.

   891.7 + -3 +4 + -087 + -09 + -355 = 891.734 087 093 55

3.1.4 विलियम शेक्सपियर के कार्यों की तालिका (Table of works about and by Shakespeare)

अनुसूची में शेक्सपियर के कार्यों की पृथक तालिका दी गयी है जिसे अंकन 822.33 के अन्तर्गत वर्णित किया गया है। इसमें वर्णानुक्रम (Alphabetical order) का प्रयोग किया गया है। शेक्सपियर के व्यक्तिगत कार्यों का O-Z तक सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें O-R तक हास्य (Comedies), S-V दुःखद (Tragedies), W-X ऐतिहासिक (Histories), कविताएं (Poems) तथा Z संशय (Doubtful) कृतियों का उल्लेख किया गया है। कृतियों को अंग्रेजी वर्णमाला के साथ दो संख्याओं को डैश (-) से जोड़ा गया है। इसमें पहली संख्या मूल पाठ के लिए तथा दूसरी संख्या उसकी आलोचना, समीक्षा आदि से सम्बन्धित है।

यदि मूलकृति का वर्गांक बनाना हो तो अंग्रेजी वर्णमाला की साथ पहली संख्या का प्रयोग होगा लेकिन जब किसी मूलकृति की समीक्षा आदि का वर्णन हो तो अंग्रेजी वर्णमाला के साथ सिर्फ दूसरी संख्या का प्रयोग किया जायेगा। यह उल्लेखनीय है कि दोनों संख्याओं का एक साथ प्रयोग किये

RIL-096

जाने का प्रावधान नहीं है उपर्युक्त नियमों पर आधारित उदाहरण निम्नलिखित है:

उदाहरण

1.	Biography of Shakespeare	822.33B
2.	As you like it by Shakespeare	822.33O3
3.	Criticism on As you like it of Shakespeare	822.33O4
4.	Complete works on tragedies of Shakespeare	822.33 S-V

3.1.5 सारणी 3 –ए के अन्तर्गत वरीयताक्रम तालिका

सारणी 3–ए में केन्द्रित शीर्षक '8-9 literature for and by specific kinds of persons' के अन्तर्गत वरीयता क्रम तालिका दी गयी है। अतः आवश्यकता पड़ने पर इस सारणी का प्रयोग किया जाता है।

3.1.6 कृत्रिम भाषाओं का साहित्य

अनुसूची के पृष्ठ 1434 पर वर्गांक '899 other literature' के अन्तर्गत कृत्रिम भाषाओं के साहित्य को सारणी –6 की सहायता से वर्गीकृत करने का प्रावधान किया गया है।

3.1.7 वर्गीकृत शीर्षक (Worked out Titles)

उपयुक्त ढंग से विश्लेषित एवं समझायी गयी विधि द्वारा निम्नलिखित शीर्षकों को वर्गीकृत कीजिए तथा सामने दी गयी वर्ग संख्या से मिलाइये। वर्गाकार [ ] कोष्ठक में दिये गये अंकनों को अन्तिम वर्गांक बनाते समय नियमानुसार हटाया गया है।

1. Stream of consciousness in 20th English novel
   82 +–3 + 91 + -09 + -25 = 823.910 925
2. Collection of Hindi potery for children
   891.43 + -100 80 + -928 2 = 891.431 008 092 82
3. Hindu religion in British fiction
   82 + -300 +[-100] 9 + -4 + 294.5 = 823.009 429 45
4. Collection of English literature written by Negroes.
   82 + -08 + 0 + -8 + -036 = 820.808 036
5. All India Conference on American Literature
   81 + -060 + -54 = 810.605 4
6. Critical appraisal of Victorian fiction
   82 + -3 + 8 + -09 = 823.809
7. Collection of 20th century literature
   808.800 + [-090] 4 = 808.800 4
8. Post Elizabethan English drama
   82 + 2 + 4 = 822.4

9. History of lyric poetry
809 + [808.8] 1 + [-10] 4 = 809.14

10. Collection of drama for motion pictures
808.82 + [-20]3 = 808.823

11. Biography of Rabindra Nath Tagore (Bengali Poet, born in 1869)
891.44 + -1 + 4 +[-10] 09 = 891.441 409

12. Complete works of Shakespeare in English without notes
822.33 + I = 822.33 I

13. History of Greek literature displaying social themes
889 + -09 + -355 = 889.093 55

14. Biography of English debators.
82 + -503 +-09 = 825.030 9

15. French short story - a bibliography
84 + -301+ -016 = 843.010 16

3.2 सारणीय विशिष्ट भाषाओं के उपविभाजन (Subdivisions of Individual Languages)

3.2.1 परिचय (Introduction)

इस सारणी में भाषा के उपविभाजनों का उल्लेख किया गया है। इनका प्रयोग मुख्य वर्ग 400 भाषा में तारांकित अकनों के साथ ही किया जाता है। इस इकाई में चतुर्थ सारणी से सम्बन्धित शीर्षकों को वर्गीकृत कर समझाया गया है तथा इस सारणी के प्रयोग सम्बन्धी नियमों का समावेश भी किया गया है।

इस सारणी को प्रथम खण्ड में ही पृष्ठ 404–407 तक वर्णित किया गया है। ये भाषा विषयक उपविभाजन होते हैं। इस सारणी का प्रयोग केवल मुख्य वर्ग 400 भाषा के साथ ही किया जाता है। इनको उन्ही अंकन के साथ जोड़ा जाता है जिस अंकन को तारांकित किया गया है। चतुर्थ सारणी के अंकन भी अपने आप में पूर्ण वर्गांक नहीं होते। अत: इनका प्रयोग भी अकेले नहीं किया जाता है। इन्हें मुख्य वर्ग 420–490 में वर्णित एवं तारांकित वर्गाको के साथ जोड़ने के बाद ही पूर्ण वर्गांक बनते हैं। इन अंकनों को प्रयोग करने के लिए 420–490 (अनुसूची) विशिष्ट भाषाओं के नीचे निर्देश दिये गये हैं।

3.2.2 भाषा उपविभाजनों को प्रयोग करने के नियम

भाषा उपविभाजनों को प्रयोग करने के लिए मुख्य नियम इस प्रकार हैं–

(1) इनका प्रयोग सिर्फ मुख्य वर्ग भाषा 400 में 420–490 के अन्तर्गत तारांकित अंकनों में ही किया जायेगा।

(2) अनुसूची में जो भाषा शून्य पर समाप्त होती है उनके लिए आधार अंक शून्य को हटाते हुए प्रयोग किये जाने का निर्देश है।

(3) यदि भाषा मुख्य वर्ग के साथ सारणी 4 के किसी अंकन का प्रयोग हो चुका हो फिर भी शब्दकोश का अंकन जोड़ा जाना हो तो शब्दकोश के लिए मानक उपविभाजन के अंकन –03 का प्रयोग किया जायेगा।

(4) द्विभाषी शब्दकोश में प्रथम भाषा का अंकन मुख्य वर्ग 400 से तथा दूसरी भाषा का अंकन सारणी 6से लाया जायेगा। इस सारणी में विभिन्न भाषाओं के विविध पहलुओं जैसे स्वरलिपि (notations), पुरालिपिशास्त्र (paleography) , ध्वनिशास्त्र (phonology),उच्चारण (pronounciations) ,शब्दकोश (dictionary) तथा व्याकरण (grammar) आदि का उल्लेख किया गया है। इस सारणी पर आधारित कुछ वर्गीकृत शीर्षक इस प्रकार हैं –

उदाहरण 1. Pronounciation in Urdu words

491.439 + -81 = 491.439 81

ए.ए.सी.आर. 2 संशोधित का परिचय, विवरण के स्तर, प्रयोक्ता मार्गदर्शिका, प्रविष्टियों के प्रकार तथा उनकी संरचना एवं सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स 05

इकाई 2
समिष्ट लेखक. शासन, संस्था एवं सम्मेलन 35

इकाई 3
बहुखण्डीय ग्रन्थ 108

इकाई 4
समिश्र ग्रन्थों का सूचीकरण 131

इकाई 5
जटिलताओं आवधिक प्रकाशनों का सूचीकरण 153

इकाई 6
अग्रन्थीय सामग्री का सूचीकरण – भौगोलिक सामग्री, सूक्ष्मरूप सामग्री, चलचित्र एवं वीडियो रिकार्डिंग्स तथा कम्प्यूटर फाइल्स 174

सन्दर्भ एवं अतिरिक्त पाठ्य सामग्री 214

RIL-096

पाठ्यक्रम अभिकल्पन समिति

1. प्रोफेसर नीतीश कुमार सान्याल (अध्यक्ष)
   कुलपति (26 अप्रैल, 2002 तक)
   उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
   इलाहाबाद
2. प्रोफेसर देवेन्द्र प्रताप सिंह (अध्यक्ष)
   कुलपति, (27 अप्रैल, 2002 से)
   उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
   इलाहाबाद
3. डॉ. यू. एम. ठाकुर,
   निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान,
   पटना विश्वविद्यालय,
   पटना
4. डॉ. एस. पी. सूद,
   एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (सेवा निवृत्त)
   ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान विभाग,
   राजस्थान विश्वविद्यालय,
   जयपुर
5. डॉ. बी. के. शर्मा,
   उपाचार्य एवं विभागाध्यक्ष,
   पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग,
   डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय,
   आगरा
6. डॉ. जे. एन. गौतम,
   उपाचार्य एवं विभागाध्यक्ष,
   ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान अध्ययनशाला,
   जीवाजी विश्वविद्यालय,
   ग्वालियर
7. श्री शंकर सिंह,
   प्रबन्धक (पुस्तकालय),
   पावर फाइनेन्स कारपोरेशन लि0,
   चन्द्रलोक, 36 जनपथ,
   नई दिल्ली
8. डॉ. एस. एन. सिंह
   वरिष्ठ सहायक ग्रन्थालयी,
   केन्द्रीय तिब्बती विश्वविद्यालय,
   सारनाथ, वाराणसी
9. डॉ. (श्रीमती) सोनल सिंह,
   वरिष्ठ प्रवक्ता,
   ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान अध्ययनशाला,
   विक्रम विश्वविद्यालय,
   उज्जैन
10. श्री सुनील कुमार,
    वरिष्ठ प्रवक्ता
    एस. सी. ई. आर. टी.,
    वरुण मार्ग, डिफेंस कालोनी,
    नई दिल्ली
11. डॉ. प्रभाकर रथ (पाठ्यक्रम संयोजक),
    ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान संकाय,
    इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय,
    मैदान गढ़ी,
    नई दिल्ली
12. डॉ. ए. के. सिंह (प्रशासनिक संयोजक)
    कुलसचिव
    उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
    इलाहाबाद

पाठ्यक्रम निर्माण समिति

लेखक	सम्पादक	कार्यालयीन सहायक
डॉ. एस. पी. सूद	डॉ. जे. एन. गौतम	(1) श्री रंजीत बनर्ज़ी
		(2) श्री दिलीप त्रिपाठी
		(3) श्री पंकज श्रीवास्तव

सितम्बर, 2002

© उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

प्राक्कथन

आधुनिक समाज में ज्ञान एवं विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर नवीन विषयों का आविर्भाव हो रहा है। इन नवीन विषय क्षेत्रों में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान भी एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी विषय है। मानव संसाधन विकास के अन्तर्गत किये गये विभिन्न अध्ययनों से यह ज्ञात होता है कि विभिन्न प्रकार के पुस्तकालयों, प्रलेख पोषण केन्द्रों और सूचना केन्द्रों में विभिन्न श्रेणियों एवं स्तरों पर प्रशिक्षित जनशक्ति (Man power) की आवश्यकता होती है। इस आवश्यकता की पूर्ति हेतु विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की गयी जो प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान कर प्रशिक्षित जनशक्ति को तैयार करते हैं।

पुस्तकालयों, प्रलेख पोषण केन्द्रों और सूचना केन्द्रों में उच्च पदों पर चयन एवं नियुक्ति हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) को आवश्यक माना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में तकनीकी सहायकों, सहायक पुस्तकालयाध्यक्षों और पुस्तकालयाध्यक्षों हेतु 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) को मूलभूत योग्यता माना है। विभिन्न राज्य सरकारों ने भी अपने विभिन्न विभागों के अन्तर्गत संचालित पुस्तकालयों एवं सूचना केन्द्रों हेतु राजपत्रित पदों पर नियुक्ति के लिए 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) आवश्यक योग्यता निर्धारित की गयी है।

वर्तमान में भारत में लगभग 50 विश्वविद्यालय, 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) उपाधि प्रदान कर रहे हैं। अधिकांश विश्वविद्यालय नियमित पाठ्यक्रम ही संचालित कर रहे हैं जिनमें सीमित संख्या में छात्रों का प्रवेश सम्भव हो पाता है। छात्रों की शैक्षिक आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए दूरस्थ शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) कार्यक्रम को संचालित करने का प्रथम प्रयास इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा अंग्रेजी माध्यम में किया गया। फलस्वरूप हिन्दी भाषी प्रदेशों के छात्र अधिक लाभ नहीं ले पाते। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद ने उक्त कार्यक्रम हिन्दी माध्यम से प्रारम्भ करने का प्रयास किया है।

'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) के अन्तर्गत शिक्षकों एवं छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरल एवं सुगम हिन्दी भाषा में विषय विशेषज्ञों और वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा सभी पाठ्यक्रमों का प्रमाणिक साहित्य तैयार कराया गया है। प्रत्येक पाठ्यक्रम में अध्ययन सामग्री को विशेष क्रम के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। केन्द्रीय हिन्दी मंत्रालय के वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित पारिभाषिक शब्दावली एवं इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान शब्दावली में से ही विषय से सम्बन्धित तकनीकी शब्दों का प्रयोग किया गया है। पाठ्य-सामग्री के अन्त में प्रमुख शब्दों की विवेचना एवं परिभाषा तथा सन्दर्भ एवं अतिरिक्त पाठ्यसामग्री की सूची प्रस्तुत की गयी है।

RIL-096

उद्देश्य एवं क्षेत्र

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद का हिन्दी भाषा में 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) कार्यक्रम को संचालित करने का प्रमुख उद्देश्य उन छात्रों को लाभान्वित करना है जो अंग्रेजी माध्यम द्वारा अध्ययन करने में असमर्थ होते हैं। साथ ही ऐसे पुस्तकालय कर्मचारियों की सहायता करना है जो विभिन्न संस्थानों में कार्यरत हैं और अवकाश लेकर नियमित रूप से इस कार्यक्रम को पूर्ण करने में असमर्थ हैं। ऐसे कर्मचारियों के भविष्य के शैक्षिक विकास व्यावसायिक योग्यता बढ़ाने और पदोन्नति में यह कार्यक्रम विशेष रूप से सहायक होगा।

'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) के इस एक वर्षीय कार्यक्रम में 08 पाठ्यक्रमों को समावेशित किया गया है जो कि दो सत्रों (Semesters) में विभक्त किया गया है। सभी पाठ्यक्रमों का अभिकल्पन इस प्रकार किया गया है कि अध्ययन के पश्चात् छात्र अथवा कार्यरत कर्मचारी किसी भी प्रकार के पुस्तकालय और सूचना केन्द्र में कार्य करने में समर्थ हो सकेंगे। इस कार्यक्रम में सूचना प्रबन्धन एवं प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग पर विशेष बल दिया गया है।

आशा और विश्वास है कि प्रस्तुत पाठ्य अध्ययन सामग्री पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के प्राध्यापकों एवं 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर' (MLIS) स्तर पर अध्ययनरत छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

विषय प्रवेश (Course Introduction)

ग्रन्थालय सूची, ग्रन्थालय में उपलब्ध पाठ्य सामग्री की सूचना देने तथा प्राप्ति का प्रमुख साधन है फिर भी ग्रन्थालय सूची अपने पाठकों की सभी अभिगमों की पूर्ति में असमर्थ रहती है। भारतीय विश्वविद्यालयों के ग्रन्थालय विज्ञान विभागों में मुख्यतया दो सूची संहिताओं द्वारा ग्रन्थों के सूचीकरण प्रक्रिया का अध्ययन कराया जाता है। रंगनाथनकृत सी.सी.सी. एवं ए.ए.सी.आर.-2। आधुनिक कम्प्यूटर युग में ग्रन्थालयों के स्वचालन की दृष्टि से ए.ए.सी. आर.-2 को ग्रन्थालयों द्वारा बहुतायत से अपनाया गया है। इस प्रकार ए.ए.सी.आर.-2 ने अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप ग्रहण कर लिया है, इस सूची संहिता में विभिन्न प्रकार की ग्रन्थीय तथा अग्रन्थीय सामग्री जैसे भौगोलिक सामग्री, सूक्ष्मरूप सामग्री, वीडियो रिकार्डिंग, कम्प्यूटर फाइल आदि के सूचीकरण का प्रावधान है। विश्व में निर्मित अधिकांश साफ्टवेयर में इसी सूची संहिता को अपनाया गया है।

इस पाठ्य सामग्री को 6 इकाइयों में विभक्त कर अध्ययन किया गया है। इकाई 1 में ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित का परिचय, विवरण के स्तर, प्रयोक्ता मार्गदर्शिका, प्रविष्टियों के प्रकार तथा उनकी संरचना एवं सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हेडिंग्स का वर्णन किया गया है। इकाई 2 में समष्टि लेखक-शासन, संस्था एवं सम्मेलन के ग्रन्थों को सूचीकृत करने के नियमों की व्याख्या की गई है। इकाई 3 में बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार 1 एवं 2 एवं इकाइ 4 में समिश्र ग्रन्थ-सामान्य समिश्र ग्रन्थ एवं कृत्रिम समिश्र ग्रन्थों प्रकार-1 एवं 2 के नियमों का सोदाहरण वर्णन किया गया है। इकाई 5 में जटिलता युक्त आवधिक प्रकाशनों के सूचीकरण एवं इकाइ 6 में अग्रन्थीय सामग्री-भौगोलिक सामग्री, सूक्ष्मरूप सामग्री, चलचित्र एवं वीडियो रिकार्डिंग तथा कम्प्यूटर फाइल को सूचीकृत करने के नियमों की व्याख्या की गई है। प्रत्येक इकाई के अन्त में स्वअभ्यास हेतु मुखपृष्ठ भी दिये गये हैं ताकि अध्ययन किये गये नियमों का छात्रों द्वारा अभ्यास किया जा सके।

इकाई 1 : ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित का परिचय, विवरण के स्तर, प्रयोक्ता मार्गदर्शिका, प्रविष्टियों के प्रकार तथा उनकी संरचना एवं सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स

INTRODUCTION OF AACR-2R, LEVELS OF DESCRIPTION, USERS' GUIDE, TYPES OF ADDED ENTRIES AND THEIR STRUCTURE AND SEARS LIST OF SUBJECT HEADINGS

संरचना

1.0 उद्देश्य

1.1 ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित का परिचय

1.2 ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित की संरचना

1.3 विवरण के स्तर

1.3.1 प्रथम स्तरीय विवरण (First Level of Description)

1.3.2 द्वितीय स्तरीय विवरण (Second Level of Description)

1.3.3 तृतीय स्तरीय विवरण (Third Level of Description)

1.4 ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित की मार्गदर्शिका

1.5 प्रविष्टियों के प्रकार तथा संरचना

1.5.1 मुख्य प्रविष्टि

1.5.2 इतर प्रविष्टि के प्रकार एवं संरचना

1.5.3 निर्देश

1.6 सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स (संस्करण-16)

1.0 उद्देश्य (Objectives of the Unit)

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं–

- ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित की संरचना को समझाकर इससे परिचित कराना।
- विवरण के विभिन्न स्तरों से परिचित कराना।
- प्रयोक्ता मार्गदर्शिका में विभिन्न नियमों को एक स्थान पर एकत्रित कर सूचीकरण कार्य में सहायता प्रदान करना।
- ए.ए.सी.आर.-2 की विभिन्न प्रविष्टियों की संरचना का ज्ञान कराना।

1.1 ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित का परिचय (Introduction to AACR-2R)

1988 में प्रकाशित ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित का निर्माण छह संस्थाओं अमेरिकन लाइब्रेरी एसोसियेशन, आस्ट्रेलियन कमेटी ऑन केटालॉगिंग, ब्रिटिश लाइब्रेरी, केनेडियन कमेटी ऑफ केटालॉगिंग, लाइब्रेरी एसोसियेशन एवं लाइब्रेरी ऑफ कॉंग्रेस की जायंट स्टीयरिंग कमेटी फॉर रिविजन ऑफ ए.ए.सी.आर. द्वारा माइकेल गोरमेन एवं पॉल डब्ल्यू विन्कलर के सम्पादकत्व में किया गया है।

1.2 ए. ए. सी. आर.-2 संशोधित की संरचना (Structure of AACR-2R)

यह सूची संहिता दो भागों में विभक्त है। भाग 1 विवरण (Description) निम्नलिखित 13 अध्यायों में विभक्त है जिनमें विभिन्न प्रकार की पाठ्य-सामग्री के विवरणात्मक सूचीकरण हेतु नियमों का विस्तार से वर्णन किया गया है। इस भाग के सभी नियम अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थपरक विवरण- सामान्य (ISBD-General) पर आधारित हैं–

अध्याय 1 विवरण के सामान्य नियम
(General Rules for Description)

अध्याय 2 ग्रन्थ, पुस्तिकाएँ एवं मुद्रित पन्ने
(Boks, Pamphlets and Printed Sheets)

अध्याय 3 मानचित्र सम्बन्धी सामग्री
(Cartographic Materials)

अध्याय 4 पाण्डुलिपियां (पाण्डुलिपि संग्रह सहित)
(Manuscripts including Manuscript Collections)

अध्याय 5 संगीत
(Music)

अध्याय 6 ध्वनि अभिलेख
(Sound Recordings)

अध्याय 7 मोशन चल चित्र एवं विडियो रिकार्डिंग
(Motion Pictures and Video recordings)

अध्याय 8 चित्रीय सामग्री
(Graphic Materials)

अध्याय 9 कम्प्यूटर फाइल्स
(Computer Files)

अध्याय 10 त्रिदिशीय, शिल्प तथ्य
(Three Dimenional Artefacts Relia)

अध्याय 11 सूक्ष्मरूप सामग्री
(Microforms Material)

अध्याय 12 क्रमिक
(Serials)

अध्याय 13 विश्लेषण
(Analysis)

भाग 2 : शीर्षक, एकरूप आख्यायें एवं निर्देश (Headings, Uniform Titles and References) पुनः छह अध्यायों में विभक्त हैं जिनमें सूची के उपयोगकर्त्ताओं हेतु शीर्षक वरण, एवं विभिन्न खोज बिन्दुओं (Access points) के निर्धारण एवं निर्देशों के निर्माण के नियम दिये गये हैं।

अध्याय 21 : खोज बिन्दुओं का चयन
(Choice of Access Points)

अध्याय 22 : व्यक्तियों हेतु शीर्षक

(Headings for Persons)

अध्याय 23 : भौगोलिक नाम
(Geographic Names)

अध्याय 24 : समष्टि निकायों के शीर्षक
(Headings for Corporate Bodies)

अध्याय 25 : एकरूप आख्यायें
(Uniform Titles)

अध्याय 26 : निर्देश
(References)

ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित का परिचय, विवरण के स्तर, प्रयोक्ता मार्गदर्शिका, प्रविष्टियों के प्रकार तथा उनकी संरचना एवं सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स

भाग-2 के प्रत्येक अध्याय के प्रारम्भ में सामान्य नियम तथा बाद में विशेष नियम दिये गये हैं। विशेष नियम के अभाव में सामान्य नियम ही लागू होते हैं।

सूची संहिता के अन्त में निम्नलिखित चार परिशिष्ट (Appendices) दिये गये हैं :

परिशिष्ट A : बड़े अक्षरों का प्रयोग
(Capitalization)

परिशिष्ट B : संकेताक्षर
(Abbreviation)

परिशिष्ट C : संख्यापद
(Numerals)

परिशिष्ट D : पारिभाषिक शब्दावली
(Glossary)

संहिता के अन्त में दी गई अनुक्रमणिका द्वारा सम्बन्धित नियम तक सुगमता से पहुँचा जा सकता है।

1.3 विवरण के स्तर (Levels of Description)

ए. ए. सी . आर.–2 (1978) एवं संशोधित ए. ए. सी. आर.–2 (1988) में तीन स्तरीय ग्रन्थालयों- छोटे, मध्यम एवं विशाल हेतु विवरणात्मक सूचीकरण के अलग-अलग स्तरीय विवरण– प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का प्रावधान किया गया है।

1.3.1 प्रथम स्तरीय विवरण (First Level of Description)

ए. ए. सी. आर.–2 के नियमांक 1.0D1 के अनुसार छोटे ग्रन्थालयों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए संक्षिप्त सूचीकरण हेतु प्रथम स्तरीय विवरण का प्रावधान किया गया है, जिसमें ग्रन्थ की पहचान हेतु न्यूनतम सूचनायें दी जाती हैं। इसमें मात्र मुख्य आख्या को ही सम्मिलित किया जाता है तथा अन्य आख्याओं को छोड़ दिया जाता है। इसी प्रकार उत्तरदायित्व क्षेत्र में भी शीर्षक के समान होने पर उत्तरदाायेत्व विवरण लिखने की आवश्यकता नहीं होती। संस्करण विवरण को तो अंकित किया जाता है परन्तु संस्करण विशेष के उत्तरदायित्व विवरण को नहीं लिखा जाता।

इसी प्रकार इसमें ग्रन्थ के भौतिक स्वरूप सम्बन्धित न्यूनतम सूचनायें ही अंकित की जाती हैं। इसे निम्नलिखित आरेखीय चित्र द्वारा अधिक स्पष्टता से समझा जा सकता है–

Title proper/first statement of responsibility, if different from main entry heading in form or number or if there is no main entry heading.–Edition statement.–Material (or type of publication) specific details.–Place of publication.–First publisher, etc. date of publication, etc.–Extent of item.–Note (s).–Standard number.

1.3.2 द्वितीय स्तरीय विवरण (Second Level of Description)

ए. ए. सी. आर.–2 के नियमांक 1.0D2 के अनुसार द्वितीय स्तर में प्रथम स्तर की सभी सूचनाओं के अतिरिक्त मुख्य आख्या के बाद सामान्य सामग्री पद (General material designation), समानान्तर आख्या तथा अन्य सभी आख्याएं भी दी जाती हैं। इस स्तर में सभी प्रकार के उत्तरदायित्व विवरण को भी सम्मिलित किया जाता है। संस्करण विवरण के साथ-साथ उससे सम्बन्धित उत्तरदायित्व क्षेत्र में निमयानुसार सभी सूचनायें अंकित की जाती हैं। यह स्तर मध्यम श्रेणी के ग्रन्थालयों के सूचीकरण हेतु प्रस्तापित है। इसे निम्नलिखित आरेखीय चित्र द्वारा स्पष्टता से समझा जा सकता है–

Title proper [general material designation] = parallel title : other title information/ first statement of responsibility; each subsequent statement of responsibility.–Edition statement/first statement of responsibility relating to the edition.–Material (or type of publication) specific details.–First place of publication etc. : first publisher etc., date of publication etc.–Extent of item : other physical details; dimensions.–(Title proper of series/statement of responsibility relating to series, ISSN of series; numbering within the series. Title of subseries, ISSN of subseries; numbering with subseries).–Note (s).–Standard number.

1.3.3 तृतीय स्तरीय विवरण (Third Level of Description)

ए. ए. सी. आर.–2 के नियमांक 1.0D3 के अनुसार विशाल एवं शोध ग्रन्थालयों के उपयोगकर्त्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सूची संहिता के सभी नियमों में प्रस्तावित सूचनायें इस स्तर में अंकित की जाती हैं।

ग्रन्थालयों मे सूची के विवरण के स्तर का निर्धारण ग्रन्थालयों के स्वरूप, प्रकार एवं पाठकीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। सामान्यतया ग्रन्थालयों में द्वितीय स्तर का प्रयोग किया जाता है। इस पुस्तिका में सभी प्रविष्टियां इसी स्तर के अनुसार बनाई गई हैं।

1.4 ए. ए. सी. आर.–2 संशोधित की मार्गदर्शिका (User's Guide to AACR-2R)

इसका उद्देश्य ए. ए. सी. आर.–2 के कुछ महत्वपूर्ण नियमों, जो कि सूची संहिता के 624 पृष्ठों में यत्र-तत्र बिखरे हुए हैं, को एक स्थान पर एकत्रित करना है।

आपके सुविधार्थ इन नियमों को निम्नलिखित ग्रन्थपरक विवरण क्षेत्रों के अन्तर्गत विभाजित कर अध्ययन करेंगे–

1. शीर्षक अनुच्छेद
2. प्रलेख की आख्या एवं उत्तरदायित्व विवरण क्षेत्र
3. संस्करण विवरण तथा सम्बन्धित उत्तरदायित्व विवरण क्षेत्र
4. प्रकाशन, वितरण आदि क्षेत्र
5. भौतिक विवरण क्षेत्र
6. ग्रन्थमाला क्षेत्र
7. टिप्पणी क्षेत्र
8. मानक ग्रन्थ संख्या क्षेत्र।

1. शीर्षक अनुच्छेद

मुख्य प्रविष्टि के निर्माण का मुख्य कार्य शीर्षक का वरण करना होता है। इसके अन्तर्गत व्यक्तिगत नाम, समष्टि नाम या प्रलेख की आख्या आते हैं। कभी-कभी विशेष परिस्थितियों में एकरूप आख्या का

प्रयोग शीर्षक के रूप में किया जाता है।

जहाँ मुख्य प्रविष्टि लेखक अभिगम की पूर्ति करती है, वहीं अन्य खोज बिन्दुओं की पूर्ति इतर प्रविष्टियों के शीर्षक अनुच्छेदों के द्वारा की जाती है जैसे विषय, सहलेखक, सहकारक, आख्या, ग्रन्थमाला आदि।

ग्रन्थों के शीर्षक के निर्धारण के लिये सूचना का मुख्य स्रोत मुखपृष्ठ होता है। जहाँ मुख्य प्रविष्टि में शीर्षक अग्ररेखा पर प्रथम शीर्ष से प्रारम्भ होता है तथा इसकी सततता तृतीय (काल्पनिक) शीर्षक से होती है, वहीं इतर प्रविष्टियों में शीर्षक द्वितीय शीर्ष से प्रारम्भ होता है तथा इसकी सततता तृतीय (काल्पनिक) शीर्ष से होती है।

शीर्षक के वरण सम्बन्धी कुछ नियम निम्नलिखित हैं–

1.1. व्यक्तिगत लेखक (Personal Author)

नियमांक 21.1A2–एक या अधिक व्यक्तियों द्वारा रचित ग्रन्थों का शीर्षक व्यक्तिगत लेखक, प्रमुख लेखक या सम्भावित व्यक्तिगत लेखक के अन्तर्गत बनेगा। कभी-कभी सहभागी व्यक्तिगत लेखकत्व एवं मिश्रित व्यक्तिगत लेखकत्व की रचनाओं का शीर्षक प्रथम उल्लिखित नाम के अन्तर्गत बनेगा। नियमांक 21.29–21.30 के अनुसार इतर प्रविष्टियां बनेगी।

नियमांक 21.4A– एक व्यक्तिगत लेखक के एकल ग्रन्थ, ग्रन्थों के संग्रह (या ऐसे संग्रहों का पुनर्मुद्रण) आदि को उसी व्यक्ति के नामान्तर्गत प्रविष्ट किया जायेगा, चाहे उस व्यक्ति का नाम ग्रन्थ पर अंकित हो अथवा नहीं।

1.2. सहलेखक (Joint Author)

1.2.1. मुख्य उत्तरदायित्व निर्दिष्ट (Principal Responsibility Indicated)

नियमांक 21.6B1– यदि विभाजित उत्तरदायित्व वाले ग्रन्थ में मुख्य उत्तरदायित्व (शब्दों या सूचना के मुख्य स्रोत की मुद्रण शैली द्वारा) एक व्यक्ति या समष्टि निकाय की ओर निर्दिष्ट हो तो उस व्यक्ति या समष्टि निकाय के अन्तर्गत शीर्षक निर्माण किया जायेगा। यदि कोई अन्य व्यक्ति या समष्टि निकाय का नाम सूचना के मुख्य स्रोत पर प्रथम स्थान पर अंकित हो तो उसके नाम से इतर प्रविष्टि बनाई जायेगी। अन्य व्यक्तियों या समष्टि निकायों, यदि उनकी संख्या दो से अधिक न हो, से भी इतर प्रविष्टियाँ बनाई जायेंगी।

दूसरे शब्दों में, यदि मुखपृष्ठ पर दो या तीन सहलेखकों के नाम दिये गये हों और उनमें से दूसरे या तीसरे सहलेखक के नाम को मुद्रण शैली द्वारा प्रधानता प्रदान की गयी हो तो प्रमुख लेखक के नाम से मुख्य प्रविष्टि का शीर्षक बनाया जायेगा तथा शेष बचे लेखकों के नाम से इतर प्रविष्टियाँ बनाई जायेंगी। इसी प्रकार तीन से अधिक सहलेखकों में से किसी को प्रमुखता प्रदान की गई हो तो प्रमुख लेखक के नाम से शीर्षक बनाया जायेगा तथा मात्र प्रथम लेखक के नाम से सहलेखक की इतर प्रविष्टि बनाई जायेगी।

1.2.2. मुख्य उत्तरदायित्व अनिर्दिष्ट (Principal Responsibility not Indicated)

नियमांक 21.6C1–यदि उत्तरदायित्व दो या तीन व्यक्तियों या समष्टि निकायों में विभाजित हो तथा मुख्य उत्तरदायित्व शब्दों या मुद्रण शैली द्वारा उनमें से किसी की ओर निर्दिष्ट न हो तो शीर्षक प्रथम लेखक के नाम से बनाया जायेगा तथा अन्य लेखकों के नाम से इतर प्रविष्टियां बनाई जायेगी।

यहाँ यह बात विशेष रूप से ध्यान में रखनी चाहिये कि जब मुख्य प्रविष्टि का शीर्षक आख्या में बनाया जाता है तो शीर्षक अनुच्छेद की सततता काल्पनिक शीर्ष से न होकर द्वितीय शीर्ष से होती है जिसे लेलम्बी शीर्ष (Hanging indention) कहते हैं।

नियमांक 1.1F5–यदि उत्तरदायित्व तीन या अधिक व्यक्तियों या समष्टि निकायों में विभाजित हो तो उत्तरदायित्व विवरण क्षेत्र में मात्र पहले व्यक्ति या समष्टि निकाय के अतिरिक्त अन्य नाम अंकित नहीं

किये जायेंगे। उनके नामों के विलोपन को विलोप चिन्ह तीन डाट (...) द्वारा दर्शाया जाता है तथा उसके बाद वर्गाकार कोष्ठक में [et al.] लिखा जाता है।

1.3. समष्टि लेखक (Corporate Author)

नियमांक 21.1B2–सामान्य नियम : एक या अधिक समष्टि निकाय द्वारा उद्भूत किसी ग्रन्थ को यदि वह अधोलिखित श्रेणियों में एक या अधिक श्रेणियों के अन्तर्गत आता हो तो उसे समष्टि निकाय के अन्तर्गत उचित शीर्षक के साथ समाविष्ट करें–

(अ) समष्टि निकाय के स्वयं के प्रशासकीय कार्य से संबंधित कार्य अथवा उसकी आन्तरिक नीति, कार्यविधि एवं/अथवा प्रचालन अथवा उसकी वित्तीय व्यवस्था अथवा उसके पदाधिकारी एवं/अथवा कर्मचारी अथवा उसके संसाधन (यथा सूची, तालिका, सदस्यता निर्देशिका) अन्यथा उसे व्यक्तिगत लेखक का ग्रन्थ माने।

(ब) अधोलिखित प्रकार के कुछ वैधानिक तथा शासकीय ग्रन्थ :

- विधि (नियमांक 21.31)
- मुख्य कार्यपालक द्वारा जारी की गई डिग्री जो विधि सम्मत हो (नियमांक 21.31)
- प्रशासकीय अधिनियम (नियमांक 21.32)
- संविधान (नियमांक 21.33)
- न्यायिक नियम (नियमांक 21.34)
- संधि आदि (नियमांक 21.35)
- न्यायिक निर्णय (नियमांक 21.36)
- विधायी सुनवाई

नियमांक 21.4D3–एकल व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत सरकारी सूचनाओं तथा अन्य ग्रन्थों को व्यक्तिगत शीर्षक दें।

1.4 आख्यान्तर्गत शीर्षक (Title.as Heading)

नियमांक 21.1C1–ग्रन्थ को उसकी मुख्य आख्या तथा आवश्यकतानुसार एकरूप आख्या के अन्तर्गत शीर्षक बनायें, यदि :

(अ) व्यक्तिगत लेखक एवं अज्ञात हो या असंगठित हो तथा ग्रन्थ समष्टि निकाय द्वारा निर्गमित हो

(ब) ग्रन्थ रचनाओं के संग्रह अथवा सम्पादकीय निर्देश द्वारा न निकाला गया हो

(स) ग्रन्थ समष्टि निकाय द्वारा निर्गमित तो हो परन्तु यह नियमांक 21.1B2 के अन्तर्गत न आता हो एवं व्यक्तिगत लेखकत्व का न हो।

(द) धार्मिक समूह द्वारा धार्मिक ग्रन्थ के रूप में स्वीकृत हो।

नियमांक 21.7B–सामूहिक संग्रहित आख्या : सामूहिक आख्या वाले ग्रन्थ को उसकी आख्या के अन्तर्गत प्रविष्ट करें। यदि ग्रन्थ में तीन से अधिक संकलनकर्त्ता/सम्पादक न दिये गये हों तथा उन्हें ग्रन्थ के मुखपृष्ठ पर प्रमुखता (Prominently) से अंकित किया गया हो तो उसके नाम के अन्तर्गत इतर प्रविष्टि बनायें। यदि तीन से अधिक संकलनकर्त्ता/सम्पादकों के नाम प्रमुखता से अंकित हों तो प्रमुख अथवा प्रथम संकलनकर्त्ता/सम्पादक के नाम से इतर प्रविष्टि बनायें।

नियमांक 21.5A–यदि ग्रन्थ अनामक हो या अज्ञात व्यक्तिगत लेखतत्व का हो अथवा बिना नाम की समष्टि निकाय का हो तो उसे आख्यान्तर्गत प्रविष्ट करना चाहिये।

नियमांक 21.37A–किसी धार्मिक समूह के धर्म ग्रन्थ या उसके किसी भाग को उनकी आख्यान्तर्गत प्रविष्ट करेंगे।

1.5 एकरूप आख्यान्तर्गत शीर्षक (Heading under Uniform Title)

1. यदि ग्रन्थ (संशोधित के अतिरिक्त) विभिन्न आख्याओं में प्रकाशित हुआ हो तथा सूचीकृत किये जाने वाले ग्रन्थ की मुख्य आख्या एकरूप आख्या से भिन्न हो।
2. मुख्य आख्या में तथा तत्वों के जोड़े जाने की आवश्यकता हो (नियमांक 25.5)
3. आख्या जो मुख्य प्रविष्टि अथवा इतर प्रविष्टि शीर्षक के रूप में प्रयुक्त हो, को अन्य ग्रन्थ की मुख्य प्रविष्टि अथवा इतर प्रविष्टि शीर्षक से भिन्नता की आवश्यकता होने पर
4. ग्रन्थ की आख्या मुख्य आख्या की शब्दावली (उदाहरणार्थ–प्रारम्भिक शब्दों या आख्या में दिये गये उत्तरदायित्व विवरण के कारण देखिये नियमांक 25.3B)

नियमांक 25.17– धार्मिक ग्रन्थों को नियमांक 21.37 के अनुसार आख्यान्तर्गत सूचीकृत करते समय उस एकरूप आख्या (Uniform title) का प्रयोग करेंगे जिसे उस धार्मिक समूह के सन्दर्भ स्रोत में सामान्य रूप में जाना जाता हो। अगर इस प्रकार के स्रोत उपलब्ध न हो तो सामान्य सन्दर्भ स्रोतों का प्रयोग करेंगे।

उदाहरणार्थ :

1. Bible
2. Koran
3. Talmud

2. प्रलेख की आख्या एवं उत्तरदायित्व विवरण क्षेत्र (Title and Statement of Responsibility Area)

नियमांक 1.1B1 एवं 2.1B1–आख्या को शब्दों, क्रम एवं हिज्जों सहित यथावत् अभिलेखित किया जाता है परन्तु विराम चिन्ह एवं बड़े अक्षरों का यथावत् प्रयोग आवश्यक नहीं होता। मुख्य स्रोत में प्रयुक्त स्वरांकन (Accentuation) एवं स्वरभेद चिन्ह (Diacritical marks) का यथावत् प्रयोग किया जायेगा।

वैकल्पिक आख्या को मुख्य आख्या का ही भाग होने के कारण मुख्य आख्या के बाद पद "या" (or) लिखने के बाद कोमा चिन्ह लगाकर वैकल्पिक आख्या का प्रथम अक्षर बड़े अक्षर में लिखते हुए अंकित किया जाता है।

उदाहणार्थ :

Gift of a cow or, Godan

नियमांक 1.1B2– मुख्य आख्या में उत्तरदायित्व विवरण तथा प्रकाशक, वितरक आदि समग्र रूप में सम्मिलित हो तो उसे यथावत् अंकित किया जाता है।

उदाहरणार्थ :

Collected works of Prem Chand

नियमांक 1.1B10– यदि मुखपृष्ठ पर सामूहिक आख्या एवं व्यक्तिगत रचनाओं की आख्यायें दोनों दी गई हों तो सामूहिक आख्या को मुख्य आख्या के स्थान पर तथा व्यक्तिगत रचनाओं की आख्याओं को टिप्पणी अनुच्छेद में अंकित किया जाता है।

उदाहरणार्थ :

Three notable stories/edited by John Murray

Contents : Love and peril/R.B. Shaw–To be or not to be/Mrs. Alexander–The melancholy hussar/Thomas Hardy.

नियमांक 1.1B4– लम्बी मुख्य आख्या को यदि बिना आवश्यक सूचना की हानि के संक्षिप्त करना सम्भव हो, तो संक्षिप्त करें। मुख्य आख्या (वैकल्पिक आख्या के अतिरिक्त) के प्रथम पाँच शब्दों को कभी न हटायें। इसे विलुप्ति चिन्ह द्वारा दर्शायें।

नियमांक 1.1D1– समान्तर आख्या को दिये गये इंगित क्रम में अंकित करें।

नियमांक 1.1E1 एवं 2.1E– सूचना के मुख्य स्रोत पर उपलब्ध अन्य सभी आख्याओं की सूचना को

नियमांक 1.1B के अनुसार अभिलेखित करें।

नियमांक 1.1E2 - सूचना के मुख्य स्रोत पर दिये गये क्रम या मुद्रण शैली के अनुसार अन्य आख्याओं सम्बन्धी सूचना अंकित करें।

नियमांक 1.1E3– अगर अन्य आख्याओं की सूचना लम्बी हो तो इसे या तो टिप्पणी अनुच्छेद में दें अथवा इसे संक्षिप्त करें।

नियमांक 1.1F1 एवं 2.1F1–ग्रन्थ पर प्रमुखता से दिये गये उत्तरदायित्व क्षेत्र को ग्रन्थ पर अंकित क्रम में दें। यदि उत्तरदायित्व क्षेत्र सूचना के मुख्य स्रोत के बाहर से लिया गया हो तो इसे वर्गाकार कोष्ठक में अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

1. Shut up in Paris/by Nathan Sheppart.
2. Obiter dicta/[A.Birrell].

नियमांक 1.1F2 - यदि ग्रन्थ में उत्तरदायित्व विवरण प्रमुखता से न दिया गया हो तो उसे न तो बनाने और न ही अन्तर्वस्तु से देने की आवश्यकता है। यदि इस प्रकार का विवरण दिया जाना आवश्यक हो तो उसे टिप्पणी अनुच्छेद में अंकित करें।

नियमांक 1.1F4– ग्रन्थ पर अंकित दो या अधिक व्यक्तियों अथवा समष्टि निकायों को, जो कि एक समान या विभिन्न भूमिका निभाते हों, को एक ही उत्तरदायित्व क्षेत्र में अंकित करें।

नियमांक 1.1F5– यदि तीन से अधिक व्यक्ति या संस्थायें एक समान भूमिका निभाते हों तो मात्र प्रथम लेखक के नाम के अतिरिक्त शेष नामों को छोड़ दिया जाता है। इसे विलुप्ति चिन्ह तीन डाट (...) तथा वर्गाकार कोष्ठक [et. al.] पद लिख कर दर्शाया जाता है।

नियमांक 1.1F6– यदि एक से अधिक उत्तरदायित्व क्षेत्र हो तो उन्हें ग्रन्थ के मुख्य सूचना स्रोत पर दिये गये क्रम में अंकित किया जाता है। क्रम अस्पष्ट अथवा मुद्रण शैली असन्तोषजनक होने पर उचित लगने वाले क्रम में अंकित करें।

नियमांक 1.1G1– यदि ग्रन्थ में सामूहिक आख्या का अभाव हो तथा उसका एक भाग प्रमुखता से लिये हुए हो तो उस भाग की आख्या को मुख्य आख्या मानते हुए अन्य भागों को टिप्पणी अनुच्छेद में अंकित करें।

3. संस्करण विवरण तथा सम्बन्धित उत्तरदायित्व विवरण (Edition Statement and Related Responsibility Area)

नियमांक 1.2A1–इस क्षेत्र के पूर्व डाट, स्थान छोटी आड़ी रेखा, स्थान (.–) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है। अन्य संस्करण क्षेत्र के पूर्व कोमा (,) का प्रयोग किया जाता है। संस्करण क्षेत्र या अन्य संस्करण क्षेत्र के प्रथम उत्तरदायित्व क्षेत्र के लिए पूर्व तिर्यक् रेखा (/) का प्रयोग किया जाता है। अन्य उत्तरदायित्व क्षेत्रों के पूर्व सेमीकोलन (;) चिन्ह का प्रयोग करें।

नियमांक 2.2B1– ग्रन्थ पर सम्बन्धित सूचना जो उसे अन्य संस्करणों से भिन्नता प्रदान करती हो, को अभिलेखित करें।

उदाहरणार्थ :

2nd ed.

Ist Indian ed.

New ed.

Enl. ed.

नियमांक 1.2B4–वैकल्पिक सम्वर्द्धन– अगर ग्रन्थ में संस्करण विवरण का अभाव हो परन्तु पूर्व संस्करण से काफी परिवर्तित हो तो मुख्य आख्या की भाषा में उसे वर्गाकार कोष्ठक में दें।

उदाहरणार्थ :

[New ed.]

[2nd ed., partly rev.]

नियमांक 1.2C1– एक या अधिक संस्करणों (परन्तु सब संस्करण नहीं) से सम्बद्ध उत्तरदायित्व क्षेत्र को संस्करण क्षेत्र के बाद अंकित करें।

नियमांक 1.2C1 एवं 2.2C1–यदि संस्करण विशेष का परिवर्तित रूप हो तथा उसे पुनः प्रकाशित (Reissue) किया गया हो तो संस्करण विवरण तथा उत्तरदायित्व विवरण को अंकित करें।

4. प्रकाशन, वितरण आदि क्षेत्र (Publication, distribution etc. Area)

नियमांक 1.4B1– इस क्षेत्र में प्रकाशक, वितरक आदि के स्थान, नाम तथा तिथि सम्बन्धी सूचनायें दी जाती हैं।

नियमांक 1.4D5– यदि ग्रन्थ पर दो या अधिक प्रकाशन, वितरण आदि स्थान तथा प्रकाशक, वितरक आदि दिये गये हों तो प्रथम स्थान तथा सम्बन्धित प्रकाशक, वितरक का नाम अंकित करें। प्रथम स्थान तथा प्रकाशक वितरक के नाम को सदैव दें। परन्तु यदि सूचना स्रोत की मुद्रण शैली द्वारा किसी अन्य को प्रमुख प्रकाशक दर्शाया गया हो तो उसे अंकित करें। बहुखण्डीय ग्रन्थों के विभिन्न खण्डों पर यदि भिन्न-भिन्न प्रकाशक दिये गये हों तो इस नियम का प्रयोग करें।

सूचीकरण करने वाली संस्था वाले देश में प्रकाशन के स्थान (प्रकाशक सहित या रहित), को द्वितीय स्थान पर दिया गया हो इसे भी अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

London : Bombay : Asia Pub. House, 1961.

(भारत में सूचीकरण किये जाने पर)

नियमांक 1.4C– प्रकाशन वितरण आदि का स्थान

नियमांक 1.4C4– अगर स्थान को सूचना स्रोत में संकेताक्षरों में दिया गया हो तो पूरे नाम को वर्गाकार कोष्ठक में जोड़ें।

उदाहरणार्थ :

Mpls. [i.e. Minneapolis]

नियमांक 1.4C5– यदि प्रकाशक, वितरक आदि के कार्यालय एक से अधिक स्थानों पर हों तथा ग्रन्थ में अंकित हों तो सदैव प्रथम स्थान को तथा अन्य स्थानों में से स्थानीय देश के स्थान का प्रयोग करें। अन्य सभी स्थानों को छोड़ दें।

नियमांक 1.4C6– यदि प्रकाशक, वितरक आदि का स्थान अनिश्चित हो तो सम्भावित स्थान को प्रश्न चिन्ह देते हुए अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

[New Delhi?]

अगर सम्भावित स्थान का नाम देना असम्भव हो तो देश, प्रदेश, राज्य आदि के नाम दें। अगर यह भी निश्चित न हो तो इसे भी प्रश्न चिन्ह द्वारा दर्शायें।

उदाहरणार्थ :

[India]

[Rajasthan?]

अगर स्थान अथवा संभावित स्थान न दिया जा सके तो संकेताक्षर **S.l. (Sine loco)** या इसके

समकक्ष पद दें।

उदाहरणार्थ :

[S. l.]

नियमांक 1.4D एवं 2.4D–प्रकाशक, वितरक आदि का नाम

नियमांक 1.4D1– स्थान के बाद प्रकाशक, वितरक आदि का नाम दें। (: के साथ)

उदाहरणार्थ :

New Delhi : Modern Publishers

नियमांक 1.4D2–प्रकाशक, वितरक आदि के नाम को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर समझ में आने वाले उसके संक्षिप्त रूप में दें।

उदाहरणार्थ :

1. London : Penguin

   London : Penguin Books देने की आवश्यकता नहीं

2. London : W.H. Allen

   London : Allen नहीं क्योंकि Allen नाम के कई प्रकाशक हैं।

नियमांक 1.4D4– यदि प्रकाशक, वितरक का नाम पहचानने योग्य स्वरूप में आख्या एवं उत्तरदायित्व क्षेत्र में दिया गया हो तो उसे प्रकाशन वितरण क्षेत्र में दें। यदि प्रकाशक, वितरक आदि का व्यक्तिगत नाम हो तो मात्र प्रारम्भिक आद्याक्षर एवं कुल नाम ही दें।

उदाहरणार्थ :

1. Classification of flowering plants/Botanical Society of India.–Bombay : The Society, 1978.
2. Even the waitresses were poets/Daisy Warren.–Iowa City : D Warren, 1971.

नियमांक 1.4D5– यदि ग्रन्थ में एक समान भूमिका निभाने वाली दो एजेन्सियों के नाम मुद्रित हों तो सदैव पहली एजेन्सी तथा मुद्रण शैली द्वारा प्रमुखता प्राप्त एजेन्सी का नाम अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

Delhi : Modern Publishers and Jaipur : Rupa Books.

(द्वितीय प्रकाशक मुद्रण शैली द्वारा प्रमुखता प्राप्त है।)

नियमांक 1.4D7– यदि प्रकाशक, वितरक आदि का नाम अज्ञात हो तो उसे संकेताक्षर s.n. (Sine nomine) या इसके समकक्ष पद द्वारा दर्शायें।

उदाहरणार्थ :

Paris : [s. n.]

नियमांक 1.4F1– ग्रन्थ के संस्करण क्षेत्र में संस्करण विशेष की प्रकाशन, वितरण तिथि को अंकित करें। अगर संस्करण विवरण न दिया गया हो तो प्रथम संस्करण की तिथि दें। इसे यूरोपीय पद्धति में अरबी अंकों में दें।

उदाहरणार्थ :

,1975

,4308 [1975]

,[4308 i.e. 1975]

नियमांक 1.4F2–अगर ग्रन्थ में प्रदत्त तिथि गलत हो तो उसे ही अंकित करें। अगर सही तिथि ज्ञात हो सके तो उसे भी जोड़ें।

उदाहरणार्थ :

1679 [i.e. 1967].

नियमांक 1.4F5– वैकल्पिक सम्बर्द्धन : स्वत्वाधिकार की नवीनतम तिथि प्रकाशन तिथि के बाद अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

,1995, c1993.

नियमांक 1.4F6– यदि प्रकाशन, वितरण आदि तिथि अज्ञात हो तो स्वत्वाधिकार तिथि अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

c 1990.

नियमांक 1.4F7– अगर प्रकाशन, वितरण आदि तिथि स्वत्वाधिकार तिथि या निर्माण तिथि देना संभव न हो तो प्रकाशन की लगभग तिथि दें:।

,[1971 or 1972]	एक या दूसरा वर्ष
,[1974?]	सम्भावित तिथि
,[between 1906 and 1912]	20 वर्ष से कम अन्तर हेतु
,[c c 1960]	लगभग तिथि
,[198–]	दशक निश्चित
,[198–?]	दशक अनिश्चित
,[19–]	शताब्दी निश्चित
,[19–?]	शताब्दी अनिश्चित

नियमांक 1.4F8– बहुखण्डीय ग्रन्थ के विभिन्न खण्डों पर यदि विभिन्न तिथियाँ अंकित हों तो प्रथम तथा अंतिम तिथि दें।

उदाहरणार्थ :

,1975-1981.

अगर बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकाशनाधीन हो तो प्रारम्भिक तिथि देकर छोटी आड़ी रेखा दें।

उदाहरणार्थ :

,1981–

वैकल्पिक प्रावधान : संघात पूर्ण हो जाने पर अन्तिम तिथि जोड़ें।

5. भौतिक वितरण क्षेत्र (Physical Description Area)

नियमांक 2.5B2– एक खण्डीय ग्रन्थ के पृष्ठ या पत्रों की संख्या इस क्षेत्र में अंकित करें। सदैव अन्तिम संख्या तथा सम्बन्धित पद संकेताक्षर में दें।

उदाहरणार्थ :

325 p.

xii, 339 p.

271 p. : ill.

नियमांक 2.5C1– चित्रित सामग्री वाले ग्रन्थों को ill पद द्वारा वर्णित किया जाता है।

उदाहरणार्थ :

271 p. : ill.

नियमांक 2.5C 2– यदि चित्रित सामग्री निम्नलिखित में से एक प्रकार की हो तथा उसे महत्वपूर्ण माना

जाये तो उसे निम्नलिखित क्रम में उचित पद द्वारा दर्शायें–charts, coats of arms, facsimiles, zforms, genealogical tables, maps, music, plans, portraits, samples इन में से कुछ चित्रित सामग्री को ill पद द्वारा दर्शायें।

उदाहरणार्थ :

332 p. : maps.

xii, 237 p. : maps, ports.

नियमांक 2.5C3– दो या अधिक रंगों की रंगीन चित्रित सामग्री को निम्नलिखित प्रकार दर्शायें।

उदाहरणार्थ :

: col. ill.

: ill., col. maps, ports. (some col.)

: ill. (some col.), maps, plans.

नियमांक 2.5C4–अगर चित्रित सामग्री को सुविधापूर्वक गिना जा सके (उदाहरणार्थ चित्रों की संख्या सूचीबद्ध की गई हो) तो उसे अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

48 ill.

ill., 12 maps.

नियमांक 12.5D1– ग्रन्थ/ग्रन्थों की ऊँचाई को दशमलव भिन्न को पूर्ण करते हुये सेन्टीमीटर में अंकित करें। उदाहरणार्थ 18.1 cm. को 19 cm. लिखा जायेगा। अगर ग्रन्थ 10 सेन्टीमीटर से छोटा हो तो साइज को मिलीमीटर में अंकित करें।

नियमांक 1.5D2– यदि ग्रन्थ की चौड़ाई लम्बाई के आधे से कम अथवा लम्बाई से बड़ी हो तो लम्बाई के बाद चौड़ाई भी अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

20 × 9 cm.

20 × 25 cm.

नियमांक 2.5D3– यदि बहुखण्डीय ग्रन्थ के विभिन्न खण्डों की ऊँचाई में अन्तर हो तथा यह अन्तर दो सेन्टीमीटर से कम हो तो बड़ी ऊँचाई को अंकित करें। यदि अन्तर दो सेन्टीमीटर से अधिक हो तो पहले छोटी साइज तथा छोटी आड़ी रेखा से जोड़ते हुए बड़ी साइज अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

24-27 cm.

नियमांक 2.5E1– ग्रन्थ के साथ ग्रन्थ के प्रयोगार्थ संलग्न सामग्री का नाम तथा वैकल्पिक रूप में उसका भौतिक विवरण दें।

उदाहरणार्थ :

271 p. : ill : 21 cm. + atlas (37 p., leaves : col. maps : 37 cm.)

नियमांक 2.5E2– यदि संलग्न सामग्री ग्रन्थ की जेब में रखी गई हो तो इसे टिप्पणी अनुच्छेद में स्पष्ट करें।

उदाहरणार्थ :

Four maps on 2 folded leaves in pocket.

6. ग्रन्थमाला क्षेत्र (Series Area)

नियमांक 1.6B1– ग्रन्थमाला के नाम को ग्रन्थ के नाम के समान लिखा जाता है।

नियमांक 1.6E1– ग्रन्थमाला के उत्तरदायित्व क्षेत्र को यदि वह ग्रन्थमाला की पहचान के लिए आवश्यक हो

तो उसे पूर्व वर्णित 1.1F के अनुसार अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

Publication series/Madras Library Association

नियमांक 1.6G1–ग्रन्थमाला की संख्या को मानक संकेताक्षर उपयोग करते हुए लिखें। अन्य संख्याओं को अरबी संख्यात्मक रूप में दें।

उदाहरणार्थ :

Ranganathan series in library science; no. 14

Environmental science research; v.4

नियमांक 1.6G2– यदि ग्रन्थमाला में बहुखण्डीय ग्रन्थ के विभिन्न खण्ड अलग-अलग क्रमित हों तो सभी संख्यायें दें।

उदाहरणार्थ :

;v. 11-15

; no. 1–4

नियमांक 1.6G3– यदि ग्रन्थमाला की संख्या को संख्या के अतिरिक्त अन्य किसी पद द्वारा दर्शाया गया हो तो उस पद का प्रयोग करें।

उदाहरणार्थ :

;v. A

;1975

नियमांक 1.6H1– यदि उपग्रन्थमाला दी गई हो तो ग्रन्थमाला तथा उपग्रन्थमाला दोनों को अंकित करें। पहले ग्रन्थमाला की सूचनायें तथा बाद में उपग्रन्थमाला की सूचनायें दें।

उदाहरणार्थ :

Asian fiction series; no. 3, Indian series; no. 2

नियमांक 1.6J1– एक ग्रन्थमाला तथा उसकी उपग्रन्थमाला की सूचना एक ग्रन्थमाला विवरण में दी जाती हैं। यदि ग्रन्थ में दो या अधिक ग्रन्थमालायें या उपग्रन्थमालायें दी गई हों तो उन्हें अलग-अलग वृत्ताकार कोष्ठक में अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

(Ranganathan series in library science; no. 4)
(Publication series/Madras Library Association; no. 12)

7. टिप्पणी क्षेत्र (Note Section area)

ए. ए. सी. आर.–2 के नियमांक 1.7B व 2.7B में निम्नलिखित प्रकार की टिप्पणियाँ देने का प्रावधान है–

1. प्रकृति, क्षेत्र या कलात्मक स्वरूप (Nature, Scope or Artistic form)

मुख्य प्रविष्टि के विभिन्न विवरण क्षेत्रों में दी गई सूचनाओं में स्पष्टता न होने पर यह टिप्पणी दें।

उदाहरणार्थ :

"Collection of essays on economic subjects".
Play in 3 acts.

2. ग्रन्थ की भाषा एवं/अथवा अनुवाद या रूपान्तरण (Language of item and/or Translation or Adaptation)

ग्रन्थ की भाषा, उसके अनुवाद या रूपान्तर होने की सूचना शेष विवरण से स्पष्ट न होने पर यह टिप्पणी दें।

RIL-096

उदाहरणार्थ :

Translation of : Godan.
Adaptation of : The taming of the shrew.
Hindi text, parallel English translation.

3. मुख्य आख्या का स्रोत (Source of Title Proper)

अगर सूचना, सूचना के मुख्य स्रोत के अलावा अन्य स्रोत से ली गई हो तो यह टिप्पणी दें।

उदाहरणार्थ :

Caption title
Spine title

4. आख्या में भिन्नता (Variation in Title)

ग्रन्थ की मुख्य आख्या के अतिरिक्त अन्य आख्यायों की सूचना टिप्पणी में दें। अगर आवश्यक हो, तो मुख्य आख्या का रोमन लिपि (Roman script) में उल्लेख करें।

उदाहरणार्थ :

Added t. p in Hindi.
Previously published as:
Cover title : The fair American.

5. समानान्तर आख्या एवं अन्य आख्या सूचना (Parallel Title and other Title Information)

समानान्तर आख्या एवं अन्य आख्याओं की सूचना यदि आख्या तथा उत्तरदायित्व क्षेत्र में न दी गई हो तथा महत्वपूर्ण हो, तो टिप्पणी में दें।

उदाहरणार्थ :

Title on added t.p. : Less rats.

6. उत्तरदायित्व विवरण (Statement of Responsibility)

विभिन्न व्यक्तियों या निकायों के वे नाम जो ग्रन्थ के उत्तरदायित्व क्षेत्र में दिये गये हों तथा ग्रन्थ की पहचान में सहायक हों, उन्हें टिप्पणी में द। आख्या तथा उत्तरदायित्व क्षेत्र में न दिये गये उत्तरदायित्व विवरण को टिप्पणी में दें। ग्रन्थ से सम्बन्धित उन सभी व्यक्तियों तथा निकायों के नाम तथा पूर्व संस्करण से सम्बन्धित उन प्रमुख व्यक्तियों या निकायों के नाम जो विवरण में न अंकित किये गये हों, उन्हें भी टिप्पणी में दें।

उदाहरणार्थ :

At the head of title : Seal of University of Rajasthan.
Chairman : D.S. Kothari.

7. संस्करण एवं इतिहास (Edition and History)

सूचीकृत किये जाने वाले ग्रन्थ संस्करण या ग्रन्थपरक इतिहास के बारे में टिप्पणी दें।

उदाहरणार्थ :

Previous ed : Madras : Madras Library Association, 1945.
Rev. ed. of : The portable Dorothy Parker.

8. सामग्री का विशिष्ट विवरण (Material Specific Details)

नक्शों, पत्रिकाओं आदि हेतु इस प्रकार की टिप्पणी दें।

उदाहरणार्थ :

Vol. numbering irregular
Numbering begins each year with no. 1

9. प्रकाशन, वितरण आदि (Publication, Distribution etc.)

प्रकाशन, वितरण आदि की वे महत्वपूर्ण सूचनायें जो प्रकाशन, वितरण आदि क्षेत्र में अंकित न की गई हों, इस टिप्पणी में दें।

उदाहरणार्थ :

Published simultaneously in Canada.

"For private circulation".

10. भौतिक विवरण (Physical Description)

भौतिक विवरण क्षेत्र में न दी गई महत्वपूर्ण भौतिक सूचनाओं को इस टिप्पणी में दें। नेत्रहीन व्यक्तियों के ग्रन्थ (Braille) या उभार वाले ग्रन्थों (Raised type books) के बारे में भी टिप्पणी दें।

उदाहरणार्थ :

Alternative pages blank.

Two charts on folded leaves in pocket.

Grade 3 barille.

No more published.

11. संलग्न सामग्री (Accompanying Material)

आवश्यक होने पर संलग्न सामग्री की उपस्थिति की सूचना टिप्पणी में दें।

उदाहरणार्थ :

Slides in pockets.

Set includes booklet (16p.)

The new mathematics guide.

12. ग्रन्थमाला (Series)

ग्रन्थमाला क्षेत्र में न दिये जा सकने वाली ग्रन्थमाला सूचनाओं को टिप्पणी में दें।

उदाहरणार्थ :

Originally issued in series : Environment science series.

13. शोध प्रबन्ध (Dissertations)

अगर सूचीकृत किये जाने वाला ग्रन्थ शैक्षणिक उपाधि की आंशिक पूर्ति हेतु लघुशोध प्रबन्ध (Dissertation) या शोध प्रबन्ध (Thesis) हो, तो इसका उल्लेख टिप्पणी में करें।

उदाहरणार्थ :

Thesis (Ph.D.)–University of Delhi, 1988.

Thesis (doctoral)–University of Rajasthan, 1991.

यदि प्रकाशन शोध ग्रन्थ का संशोधित रूप या संक्षिप्तिकरण हो, तो इसे भी अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

Revised thesis (Ph.D.)–M.L. Sukhadia University, 1990.

14. पाठकगण (Audience)

ग्रन्थ के सम्बन्धित पाठकगण, उनका बौद्धिक स्तर, जिनके लिये ग्रन्थ लिखा गया है, उनका उल्लेख टिप्पणी में करें।

उदाहरणार्थ :

For 9-12 years old.

Undergraduate text.

Intended audience : Pre-school child.

15. अन्य स्वरूपों में उपलब्धि (Other Formats Available)

अगर ग्रन्थ अन्य स्वरूपों में भी उपलब्ध हो, तो उसकी सूचना टिप्पणी में दें।

उदाहरणार्थ :

Also available on cassette.

16. सारांश (Summary)

ग्रन्थ की विषय वस्तु का संक्षिप्त विषयपरक सारांश इस टिप्पणी में दें।

17. विषय सूची (Contents)

ग्रन्थ के बारे में अन्य कोई सूचना, जिसे किसी अन्य विवरण में न दिया गया हो अथवा किसी महत्वपूर्ण भाग पर प्रभाव डालने के लिए अथवा संकलन के विषय सूची की तालिका को दर्शाने के लिए ग्रन्थ की चयनित अथवा सम्पूर्ण विषय सूची को टिप्पणी में दें।

उदाहरणार्थ :

Bibliography: p. 311-320.
Includes bibliographies.
Includes index.
Partial contents: Caste system in India/M.S. Ghurey, p. 220-311.
Contents : Vol. 1. Foundation of Microbiology–v.2. control of micro organism–v.3. Microbiology and public health.

18. ग्रन्थ में अंकित अंक (Numbers borne by the Item)

अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थ संख्या के अतिरिक्त यदि कोई अन्य अंक दिये गये हों तो उन्हें टिप्पणी में दें।

19. वर्णित प्रति एवं ग्रन्थालय में उपलब्धता (Copy being described and Library's Holdings)

वर्णित ग्रन्थ की अन्य कोई विलक्षणता अथवा अपूर्णता को टिप्पणी में दें। यदि ग्रन्थालय में बहुखण्डीय ग्रन्थ का सम्पूर्ण संघात न हो तो ग्रन्थालय में उपलब्ध खण्डों की सूचना टिप्पणी में दें। यदि ग्रन्थालय द्वारा संघात पूर्ण किये जाने की आशा हो तो अस्थाई टिप्पणी में (अर्थात् पेन्सिल से) अंकित करें।

उदाहरणार्थ :

Library has v.1, 3-5 and 7 only.
Library's copy lacks appendices, p. 245-260.

20. सहबद्ध टिप्पणी ("With" Note)

यदि अलग-अलग आख्या वाले ग्रन्थ सामूहिक आख्या रहित हों तो टिप्पणी सहबद्ध (With) से प्रारम्भ करते हुए दें तथा उसके बाद उस ग्रन्थ या ग्रन्थों की आख्या क्रमवार दें।

उदाहरणार्थ :

With : Surface and colloid chemistry/by G.D. Parfit.
Oxford : Pergamon Press, 1981.

(टिप्पणी : इस टिप्पणी में अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थपरक विवरण (ISBD) के विराम चिन्हों को हटाते हुए ही प्रयोग किया जाता है। (सन्दर्भ केटालागिंग सर्विस बुलेटिन, अंक 22, फाल 1983 पृ. 20)

टिप्पणियों का क्रम (Order of Notes)

यदि टिप्पणी अनुच्छेद में एक ही टिप्पणी दी जानी हो तो कोई कठिनाई नहीं होती। परन्तु एक से अधिक प्रकार की टिप्पणियाँ देनी हो तो उनका क्रम निर्धारण हेतु निम्नलिखित नियमों का प्रावधान है–

नियमांक 1.7A व 2.7A– प्रत्येक टिप्पणी को नए पैराग्राफ के रूप में अंकित करें।

नियमांक 2.7B– इस नियम में वर्णित क्रमानुसार टिप्पणियाँ अभिलेखित करें। अर्थात् एक से अधिक प्रकार की टिप्पणी के अभिलेखन हेतु इस नियम में दिए गए क्रम में पहले आने वाली टिप्पणी पहले अंकित होगी तथा बाद में आने वाली टिप्पणी दूसरे स्थान पर अंकित होगी।

नियमांक 1.7A3– यदि टिप्पणी में दी जाने वाली सूचना आख्या एवं उत्तरदायित्व क्षेत्र, संस्करण, सामग्री (या प्रकाशन का प्रकार) की विशिष्ट सूचनाएँ, प्रकाशन आदि, भौतिक विवरण एवं ग्रन्थमाला क्षेत्र से संबंधित हों तो टिप्पणी में उसे उसी क्रम में समाहित किये जायेंगे।

8. मानक ग्रन्थ संख्या क्षेत्र (ISBN area)

नियमांक 1.8B1– अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थ संख्या (ISBN) या अन्तर्राष्ट्रीय मानक क्रमिक संख्या (ISSN) को दें।

मुख्य प्रविष्टि में प्रयुक्त विराम चिन्ह
(Punctuations used in main entry)

ए. ए. सी. आर.–2 के अनुसार प्रविष्टि बनाते समय प्रविष्टि के विभिन्न अनुच्छेदों में निम्नलिखित विराम चिन्हों का प्रयोग किया जाता है–

1. आख्या, उत्तरदायित्व, संस्करण एवं प्रकाशनादि अनुच्छेद (Title, Responsibility, Edition and Imprint Section)

1.1. आख्या एवं उत्तरदायित्व क्षेत्र

(अ) सामान्य सामग्री पद को वर्गाकार कोष्ठक [ ] में अंकित किया जाता है।

(ब) समानान्तर आख्या के पूर्व बराबर (=) का चिन्ह प्रयोग किया जाता है।

(स) उपआख्या, व्याख्यात्मक आख्या आदि के पूर्व कोलन (:) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(द) प्रथम उत्तरदायित्व क्षेत्र के पूर्व तिर्यक् रेखा (/) का प्रयोग किया जाता है।

(य) अन्य उत्तरदायित्व क्षेत्रों के पूर्व सेमीकोलन (;) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

1.2. संस्करण क्षेत्र

(अ) संस्करण की सूचना के पूर्व डाट, स्थान, आड़ी रेखा, स्थान (.–) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(ब) अन्य संस्करण विवरण के पूर्व कोमा (,) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(स) संस्करण विशेष से संबंधित प्रथम उत्तरदायित्व क्षेत्र से पूर्व तिर्यक् रेखा (/) का प्रयोग किया जाता है।

(द) संस्करण विशेष से संबंधित अन्य उत्तरदायित्व क्षेत्र के पूर्व सेमीकोलन (;) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

1.3. प्रकाशन, वितरण क्षेत्र

(अ) प्रकाशन, वितरण क्षेत्र से पूर्व डाट, स्थान, आड़ी रेखा, स्थान (.–) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(ब) द्वितीय या अन्य प्रकाशन स्थान, वितरण स्थान से पूर्व सेमीकोलन (;) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(स) प्रकाशक, वितरक के नाम के पूर्व कोलन (:) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(द) प्रकाशक, वितरक आदि के बारे में सूचीकार द्वारा प्रदत्त सूचनाएं वर्गाकार कोष्ठक [ ] में अंकित की जाती हैं।

(य) प्रकाशन वर्ष, वितरण वर्ष से पूर्व कोमा (,) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(र) बहुखण्डीय ग्रन्थों के विभिन्न खंण्डों के प्रकाशन वर्षों को छोटी आड़ी रेखा (–) द्वारा जोड़ा जाता है।

2. भौतिक विवरण एवं ग्रन्थमाला अनुच्छेद (Physical Description and Series Section)

2.1. भौतिक विवरण क्षेत्र

(अ) प्रारंभिक पृष्ठों एवं मूलपाठ पृष्ठों के मध्य कोमा (,) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(ब) चित्रित सामग्री के पूर्व कोलन (:) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(स) प्रलेख की साइज के पूर्व सेमीकोलन (;) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(द) संलग्न सामग्री के पूर्व धन चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(य) संलग्न सामग्री के भौतिक विवरण को चक्राकार कोष्ठक में अंकित किया जाता है।

2.2. ग्रन्थमाला क्षेत्र

(अ) ग्रन्थमाला क्षेत्र के पूर्व डाट, स्थान, (.–) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(ब) प्रत्येक ग्रन्थमाला को अलग-अलग चक्राकार कोष्ठक में लिखा जाता है।

(स) ग्रन्थमाला की समानान्तर आख्या के पूर्व बराबर (=) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(द) ग्रन्थमाला के प्रथम उत्तरदायित्व क्षेत्र के पूर्व तिर्यक रेखा (/) का प्रयोग किया जाता है।

(य) ग्रन्थमाला अथवा उपग्रन्थमाला के अन्य उत्तरदायित्व क्षेत्र के पूर्व सेमीकोलन (;) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

(र) ग्रन्थमाला की संख्या के पूर्व सेमीकोलन (;) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

2.3. टिप्पणी अनुच्छेद (Note Section)

(अ) टिप्पणी अनुच्छेद में अन्तर्वस्तु (Contents) अथवा आंशिक अन्तर्वस्तु (Partial Contents) के बाद (:) चिन्ह लगाकर टिप्पणी की जाती है।

(ब) बहुखण्डीय ग्रन्थों की सूचना अन्तर्वस्तु (Contents) टिप्पणी में अंकित करते समय दो खण्डों की सूचना के मध्य छोटी आड़ी रेखा का प्रयोग किया जाता है।

सामान्य विराम चिन्ह

लम्बी आख्या को छोटा करने के लिए तीन डाट (...) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

सन्देहास्पद प्रकाशन वर्ष को बड़े कोष्ठक में प्रश्न चिन्ह द्वारा दर्शाया जाता है जैसे [1979?]।

1.5 प्रविष्टियों के प्रकार एवं संरचना (Varities of Entries and their Structure)


ए. ए. सी. आर.–2 के अनुसार निर्मित अनुवर्ण सूची में निम्नलिखित प्रकार की प्रविष्टियाँ होती हैं–

1. मुख्य प्रविष्टि
2. इतर या सहायक प्रविष्टियां
3. निर्देश

इन प्रविष्टियों को पृष्ठ 23 पर दी गई तालिका द्वारा अधिक सुगमता से समझा जा सकता है।

1.5.1. मुख्य प्रविष्टि की संरचना (Structure of Main Entry)

पत्रकों पर निर्मित की जाने वाली मुख्य प्रविष्टि को निम्नलिखित भागों में विभक्त किया जाता है–



ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित का परिचय, विवरण के स्तर, प्रयोक्ता मार्गदर्शिका, प्रविष्टियों के प्रकार तथा उनकी संरचना एवं सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स

1. क्रामक अंक अनुच्छेद (Call Number Section)
2. शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section)
3. आख्या एवं प्रकाशनादि विवरण अनुच्छेद (Title and Imprint Section)
4. भौतिक विवरण एवं ग्रन्थमाला अनुच्छेद (Physical description and Series Section)
5. टिप्पणी अनुच्छेद (Note Section)
6. अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थ संख्या (International Standard Book Number)
7. परिग्रहण संख्या (Accession Number)
8. संकेत (Tracing)

उपर्युक्त सभी आठों भागों को मुख्य प्रविष्टि पत्र के मुख (Front Portion) पर क्रमानुसार अंकित किया जाता है। यदि मात्र संकेत अनुच्छेद हेतु मुख भाग पर स्थान शेष न रहे तो मुख्य प्रविष्टि पत्रक पर नीचे की ओर दाहिने Over लिखकर संकेत अनुच्छेद मुख्य प्रविष्टि पत्रक के पश्च भाग पर अंकित किया जाता है। पर यदि अन्य कोई भाग भी मुखभाग पर न समा सके तो मुख भाग के दाहिने ओर Continued on next card पद अंकित कर नवीन पत्रक पर प्रथम काल्पनिक पंक्ति पर यथास्थान अंक तथा शीर्षक लिख कर शेष बचे अनुच्छेद अंकित किये जाते हैं।

इन भागों को निम्नलिखित चित्र द्वारा स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है–

मुख्य प्रविष्टि पत्रक

(Main Entry Card)

Call Number section	Heading	section
Acc. No.		Title and imprint section..... .... Physical description and series section .... Note section ISBN Tracing

1. क्रामक अंक अनुच्छेद (Call Number Section)– यह अनुवर्ण सूची की मुख्य प्रविष्टि का प्रथम भाग होता है। इसमें ग्रन्थ का क्रामक अंक (वर्गांक ग्रन्थांक संग्रहांक यदि हो तो) लिखा जाता है। क्रामक अंक मुखपृष्ठ के पश्च भाग (Verso of title page) से लिया जाता है। हाशिये (Margin) में एक अक्षर की जगह छोड़ कर तृतीय काल्पनिक पंक्ति पर वर्गांक तथा अग्ररेखा (Leading line) पर ग्रन्थांक अंकित किया जाता है। यदि संग्रहांक भी हो तो उसे द्वितीय काल्पनिक पंक्ति पर अंकित किया जाता है। यद्यपि ए. ए. सी. आर.–2 में इसे पेन्सिल से अंकित करने का निर्देश नहीं दिया गया है परन्तु इसमें परिवर्तन की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए इसे पेन्सिल से ही लिखा जाना उपयुक्त होगा। इस अनुच्छेद की समाप्ति पर पूर्ण विराम (Full stop) नहीं लगाया जाता।

2. शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section)– इसे अग्ररेखा पर प्रथम शीर्ष से प्रारम्भ करते हुए लिखा जाता है तथा आवश्यकता पड़ने पर अनुवर्ती पंक्तियां तृतीय (काल्पनिक) शीर्ष से प्रारम्भ होती हैं। इसमें लेखक के नाम पर प्रविष्टि पद (Entry element), गौण पद (Secondary element) एवं व्यष्टिकृत पद (Individualizing element) सामान्य अक्षरों में लिखे जाते हैं। तीनों पदों के मध्य

अल्प विराम (Comma) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है। यदि व्यष्टिकृत पद न दिये गये हों तो गौण पद के बाद पूर्ण विराम नहीं लगाया जाता (प्रविष्टि को खुला (Open) माना जाता है)। परन्तु यदि व्यष्टिकृत पद (जन्म व मृत्यु दोनों ही वर्ष) दिये गये हों तो इस अनुच्छेद की समाप्ति पर पूर्ण विराम (Full stop) लगाया जाता है।

3. आख्या एवं प्रकाशनादि विवरण अनुच्छेद (Title and Imprint Section)– इस अनुच्छेद में आख्या, उपआख्या, समानान्तर आख्या, उत्तरदायित्व विवरण, संस्करण, सहकारक, प्रकाशनादि विवरणादि को पूर्व वर्णित नियमों के अनुसार अंकित किया जाता है। इस अनुच्छेद को शीर्षक अनुच्छेद की अगली पंक्ति पर द्वितीय शीर्ष से प्रारम्भ करते हुए तथा अनुवर्ती पंक्तियां प्रथम शीर्ष से प्रारम्भ करते हुए अंकित किया जाता है।

4. भौतिक विवरण एवं ग्रन्थमाला अनुच्छेद (Physical Description and Series Section)– इस अनुच्छेद में पूर्व वर्णित नियमों के अनुसार ग्रन्थ का भौतिक विवरण जैसे पृष्ठ, खण्ड, चित्र, साइज आदि अंकित किये जाते हैं। यदि ग्रन्थ में कोई ग्रन्थमाला भी दी गई हो तो उसे भी पूर्व वर्णित नियमों के अनुसार इसी अनुच्छेद में अंकित किया जाता है। यह अनुच्छेद द्वितीय शीर्ष से प्रारम्भ होता है तथा अनुवर्ती पंक्तियां प्रथम शीर्ष से प्रारम्भ होती हैं।

5. टिप्पणी अनुच्छेद (Title Section)– नियमांक 1.7B व 2.7B2 के अनुसार विभिन्न प्रकार की टिप्पणियों को इस अनुच्छेद में क्रमवार अंकित किया जाता है। यदि इस अनुच्छेद में एक से अधिक प्रकार की टिप्पणियों को अंकित करना हो तो प्रत्येक टिप्पणी को द्वितीय शीर्ष से प्रारम्भ करते हुए लिखा जाता है तथा अनुवर्ती पंक्तियां प्रथम शीर्ष से प्रारम्भ होती हैं। बहुखण्डीय ग्रन्थ की स्थिति में अन्तर्वस्तु (Contents) और सामान्य समिश्र ग्रन्थ(Ordinary composite book) की स्थिति में आंशिक अन्तर्वस्तु (Partial contents) टिप्पणी पूर्व वर्णित नियमों के अनुसार अंकित की जाती है।

6. अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थ संख्या (International Standard Book Number)– यदि ग्रन्थ के मुखपृष्ठ के पश्च भाग अथवा अन्य किसी भाग में अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थ संख्या दी गई हो तो उसे इस अनुच्छेद में द्वितीय शीर्षसे प्रारम्भ करते हुए अंकित किया जाता है। इस अनुच्छेद की समाप्ति पर पूर्ण विराम (Full stop) का प्रयोग नहीं किया जाता।

7. परिग्रहण संख्या (Accession Number)– इस अनुच्छेद में हाशिये में अग्ररेखा के नीचे तीसरी या चौथी पंक्ति पर परिग्रहण संख्या अंकित की जाती है। इस अनुच्छेद की समाप्ति पर पूर्ण विराम (Full stop) का प्रयोग नहीं किया जाता।

8. संकेत (Tracing)– इस अनुच्छेद में मुख्य प्रविष्टि के अतिरिक्त निर्मित की जाने वाली इतर प्रविष्टियों के बारे में सूचना अंकित की जाती है। यह अनुच्छेद द्वितीय शीर्ष से प्रारम्भ होता है तथा अनुवर्ती पंक्तियां प्रथम शीर्ष से प्रारम्भ होती हैं। पहले अरबी-भारतीय अंकों में क्रमित करते हुए विषय प्रविष्टियाँ अंकित की जाती हैं, फिर रोमन अंकों में क्रमित करते हुए अन्य इतर प्रविष्टियां जैसे सहलेखक, सम्पादक, आख्या, ग्रन्थमाला आदि अंकित की जाती हैं। निर्देशों को संकेत में अंकित नहीं किया जाता है।

1.5.2 इतर प्रविष्टि के प्रकार एवं संरचना (Types of Added Entries and their Structure)

ए. ए. सी. आर.–2 के अनुसार निर्मित अनुवर्ण सूची में निम्नलिखित प्रकार की इतर प्रविष्टियां बनाई जाती हैं –

(1) विषय प्रविष्टि (Subject Entry)

(2) सहलेखक प्रविष्टि (Joint Author Entry)

(3) सहकारक प्रविष्टि (Collaborator Entry)

(4) आख्या प्रविष्टि (Title Entry)

(5) ग्रन्थमाला प्रविष्टि (Series Entry)

1. विषय प्रविष्टि (Subject Entry)

अनुवर्ण सूची में ग्रन्थ में वर्णित वर्ग के नाम अथवा विषय से सम्बन्धित शब्द को विशिष्ट विषय प्रविष्टि कहते हैं। ग्रन्थ के विषय को सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स अथवा लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स से प्राप्त कर इसे विषय प्रविष्टि के शीर्षक अनुच्छेद में बड़े अक्षरों में अंकित किया जाता है। किसी ग्रन्थ के लिये अधिकतम तीन तक विषय प्रविष्टियां निर्मित की जा सकती हैं।

2. सहलेखक प्रविष्टि (Joint Author Entry)

नियमांक 21.30A के अनुसार प्रथम लेखक अथवा मुख्य लेखक के अतिरिक्त दो सहलेखकों तक के लिये सहलेखक प्रविष्टियां बनाई जाती हैं। चार या अधिक सहलेखकों द्वारा रचित ग्रन्थ के लिये मात्र प्रथम लेखक के नाम से सहलेखक प्रविष्टि बनाई जाती है। इसमें सह-लेखक के नाम को शीर्षक अनुच्छेद में नियमानुसार अंकित किया जाता है अर्थात् प्रविष्टि पद, गौण पद, तथा व्यष्टिकृत पद क्रमानुसार लिखे जाते हैं। प्रत्येक सहलेखक के लिये अलग-अलग इतर प्रविष्टि बनाने का प्रावधान है। नियमांक 21.0D के अनुसार वैकल्पिक रूप से सहलेखक के नाम के आगे jt. auth. पद लिखने का प्रावधान है।

3. सहकारक प्रविष्टि (Collaborator Entry)

नियमांक 21.30D के अनुसार यदि ग्रन्थ के मुखपृष्ठ पर सम्पादक या संकलनकर्त्ता का नाम प्रधानता से अंकित हो तो उनके नाम से इतर प्रविष्टि बनाई जाती है। नियमांक 21.0D के अनुसार वैकल्पिक रूप से सहकारक के नाम के साथ ed. या comp. कोमा लगाकर प्रयुक्त किया जाता है।

4. आख्या प्रविष्टि (Title Entry)

नियमांक 21.30K1 के अनुसार यदि शीर्षक समष्टि निकाय या आख्या के अन्तर्गत निर्मित किया गया हो तो अनुवादक के नाम से इतर प्रविष्टि बनाई जाती है।

यदि मुख्य प्रविष्टि का शीर्षक व्यक्तिगत लेखक के अन्तर्गत बनाया गया है तो अनुवादक की इतर प्रविष्टि निम्नलिखित परिस्थितियों में ही बनाई जायेगी–

(1) यदि अनुवाद पद्य के रूप में हो।

(2) यदि अनुवाद महत्वपूर्ण हो।

(3) यदि एक ग्रन्थ एक ही भाषा में एक से अधिक बार अनूदित किया गया हो।

(4) यदि सूचना का मुख्य स्रोत मुद्रण शैली द्वारा यह दर्शाये कि अनुवादक ही लेखक है।

(5) यदि मुख्य प्रविष्टि शीर्षक से सूची के उपयोगकर्त्ता को ग्रन्थ प्राप्ति में कठिनाई हो उदाहरणार्थ प्राच्य एवं मध्यकाल के ग्रन्थों हेतु।

5. चित्रकार प्रविष्टि (Illustrator Entry)

नियमांक 21.30K2 के अनुसार ग्रन्थ के चित्रकार हेतु निम्नलिखित स्थितियों में ही चित्रकार इतर प्रविष्टि बनाई जाती है–

(1) सूचना के मुख्य स्रोत में चित्रकार को ग्रन्थ के लेखक अथवा समष्टि निकाय के समकक्ष महत्ता दी गई हो, अथवा

(2) ग्रन्थ का आधा अथवा आधे से अधिक भाग चित्रों से परिपूर्ण हो, अथवा

(3) चित्र, उस ग्रन्थ के महत्वपूर्ण भाग समझे जाते हों।

6. आख्या प्रविष्टि (Title Entry)

नियमांक 21.30J के अनुसार प्रत्येक ग्रन्थ जिसे व्यक्तिगत शीर्षक, समष्टि शीर्षक या आख्या के

अन्तर्गत सूचीकृत किया गया है की मुख्य आख्या के लिये इतर प्रविष्टि बनाई जाती है। आवश्यकतानुसार मुख्य आख्या से भिन्न अन्य आख्याओं– आवरण आख्या (Cover title), सतत आख्या (Running title) आदि के लिये भी प्रविष्टि बनाई जाती है।

7. ग्रन्थमाला प्रविष्टि (Series Entry)

नियमांक 21.30L के अनुसार उपयोगी संस्थित (Collocation) ग्रन्थमाला के प्रत्येक ग्रन्थ हेतु इतर प्रविष्टि बनाई जायेगी। वैकल्पिक रूप से ग्रन्थमाला की संख्या अथवा अन्य पद भी दिया जाता है। यहां यह बात विशेष ध्यान देने योग्य है कि ग्रन्थमाला के सम्पादक का नाम ग्रन्थमाला के साथ देने का नियम नहीं है।

1.5.3 निर्देश (References)

ए. ए. सी. आर.–2 में निर्देश को निम्नलिखित प्रकार परिभाषित किया गया है– 'एक शीर्षक या प्रविष्टि से दूसरे शीर्षक या प्रविष्टि की ओर निर्दिष्ट कराना'। इन्हें मुख्यतया दो भागों में विभक्त किया जा सकता है–

(1) विषय निर्देश

(2) नाम निर्देश

संशोधित ए. ए. सी. आर.–2 के नियमांक 26.0 के अनुसार यह निर्देश निम्नलिखित प्रकार के होते हैं–

(1) देखिये निर्देश (See reference)

(2) इसे भी देखिये निर्देश (See also reference)

(3) नाम-आख्या निर्देश (Name-title reference)

(4) व्याख्यात्मक निर्देश (Explanatory reference)

1. देखिये निर्देश (See reference)

'देखिये निर्देश' पाठक को व्यक्ति या समष्टि निकाय के उस नाम, कृति की उपआख्या, विषय या ग्रन्थमाला के उस नाम से, जिसके अन्तर्गत सूची में पाठक के देखे जाने की संभावना रहती है, उस स्वरूप की ओर निर्दिष्ट करता है, जहां सूचीकार द्वारा सूची में वांछित सूचना प्रदान की गई है।

2. इसे भी देखिये निर्देश (See also reference)

'इसे भी देखिये निर्देश' पाठक को एक शीर्षक से अन्य संबंधित शीर्षक या एकरूप आख्या की ओर निर्देशित करता है।

3. नाम-आख्या निर्देश (Name-title reference)

जब ऐसी आख्या जो व्यक्तिगत अथवा समष्टि शीर्षक के अन्तर्गत बनाई गई है, से 'देखिये' या 'इसे भी देखिये' निर्देश बनाये जायें तो इन्हें नाम-आख्या निर्देश के रूप में अंकित करना चाहिए अर्थात् इन्हें व्यक्तिगत या समष्टि शीर्षक के बाद आख्या लिख कर बनाना चाहिए।

4. व्याख्यात्मक निर्देश (Explanatory reference)

जब सामान्य निर्देश 'देखिये' अथवा 'इसे भी देखिये' की अपेक्षा अधिक विस्तृत निर्देश की आवश्यकता हो तो नियमांक 26.2D1 के अनुसार व्याख्यात्मक निर्देश बनाये जाते हैं।

1.6 सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स (संस्करण – 16) (Sears List of Subject Headings) (Edition – 16)

ग्रन्थालयों में अनुवर्णिक विषय सूची निर्माण हेतु मुद्रित विषय सूचियां जैसे लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स एवं सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स तथा वर्गीकृत सूची हेतु शृंखला प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है। इनमें से सीयर्स लिस्ट ऑफ हैडिंग्स का वर्णन आगामी अनुच्छेदों में किया जा रहा है।

(a) प्रस्तावना (Introduction)

यह सूची सर्वप्रथम 1923 में "लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स फार स्माल लाइब्रेरीज" के नाम से एच. डब्ल्यू. विल्सन कम्पनी, न्यूयार्क (H. W. Wilson Co., New York) द्वारा प्रकाशित हुई थी। इसे संकलित करने का श्रेय मिनी अर्ल सीयर्स (Minnie Earl Sears) को है। छठे संस्करण से इसके संकलनकर्त्ता का नाम आख्या में शामिल कर इसे सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स फार स्माल लाइब्रेरीज (Sears List of Subject Headings for Small Libraries) के नाम से प्रकाशित किया गया। इसका नवीनतम 16वां संस्करण 1997 में प्रकाशित हुआ, जिसके सम्पादक जोसफ फिलर (Joseph Filler) हैं। विषय शीर्षकों की यह संकलित सूची प्रारम्भ में छोटे ग्रन्थालयों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु बनाई गई थी, परन्तु अब इसका क्षेत्र विस्तृत कर इसे छोटे एवं मध्यम आकार वाले ग्रन्थालयों के उपयोगार्थ बनाया गया है।

(b) उद्देश्य (Objectives)

सीयर्स लिस्ट का उद्देश्य किसी विशिष्ट विषय पर ग्रन्थालय में उपलब्ध सभी प्रलेखों को एक विषय शीर्षक के अन्तर्गत रखना है। साथ ही इस सूची के बाद में दिये गये शीर्षकों से उपयुक्त शीर्षकों का चयन कर देखिये (See) एवं इन्हें भी देखिये (See also) विषय निर्देशों के निर्माण में भी सहायता मिलती है।

(c) संरचना एवं बनावट (Strcture and Format)

सीयर्स लिस्ट अकारादि क्रम में व्यवस्थित विषय शीर्षकों का शब्दकोश है। इस सूची का मूल आधार लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स है तथा इसके विभिन्न संस्करणों में हुए संशोधन विल्सन इन्डेक्स (Wilson Index) व लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स में हुए संशोधनों पर ही आधारित हैं। 16वें संस्करण के प्रारम्भ में इसके प्रयोग की जानकारी देने हेतु Principles of Sears List of Headings नामक अध्याय पृष्ठ xv–xxxviii पर दिया गया है।

(c1) मुख्य शीर्षक (Key Headings)

16वें संस्करण के पृष्ठ xi पर सीयर्स लिस्ट के सम्पादकों द्वारा सूचीकार को चयनित लोकप्रिय श्रेणियों के सम्भावित उपविभागों को दर्शाने के लिये मुख्य शीर्षकों (Key Headings) की सूची दी गई है। यह सूची मात्र चयनित एवं उदाहरणार्थ ही है। इस सूची के आधार पर सूचीकार अन्य शीर्षक जोड़ सकता है।

व्यक्तियों के नाम या पद

Presidents–United States (किसी भी देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या शासक के लिये)

Shakespeare, William, 1564-1616 (किसी भी साहित्य के सम्मानित लेखक के लिये)

विशेष लोगों के नाम

Indians of North America (भाषायी परिवार अथवा लोगों के नाम के उपविभाजनों हेतु)

स्थान

United States; Ohio; Chicago (III.) (भौगोलिक स्थानों, देश, राज्य एवं शहर के लिये प्रयुक्त)

भाषा एवं साहित्य

English Language (किसी भी भाषा के लिये)

English Literature (किसी भी साहित्य के लिये)

महायुद्धों के लिये

World War, 1939-1945 (किसी भी युद्ध या महायुद्ध के लिये)

(c2) सामान्य उपयोग के उपविभाग

(List of Commonly Used Subdivisions)

जटिल विषयों के मानकीकृत शीर्षक बनाने हेतु कई सामान्य उपविभागों का प्रयोग किया जाता है। सर्वाधिक

प्रयोग में आने वाले उपविभागों को उपर्युक्त वर्णित मुख्य शीर्षकों में सम्मिलित किया गया है। इनके अतिरिक्त प्रयोग में आने वाले सामान्य उपविभागों की तालिका सीयर्स लिस्ट के पृष्ठ xli-xliii पर दी गई है। इसका प्रयोग किसी भी विषय शीर्षक के साथ आवश्यकतानुसार किया जा सकता है।

उदाहरणार्थ

Mathematics–Periodicals

Physics–Study and teaching

Library Science–History

(c3) शीर्षक (Headings)

इस सूची में शीर्षक परम्परागत रूप से मुद्रित किये गये हैं अर्थात् प्रयोग में आने वाले शीर्षक मोटे काले अक्षरों(Black face type) में तथा समानार्थक शीर्षक(Synonyms) जिनका कि प्रयोग शीर्षक के रूप में नहीं किया जाता है, हल्की स्याही (*Light face*) में मुद्रित किये गये हैं।

इस विषय सूची को अधिक विस्तृत बनाने के लिये इसमें इन पांच संक्षेपणों का प्रयोग किया गया है जिनके पूर्ण शब्द निम्नलिखित हैं–

UF=Used for के लिये प्रयुक्त

SA=See also इन्हें भी देखिये

BT= Broader term व्यापक पद

NT=Narrower term संकीर्ण पद

RT=Related term सम्बन्धित पद

उदाहरणार्थ Trade Unions, USE **Labor unions**

Labor unions (May subdiv. geog.) **331.88.**

UF Labor organizations
Organized labor
Trade unions.
Union, Labor

SA Types of unions and names of individual labor unions, to be added as needed.

BT Cooperation
Industrial relations
Labor
Socialism
Societies

NT Industrial arbitration
Injunctions
Librarian's unions
Open and closed shop
United Sttelworkers of America

RT Collective bargaining
Labor movement
Strikes

विषय शीर्षक के चयन में निम्नलिखित बातों का ध्यान में रखा जाना चाहिये–

1. विशिष्ट प्रविष्टि (Specific Entry)– सूची में से विषय शीर्षक चयन करते समय अत्यधिक विशिष्ट शब्द अर्थात् उस विषय शीर्षक का चयन करें जो ग्रन्थ की विषय वस्तु की परिशुद्धता तथा सुनिश्चितता का प्रतिनिधित्व कर सके।

2. सामान्य प्रचलित शब्द– वैज्ञानिक एवं तकनीकी नामों की अपेक्षा सामान्य या प्रचलित नामों का ही प्रयोग करना चाहिए।

3. एकरूपता (Uniformity)– समानार्थक शब्द (Synonyms) की अवस्था में समरूप (Uniform) शब्द का वरण करना चाहिये।

4. संगतता (Consistency)– एक बार वरण किये गये विषय शीर्षक को संगतता पूर्वक (Consistently) प्रयोग करना चाहिये।

(c3.1) एकांकी संज्ञा (Single Noun)

विषय शीर्षकों का सबसे सरल रूप उनका एकांकी संज्ञा के रूप में होना है। उदाहरणार्थ Art, Agriculture, Education, Religion आदि। इसी प्रकार मूर्त विषय (Concerete subject) जैसे Apple, Chair,Pottery, Trees, Violin आदि हैं। यदि किसी विषय शीर्षक के समानार्थक शब्द जैसे Pottery के Ceramics, Chinaware, Crockery, Dishes आदि हों तो उस अवस्था में समानार्थक शब्दों से निर्देश बनाये जाते हैं। यदि कोई पद द्विअर्थी हो जैसे Bridge (Civilengineering & Game) तो उन्हें कोष्ठक में जोड़कर स्पष्ट किया जाता है।

(c3.2) वाक्यांश के रूप में विषय शीर्षक (Phrase Heading)

कुछ विषय दो ज्ञान क्षेत्रों से सम्बन्धित होते हैं जिन्हें मिश्रित वाक्यांश द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है–

उदाहरणार्थ :

Bible as Literature

Freedom of Information

(c3.3) मिश्रित शीर्षक (Compound Headings)

जो संज्ञायें एक दूसरे से जुड़ी होती हैं तथा जिन्हें सामान्यतः वैचारिक रूप से अलग नहीं किया जा सकता हो तो उन्हें एक साथ प्रयुक्त किया जाता है।

उदाहरणार्थ :

Bow and arrow

Cities and towns

Publishers and publishing

एवं दो विभिन्न विषय जो एक दूसरे के साथ जोड़ कर अध्ययन किये जाते हैं

उदाहरणार्थ :

Religion and science

Television and children

एवं दो विभिन्न विषय जो एक दूसरे से पूर्णतया अलग होने के बावजूद भी उनका अध्ययन एक साथ किया जाता है।

उदाहरणार्थ :

Belief and doubt

Good and evil

उपर्युक्त सभी का विषय शीर्षक सामान्यतया अकारादि क्रम में निर्मित किया जाता है। विपर्स्थ क्रम में सदैव एक निर्देश बनाया जाता है।

(c4) विषय शीर्षक के साथ दशमलव वर्गीकरण का प्रयोग
(Use of Decimal Classification with Subject Headings)

प्रारम्भ से ही सीयर्स लिस्ट में विषय शीर्षकों के साथ दशमलव वर्गीकरण के वर्गांक का प्रयोग किया जा रहा है। 9वें व 10वें संस्करण में इसे बन्द कर दिया गया था। छोटे ग्रन्थालयों की पुनः मांग पर 11वें संस्करण से इन वर्गांकों का प्रयोग पुनः प्रारम्भ कर दिया गया। 16वें संस्करण में एब्रिज्ड ड्यूई डेसीमल क्लासीफिकेशन एण्ड रिलेटिव इन्डेक्स, संस्करण 13 जो 1997 में प्रकाशित हुआ है, के वर्गांकों का प्रयोग किया गया है।

(c5) क्षेत्र टिप्पणी (Scope Note)

इस सूची में कुछ शीर्षकों के समक्ष क्षेत्र टिप्पणी दी रहती है जिनके द्वारा प्रयोगकर्त्ता को विषय शीर्षक के बारे में स्पष्टता हो जाती है और उनके चयन में सुविधा रहती है। उदाहरणार्थ सीयर्स लिस्ट के पृष्ठ 2 पर **Abnormal psychology 616.89** के नीचे निम्नलिखित क्षेत्र टिप्पणी दी गई है।

Use for systematic descriptions of mental disorders. Materials on clinical aspects of mental disorders, including, therapy, are entered under **Psychiatry**. Popular materials and materials on regional or social aspects of mental disorders are entered under **Mental illness.**

(c6) भौगोलिक उपविभाजन (Geographical Subdivision)

जिन शीर्षकों के समक्ष 'भौगोलिक रूप से बांटिये' मुद्रित रहता है, उन्हें देश, राज्य, शहर आदि किसी भी भौगोलिक इकाई तक विभाजित किया जा सकता है। परन्तु जिन शीर्षकों के आगे 'भौगोलिक रूप में विभाजित कीजिये' का निर्देश न दिया गया हो और सूचीकार विषय को भौगोलिक रूप से विभाजन की आवश्यकता महसूस करे तो विषयों को भौगोलिक रूप से विभाजित किया जा सकता है। सीयर्स लिस्ट में यह निर्देश इस प्रकार दिया रहता है–

Academic freedom (May subdiv. geog.) 371.1; 378.1

(c7) देखिये निर्देश (References)

विषय शीर्षक निर्धारण के पश्चात् यह ध्यान रखा जाना चाहिये कि पाठकों को इस शीर्षक को निर्देशों के अभाव से ढूढ़ने में कोई कठिनाई न हो। निर्देश पाठकों का ध्यान उस शीर्षक के विस्तृत एवं सम्बन्धित पद से, जिसे कि प्रविष्टि का शीर्षक नहीं बनाया गया हो, से निर्मित शीर्षक की ओर आकर्षित करना है।

इस हेतु सीयर्स लिस्ट में अन्य थिसॉरस की तरह कई चिन्ह प्रयुक्त किये गये हैं। फिर भी सीयर्स लिस्ट अकारादि विषय शीर्षक सूची ही है न कि वास्तविक थिसॉरस। थिसॉरस स्वरूप सूचीकार के पदों के सम्बन्ध में विभेद करने में तथा सार्वजनिक सूची में उचित निर्देश बनाने में सहायक सिद्ध होता है। नीचे दिये उदाहरण में इन निर्देशों को समझाया गया है–

Instrumental music 784

UF Music, Instrumental

SA Types of Instrumental music, to be added as needed

BT **Music**

NT **Band music**

Chamber music

Guitar music

Orchestol music

Organ music

Piano music

RT **Musical Instruments**

(c7.1) विशिष्ट देखिये निर्देश (Specific See Reference)

पद 'के लिये प्रयुक्त' (Used for) के बाद उन पदों या वाक्यांशों (Phrases) को अंकित किया गया है जिनके स्थान पर विषय शीर्षक प्रयोग किया गया है। सूची के उचित प्रयोग हेतु इन पदों से 'देखिये निर्देश' बनाये जाने आवश्यक हैं। इन्हें निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बनाया जाता है–

1. पर्यायवाची या समानार्थी पदों हेतु उदाहरणार्थ Instruction Materials Centre के लिये School media centre से
2. मिश्रित शीर्षक के द्वितीय भाग हेतु उदाहरणार्थ Desertion and nonsupport के लिये Nonsupport पद से
3. संज्ञा के बाद विश्लेषण आने की स्थिति में शीर्षक के विपर्स्थ (Inverted) शीर्षक से। उदाहरणार्थ Adult education के लिये Education, Adult पद सें।
4. विभिन्न हिज्जों के लिये जैसे Color हेतु Colour पद से।
5. विपर्यायवाची पद हेतु जैसे Temperance हेतु Intemperance पद से।
6. एक वचन एवं बहुवचन पदों हेतु उदाहरणार्थ Mice पद के लिये Mouse से एवं Cats पद के लिये Cat पद से।

पद **Instrumental music** जो कि सीयर्स लिस्ट में वर्ण M के नीचे उपलब्ध है, के अन्तर्गत Music, **Instrumental USE Instrumental** music देखने का निर्देश मिलता है। सार्वजनिक सूची में इस हेतु देखिये निर्देश निम्नलिखित प्रकार बनाया जायेगा :-

Music, Instrumental

see Instrumental music.

(c7.2) विशिष्ट इन्हें भी देखिये निर्देश (Specific See also References)

विस्तृत पद (Broader Term) के बाद दिया गया पद मुख्य निर्देश में दिये गये पद से विस्तृत पद होता है। नियमानुसार यह मात्र एक ही पद होता है। यद पद सूचीकार को दो प्रकार से सहायता देता है (1) उपयुक्त पद के चयन एवं (2) इन्हें भी देखिये निदेश बनाने में।

संकीर्ण पद (Narrower Term) के बाद उन पदों की सूची दी रहती है जिनका कि क्षेत्र विषय शीर्षक से संकीर्ण होता है। उदाहरणार्थ यदि Instrumental music वाला ग्रन्थ केवल Guitar या Piano से सम्बन्धित है तो विस्तृत पद Instrumental से संकीर्ण पदकी ओर निर्देशित करते हुए 'इन्हें भी देखिये निर्देश' तभी बनाया जाता है जब संकीर्णपद पहली बार शीर्षक के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

इन्हें निम्नलिखित प्रकार से बनाया जाता है–

Instrumental music

see also Guitar music

'सम्बन्धित पद' (Related Term) के बाद उन पदों की सूची दी रहती है जिनका ग्रन्थ विषय या तो विषय से सम्बन्धित होता है अथवा समान होता है। यह पद न तो विस्तृत होता है और न ही संकीर्ण विषय शीर्षक

।। उदाहरणार्थ Instrumental music पद Musical instrumental से सम्बन्धित पद है। इनके लिये इन्हें भी देखिये' निर्देश निम्नलिखित प्रकार से बनाये जाते हैं–

Musical instruments

see also Instrumental music

c7.3) सामान्य निर्देश (General Reference)

इन्हें भी देखिये' (See also) पद के बाद या तो कुछ पद दिये रहते हैं अथवा पद जोड़े जाने का निर्देश देया रहता है। उनसे तथा उनके लिये इन्हें भी देखिये निर्देश बनाये जाने चाहिये।

c7.4) सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स द्वारा विषय शीर्षक निर्धारण की विधि

(Method of Deriving Subject Headings with Sears List of Subject Headings)

सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स से विषय शीर्षक निकालना काफी सरल कार्य है। मात्र थोड़े अभ्यास की आवश्यकता होती है। इस विधि को कुछ आख्याओं को लेकर स्पष्ट करेंगे।

उदाहरण– 1. ग्रन्थालय प्रक्रिया (Library Manual)

ग्रन्थ के नाम से ही यह स्पष्ट है कि ग्रन्थ ग्रन्थालय विज्ञान विषय का है। इसलिये हमें वर्ण L के नीचे देखने पर पृष्ठ417 पर काली स्याही से मुद्रित पद Libraries तथा पृष्ठ xlii पर दी गई सामान्य प्रयोग के उपविभाग तालिका से पद Handbooks, Manuals etc., लाकर जोड़ने पर इस ग्रन्थ का विषय शीर्षक Libraries–Handbooks, Manuals etc., बना।

उदाहरण–2 आस्ट्रिया में महिला शिक्षा (Women Education in Austria)

वर्ण W के अन्तर्गत देखने पर पृष्ठ 771 पर विषय शीर्षक Women Education काली स्याही में मुद्रित मिला। परन्तु इस विषय शीर्षक को भौगोलिक आधार पर विभक्त करने के निर्देश न होने के कारण इसके साथ Austria भी जोड़ा जा सकता है। पृष्ठ 236 पर दूसरा विषय शीर्षक Education देखने पर इसे भौगोलिक आधार पर विभाजित करने का निर्देश मिलता है। इस प्रकार इस ग्रन्थ का एक विषय शीर्षक Women Education तथा दूसरा विषय शीर्षक Education–Austria होगा।

उदाहरण–3 प्रेमचन्द की जीवनी (Biography of Prem Chand)

पृष्ठ xl मुख्य शीर्षकों की तालिका के अन्तर्गत दिये गये निर्देशानुसार किसी भी भाषा के लेखक के नाम के साथ सामान्य प्रयोग के उपविभाग जोड़ने के लिये हमें सीयर्स लिस्ट में Shakespeare, William के अन्तर्गत खोजना पड़ेगा। पृष्ठ 648 पर Shakespeare, William–Biography पद काली स्याही से मुद्रित मिलता है। Shakespeare, William के स्थान पर Prem Chand का प्रयोग कर Prem Chand–Biography विषय शीर्षक बना। यही इस ग्रन्थ का विषय शीर्षक बना।

उदाहरण–4 भारत पाक वैदेशिक सम्बन्ध (Indo-Pak Foreign Relations)

वर्ण F के अन्तर्गत खोजने पर पृष्ठ 297 पर Foreign Relations पद हल्की स्याही में मुद्रित मिलता है। अतः इसे विषय शीर्षक के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता। इसी पद के आगे United States–Foreign Relations देखने का निर्देश दिया गया है। पृष्ठ 738 पर United States–Foreign Relations पद काली स्याही से मुद्रित मिलता है तथा इसके आगे May Subdiv. geog. पद लिखा गया है अर्थात् आवश्यकता पड़ने पर इसे पुनः भौगोलिक इकाई द्वारा विभाजित किया जा सकता है। पृष्ठ xl पर दी गई मुख्य शीर्षकों की तालिका के निर्देशानुसार United States के स्थान पर India का प्रयोग कर इस ग्रन्थ का विषय शीर्षक India–Foreign Relations-Pakistan बना।

दाखये *विषय निर्देश* (See Subject Reference)

सीयर्स लिस्ट में काली स्याही से मुद्रित विषय शीर्षकों के साथ 'के लिए प्रयुक्त' (UF) पद के बाद मुद्रित शीर्षकों के लिये देखिये विषय शीर्षक (See Subject Reference) तथा 'व्यापक पद' (BT) पद के बाद मुद्रित शीर्षकों के लिये इसे भी देखिये विषय शीर्षक (See Subject Reference) तैयार करने का प्रावधान है। 'संकीर्ण पद' (NT) एवं 'सम्बन्धित पद' (RT) पद के बाद लिखे गये शीर्षकों के लिये विषय शीर्षकों से विषय निर्देश बनाने का भी प्रावधान है।

□□□

इकाई 2 : समष्टि लेखक-शासन, संस्था एवं सम्मेलन

CORPORATE AUTHOR-GOVERNMENT, INSTITUTION AND CONFERENE

संरचना

2.0 उद्देश्य

2.1 समष्टि निकाय एवं समष्टि लेखक की परिभाषा

2.2 समष्टि लेखक के प्रकार

2.3 शासन

- 2.3.1 परिभाषा
- 2.3.2 शीर्षक वरण के नियम
- 2.3.3 शीर्षक उपकल्पन के नियम
- 2.3.4 सूचीकृत मुखपृष्ठ

2.4 संस्था

- 2.4.1 परिभाषा
- 2.4.2 शीर्षक वरण के नियम
- 2.4.3 शीर्षक उपकल्पन के नियम
- 2.4.4 संयुक्त समितियाँ एवं आयोग आदि
- 2.4.5 सूचीकृत मुखपृष्ठ

2.5 सम्मेलन

- 2.5.1 परिभाषा
- 2.5.2 शीर्षक वरण के नियम
- 2.5.3 शीर्षक उपकल्पन के नियम
- 2.5.4 सूचीकृत मुखपृष्ठ

2.6 स्वअभ्यास हेतु मुखपृष्ठ

2.0 उद्देश्य (Objectives of the Unit)

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं–

- समष्टि निकाय एवं समष्टि लेखक को परिभाषित करना
- समष्टि लेखक के विभिन्न प्रकारों की गणना करना
- शासन को परिभाषित कर उसके वरण एवं उपकल्पन के नियमों का वर्णन करना
- संस्था को परिभाषित कर उसके वरण एवं उपकल्पन के नियमों का वर्णन करना
- सम्मेलन को परिभाषित कर उसके वरण एवं उपकल्पन के नियमों का वर्णन करना।

2.1 समष्टि निकाय व समष्टि लेखक की परिभाषा (Definition of Corporate Body and Corporate Author)

ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित में समष्टि निकाय को निम्नलिखित प्रकार परिभाषित किया गया है–

'एक संगठन या व्यक्तियों का वह समूह, जो एक विशेष नाम से जाना जाता है तथा एक सत्ता (Entity) के रूप में कार्य करता है अथवा कार्य कर सकता है। समष्टि निकायों की श्रेणियों के उदाहरण हैं–संघ, संस्था, व्यापारिक फर्म, लाभ निरपेक्ष उद्यम, शासन, शासकीय संस्थाएं, धार्मिक संस्थायें, स्थानीय चर्च एवं सम्मेलन आदि।'

ए.ए.सी.आर.-1 के अनुसार 'जब किसी ग्रन्थ के बौद्धिक या कलात्मक अन्तर्वस्तु की सृष्टि के लिए समष्टि निकाय पूर्णरूपेण उत्तरदायी होता है, तो उसे समष्टि लेखक कहते हैं।'

जोली (Jolley) के अनुसार 'जब ग्रन्थ की विषय वस्तु, अभिव्यक्ति या विचारों के लिए संस्था, संघ, शासन अथवा कोई अन्य समष्टि निकाय उत्तरदायी हो न कि व्यक्तिगत लेखक, तो उस ग्रन्थ को समष्टि लेखक का कहा जायेगा।'

2.2 समष्टि लेखक के प्रकार (Types of Corporate Author)

ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित में समष्टि लेखकत्व को स्पष्ट रूप में अलग से नहीं विभाजित किया गया है। फिर भी इस सूची संहिता के अध्याय 24 में वर्णित नियमों के आधार पर इसे प्रमुख रूप से निम्नलिखित पाँच प्रकारों में बांटा जा सकता है–

1. शासन (Government)
2. संस्था (Institution)
3. सम्मेलन (Conference)
4. प्रदर्शनियां, मेले, उत्सव आदि (Exhibition, Fairs and Festivals)
5. रेडियो एवं टेलीविजन केन्द्र (Radio and Televison Stations)

2.3 शासन (Goverment)

2.3.1 परिभाषा (Definition)

ऐसे ग्रन्थ, जिनमें अभिव्यक्ति विचारों के लिए शासन अथवा उसका कोई अंग उत्तरदायी हो, को शासकीय प्रकाशन कहा जाता है। शासकीय प्रकाशन कभी-कभी तो विक्रय के लिए उपलब्ध होते हैं तथा कभी-कभी सीमित वितरण (Limited circulation) के लिए निःशुल्क भी उपलब्ध होते हैं। शासकीय प्रकाशनों के मुख्य लक्षण निम्नलिखित हैं–

1. ऐसे सभी प्रकाशन जिनमें निहित विचार शासकीय एजेन्सियों के प्रयासों का परिणाम होता है। परन्तु यह आवश्यक नहीं कि उनका भौतिक प्रस्तुतीकरण शासकीय एजेन्सियों द्वारा ही किया जाये।
2. शासकीय एजेन्सियों द्वारा भौतिक रूप से अभिप्रेत कोई भी प्रकाशन जिसको शासकीय प्राधिकार द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो तथा उसके प्रकाशन विवरण से अंकित होकर निर्गमित हो।

ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित के अनुसार "शासन शब्द से समष्टि निकायों-कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका, जिनका एक निश्चित भू-भाग पर आधिपत्य होता है- की सम्पूर्णता का बोध होता है।"

2.3.2. शीर्षक का वरण (Choice of Heading)

ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित में शासन के वरण हेतु निम्नलिखित नियमों का प्रावधान है–

नियमांक 21.1B2 : सामान्य नियम : एक या अधिक समष्टि निकाय द्वारा उद्भूत **किसी ग्रन्थ को,** यदि वह अधोलिखित श्रेणियों में एक या अधिक श्रेणियों के अन्तर्गत आता हो तो उसे **समष्टि निकाय** (इस सन्दर्भ में शासन) के अन्तर्गत के साथ समाविष्ट करें–

(ब) अधोलिखित प्रकार के कुछ वैधानिक तथा शासकीय ग्रन्थ :

- विधि (नियमांक 21.31)
- मुख्य कार्यपालक द्वारा जारी की गई डिग्री जो विधि सम्मत हो **(नियमांक 21.31)**
- प्रशासकीय अधिनियम (नियमांक 21.32)
- संविधान (नियमांक 21.33)

- न्यायिक नियम (नियमांक 21.34)
- संधि आदि (नियमांक 21.35)
- न्यायिक निर्णय (नियमांक 21.36)
- विधायी सुनवाई

नियमांक 21.4D3 : एकल व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत सरकारी सूचनाओं तथा अन्य ग्रन्थों को व्यक्तिगत शीर्षक दें। समष्टि निकाय हेतु एक इतर प्रविष्टि बनायें।

अन्य देश में प्रतिनिधि मण्डल (Delegation to a Country)

नियमांक 24.26 : इस प्रकार के प्रतिनिधि मण्डल, आयोग आदि जो किसी देश के शासन का प्रतिनिधित्व अन्तर्राष्ट्रीय या अन्तर्शासकीय निकाय, सम्मेलन, औद्योगिक संस्थान आदि (दूसरे देश में) में करते हैं, उसे उस देश के अन्तर्गत प्रविष्ट करना चाहिए जिस देश का वे प्रतिनिधित्व करते हैं। उपशीर्षक को प्रतिनिधित्व किये जाने वाले देश की भाषा में अंकित करना चाहिए।

उदाहरणार्थ : India. Delegation to China on Agranian Cooperatives.

2.3.3 शीर्षक का उपकल्पन (Rendering of Heading)

ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित में शीर्षक के उपकल्पन के लिए निम्नलिखित नियमों का प्रावधान है–

4.3.1. परम्परागत नाम (Conventional Name)

नियमांक 24.3 E के अनुसार यदि शासन का शासकीय नाम सामान्य उपयोग में न हो तो परम्परागत नाम का प्रयोग शीर्षक वरण हेतु किया जायेगा। शासन का परम्परागत नाम उस भूभाग का नाम होता है जो शासन के अधिकार क्षेत्र में हो जैसे देश, प्रदेश, राज्य, मण्डल, म्यूनिसिपेलिटी आदि।

उदाहरणार्थ : France न कि Republique francaise

India न कि Republic of India

4.3.2. भाषा (Language)

नियमांक 22.2A अंग्रेजी रूप : भौगोलिक नाम का यदि अंग्रेजी रूप प्रयुक्त होता हो तो उसका प्रयोग किया जाना चाहिए। इसे निर्धारित करने हेतु अंग्रेजी बोलने वाले देशों के गजेटीयर तथा अन्य सन्दर्भ ग्रन्थों की भी सहायता लेनी चाहिये। शंका की स्थिति में नियमांक 23.2B के अनुसार स्थानीय रूप (Vernacular form) का प्रयोग करना चाहिये।

उदाहरणार्थ : Austria न कि Osterreich

Copenhegan न कि Kobenhavn

नियमांक 23.2 B : स्थानीय रूप

नियमांक 23.2 B : अगर अंग्रेजी रूप सामान्य रूप से उपयोग न किया जाता हो तो देश की सरकारी भाषा के नाम का प्रयोग करना चाहिये।

उदाहरणार्थ : Livorno न कि Leghorn

(क्योंकि अंग्रेजी रूप अब सामान्य उपयोग में नहीं है।)

परन्तु यदि शासकीय नाम अधिक प्रचलन में हो तो उसका प्रयोग किया जाना चाहिये।

उदाहरणार्थ : Greater London Council

नियमांक 23.2B2 : यदि किसी देश की एक से अधिक शासकीय भाषायें हों तो, उस रूप का प्रयोग करना चाहिये जो अंग्रेजी भाषी ग्रन्थों में प्रमुख रूप से प्रयुक्त हो रहा हो।

उदाहरणार्थ : Helsinki न कि Helsingfors

RIL-096

4.3.3. व्यष्टिकरण (Individualization)

यदि एक ही नाम की दो या अधिक भौगोलिक इकाइयां हों तो उनके नाम की समरूपता को समाप्त करने के लिए निम्नलिखित नियमों का प्रावधान किया गया है :

नियमांक 23.4A : प्रविष्टि पद के रूप में प्रयुक्त स्थान के नाम के आगे चक्राकार कोष्ठक में व्यष्टिकारक पद जोड़ा जाना चाहिये।

उदाहरणार्थ : Budapest (Hungary)

Hyderabad (India)

नियमांक 24.6B : शहर या नगर के अतिरिक्त अधिकार क्षेत्र के प्रकार को अंग्रेजी भाषा में जोड़े। यदि देशी भाषा के पद के समकक्ष अंग्रेजी पद न हो तो स्थानिक भाषा के पद का प्रयोग करें। सन्देहात्मक स्थिति में देशी पद का प्रयोग करें।

उदाहरणार्थ : Hyderabad (India)

Hyderabad (Pakistan)

नियमांक 24.6C : यदि अधिकार क्षेत्र के रूप में सन्तोषजनक रूप से विशिष्टता प्रकट न हो तो यथोचित शब्द या वाक्य का प्रयोग करें।

उदाहरणार्थ : Berlin (Germany : East)

Berlin (Germany : West)

नियमांक 24.6D : यदि एक ही अधिकार क्षेत्र पर दो या अधिक शासनों का दावा हो (उदाहरणार्थ अध्यासी शक्ति(Occupying powers) एवं विकसित सरकारें) तो एक अथवा प्रत्येक सरकार के लिये उपयुक्त पद पर समावेशित वर्ष साथ जोड़े।

उदाहरणार्थ : France

France (Territary under German Occupation, 1940-44)

4.3.4. शासन के अंग (Organ of Government)

ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित में न तो शासन के अंग को परिभाषित ही किया गया है और न ही उसके प्रकारों की गणना ही की गई है। यद्यपि सूची संहिता के नियमों के आधार पर उन्हें निम्नलिखित प्रकारों में बांटा जा सकता है–

1. वैधानिक अंग
   - 11. कार्यपालिका
   - 12. विधायिका
   - 13. न्यायपालिका
2. प्रशासनिक अंग
3. शासनाध्यक्ष
4. राजाध्यक्ष

ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित में शासन के विभिन्न अंगों के लिए कुछ सामान्य नियमों तथा अंग विशेष के लिये कुछ विशेष नियमों का प्रावधान किया गया है। यह नियम निम्नलिखित हैं–

नियमांक 24.17 : ऐसा शासकीय निकाय एवं अधिकारी जो शासन द्वारा सृजित अथवा नियन्त्रित हो तथा नियमांक24.18 के अन्तर्गत गिनाये गये प्रकारों में सम्मिलित न हो तो उसे स्वयं के नाम के अन्तर्गत प्रविष्ट किया जायेगा।

नियमांक 24.18 : किसी शासकीय एजेन्सी को यदि वह अधोलिखित प्रकार में से एक या अधिक के अन्तर्गत आती हो तो, अधीनस्थ रूप से प्रविष्टि करें।

प्रकार 1– यदि किसी एजेन्सी के नाम में लगे शब्द से यह बोध होता हो तो कि वह निकाय का अन्य भाग है, यथा, विभाग, प्रमंडल, अनुभाग, शाखा तथा अन्य भाषाओं में इनके पर्यायवाची शब्द।

उदाहरणार्थ : United States, Division of Wildlife Service

प्रकार 2– यदि किसी एजेन्सी के नाम में लगे शब्द से सामान्यतया प्रशासकीय अधीनता का बोध होता हो, (यथा, समिति, आयोग), तो इस अवस्था में एजेंसी के नाम की पहचान के लिए शासन का नाम दिया जाता है।

उदाहरणार्थ : United Kingdom. Central Office of Information

United States. Commission on Civil Rights

प्रकार 3–यदि एजेंसी का स्वयं का नाम दूसरी एजेंसी के नाम के रूप में उपयोग किया जाता हो अथवा उपयोग होने की संभावना हो, इस अवस्था में एजेंसी की पहचान के लिए शासन का नाम दिया जाता है।

उदाहरणार्थ : Illinois. Environmental Protection Agency

प्रकार 4– शासन के अन्तर्गत राजकीय प्रकाशन के आधार पर यदि यह ज्ञात होता है कि एजेन्सी कोई मंत्रालय अथवा उसी प्रकार की कोई प्रमुख कार्यकारी एजेंसी है (अर्थात् उस एजेंसी से उच्च (ऊपर) कोई एजेंसी नहीं है)

उदाहरणार्थ : India. Ministry of Education.

United Kingdom. Home Affairs

प्रकार 5– विधायी निकाय

उदाहरणार्थ : United States. Congress

India. Parliament

प्रकार 6– न्यायालय

उदाहरणार्थ : India. Supreme Court

Rajasthan. High Court

प्रकार 7– प्रधान सशस्त्र सेनाएं

उदाहरणार्थ : United Kingdom. Army

United States. Navy

प्रकार 8– राज्य के प्रधान तथा शासन के प्रमुख

उदाहरणार्थ : Delhi Mayor

India. President

प्रकार 9–दूतावास, वाणिज्य दूतावास, आदि

उदाहरणार्थ : India. High Commissioner (Australia)

United Kingdom. Consulate (New York)

प्रकार 10– अन्तर्राष्ट्रीय तथा अन्तर्शासकीय के लिए प्रतिनिधि मंडल

उदाहरणार्थ : United Kingdom. Delegation to United Nations.

4.3.5. उपशीर्षकों का अन्तर्वेशन (Interpolation of Sub-headings)

यदि ग्रन्थ के मुखपृष्ठ पर शासन के दो या अधिक अंगों के नाम अंकित हों तो कितने अंगों के नामों का प्रयोग शीर्षक हेतु किया जायेगा, इस समस्या के समाधान के लिये नियमांक 24.19 का प्रावधान किया गया है।

नियमांक 24.19 : प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष उपशीर्षक : यदि एजेन्सी नियमांक 24.18 परिगणित एक अथवा अधिक प्रकारों में से एक प्रकार की हो तो उसे प्रत्यक्ष ढंग से शासन के शीर्षक/उपशीर्षक के रूप में अंकित किया जायेगा। यदि एजेन्सी के नाम को किसी अन्य एजेन्सी द्वारा उपयोग नहीं किया गया हो अथवा किये जाने की सम्भावना न हो तो उसे उसी शासन के नाम तथा एजेन्सी के नाम के मध्य श्रृंखला के अन्तर्गत आने वाले सबसे निचले तत्व के नाम जोड़ जिससे कि एजेन्सियों में विभेद हो सके।

उदाहरणार्थ : Director of College Education, Ministry of Education, Government of Rajasthan का उपकल्पन निम्नलिखित प्रकार होगा–

Rajasthan. Director of College Education

उपर्युक्त शीर्षक में Ministry of Education देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि Director of College Education सदैव इसी Ministry का अंग होता है।

परन्तु Director of Statistics, Ministry of Health, Government of India का उपकल्पन निम्नलिखित प्रकार होगा–

India. Ministry of Health. Director of Statistics.

उपर्युक्त शीर्षक में Ministry of Health जोड़ा जाना आवश्यक है क्योंकि Director of Statistics किसी भी Ministry के अन्तर्गत हो सकता है।

4.3.6. राजाध्यक्ष (Head of State)

नियमांक 21.4D1 (a) : राजाध्यक्ष, शासनाध्यक्ष तथा अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं के प्रमुखों के शासकीय पत्र व्यवहार(Communication) जैसे विधान मण्डलों को दिये गये सन्देश (Messages), उद्घोषणायें (Proclamations) एवं प्रशासकीय आदेश (जो नियमांक 21.31 में सम्मिलित नहीं है) हेतु समष्टि शीर्षक (इस सन्दर्भ में शासन) के अन्तर्गत शीर्षक निर्माण करें।

नियमांक 21.4D1 अन्य रचनायें : उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य सभी रचनाओं हेतु व्यक्तिगत शीर्षक बनायें (समष्टि शीर्षक से व्यक्तिगत शीर्षक हेतु व्याख्यात्मक निर्देश बनायें।)

नियमांक 21.4D3 शासकीय पत्र व्यवहार व अन्य संकलन : शासकीय पत्र व्यवहार के संकलन व अन्य रचनाओं हेतु व्यक्तिगत शीर्षक बनायें तथा समष्टि शीर्षक से एक इतर प्रविष्टि बनायें।

उदाहरणार्थ : President Speaks : A collection of speeches of Zakir Hussain का शीर्षक व्यक्तिगत नाम Zakir Hussain के अन्तर्गत बनेगा तथा India. President (1969-1971 : Zakir Hussain) से एक व्याख्यात्मक निर्देश बनायेंगे।

एक से अधिक पद धारकों के शासकीय पत्र व्यवहार के संकलन तथा अन्य रचनाओं की संकलन के समान प्रविष्टि की जायेगी। पद धारक के नाम से एक इतर प्रविष्टि बनाई जायेगी।

उदाहरणार्थ : A compilation of messages and papers of the presidents by James D. Richardson की प्रविष्टि आख्या के अन्तर्गत बनेगी तथा एक इतर प्रविष्टि United States. President नाम से बनेगी।

नियमांक 24.20B : राष्ट्र के प्रधान आदि–किसी सार्वभौम राष्ट्रपति, अन्य प्रधान अथवा राज्यपाल अथवा अधिकारिक हैसियत के कार्यकारी राज्यपाल के उपशीर्षक के लिये अंग्रेजी भाषा में उनके पद का नाम (अंग्रेजी भाषा में यदि कोई पर्यायवाची शब्द है तो), शासन अथवा पदासीन रहने के समावेशित वर्ष (Inclusive years) तथा व्यक्ति के नाम का संक्षिप्त रूप तथा सम्बन्धित व्यक्ति की भाषा में दें।

उदाहरणार्थ : India. President (1967-1969 : Zakir Hussain)
United States. President (1953-1961 : Isenhour)
Rajasthan. Governor (1991-1993 : Chenna Reddy)

यदि पदाधिकारी का पदनाम लिंग के अनुसार भिन्न हो तो किसी सामान्य शब्द का प्रयोग करें (उदाहरणार्थ

सम्राट अथवा साम्राज्ञी के स्थान पर सार्वभौम का प्रयोग करें।

उदाहरणार्थ : United Kingdom. Sovereign (1952 - Elizabeth II)

यदि शीर्षक का प्रयोग एक से अधिक पदाधिकारी व्यक्ति के लिये हो तो तिथि व नाम छोड़े दें।

उदाहरणार्थ : India. President

4.3.7. शासनाध्यक्ष (Head of Government)

नियमांक 21.4D (a) पूर्व में वर्णित किया गया है।

नियमांक 24.20 C : **शासन के प्रमुख तथा अन्तर्शासकीय निकायों के प्रमुख-अधिकारिक के रूप में** कार्यरत शासन के प्रमुख के उपशीर्षक के लिये यदि वह राष्ट्र का प्रधान नहीं हो, उसके पद के नाम को देशी भाषा में दें। तिथि तथा नामों का समावेश न करें। अन्तर्राष्ट्रीय तथा अन्तर्शासकीय संगठनों के प्रमुख (अधिकारिक रूप से कार्यरत) के उपशीर्षक के लिये उनके पद के नाम के संगठन के शीर्षक की भाषा में दें।

उदाहरणार्थ : India. Prime Minister

United Nations. Secretary General

4.3.8. विधायी निकाय (Legislative Body)

नियमांक 24.18 (प्रकार 5) के अनुसार विधायी निकाय को देश के अन्तर्गत अधीनस्थ रूप से अंकित किया जाता है।

उदाहरणार्थ : India. Parliament

Rajasthan. Vidhan Sabha

नियमांक 24.21A : यदि कोई विधान मण्डल एक से अधिक सदन का हो तो विधान मण्डल के शीर्षक के उपशीर्षक के रूप में प्रत्येक सदन को अंकित किया जायेगा।

उदाहरणार्थ : India. Parliament. Lok Sabha न कि India. Lok Sabha

United Kingdom. Parliament. House of Lords

न कि United Kingdom. House of Lords

नियमांक 24.21B-24.21D में विभिन्न प्रकार के विधायी निकायों को अंकित करने के नियमों का प्रतिपादन किया गया है।

4.3.9. अन्तर्राष्ट्रीय एवं अन्तर्शासकीय निकायों हेतु प्रतिनिधि मंडल (Delegations to International and Inter Government Bodies)

नियमांक 24.26 के अनुसार किसी देश को अन्तर्राष्ट्रीय या अन्तर्शासकीय निकाय, सम्मेलन, उद्यम आदि में प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधि मण्डल, आयोग आदि के प्रतिनिधि मण्डल भेजने वाले देश के अन्तर्गत उपशीर्षक के रूप में अंकित किया जायेगा।

उदाहरणार्थ : India. Mission to United Sates

2.3.4. सूचीकृत मुखपृष्ठ (Catalogued Titles)

मुखपृष्ठ 1

(शासन व उसका विधायी अंग एवं उपअंग)

UNITED STATES CONGRESS
JOINT ECONOMIC COMMITTEE
SUBCOMMITTEE ON FISCAL POLICY



The Federal Budget, Inflation
and
Full Employment

Washington,
U.S. Government Printing Office,
1970

Other Information

Call No. 352.4 N70
Acc. No. 15973
Pages xii, 211
Size 21.5 cm

मुख्य प्रविष्टि

352.4 N70	United	States. Congress. Subcommittee on Fiscal Policy.
15973	United	The federal budget, inflation and full employment States, Congress, Joint Economic Committee, Subcommittee on Fiscal Policy.–Washington : U.S. Govt. Printing Office, 1970. xii, 211 p.; 22 cm. 1. Budget-United States. 1. Title.

विषय प्रविष्टि

352.4 N70	United	BUDGET-UNITED STATES. States. Congress. Subcommittee on Fiscal Policy.
		Rest as main entry

आख्या प्रविष्टि

352.4 N70	United	The Federal budget, inflation and full employment. States. Congress. Subcommittee on Fiscal Policy.
		Rest as main entry

देखिये निर्देश-1

		FEDERAL BUDGET.
		see BUDGET-UNITED STATES.

RIL-096

देखिये निर्देश-2

		UNITED STATES-BUDGET.
		see BUDGET-UNITED STATES.

टिप्पणी :

1. शीर्षक का उपकल्पन नियमांक 24.18 के अनुसार किया गया है। शीर्षक के उपकल्पन में नियमांक 24.19 के अनुसार द्वितीय श्रेणी के अंग को हटा दिया गया है।
2. शेष सभी प्रविष्टियाँ-विषय, आख्या एवं विषय संदर्भ नियमानुसार बनायी गयी हैं।

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF EDUCATION



Report of the All India Educational Survey

Delhi,
Manager of Publications
1985

Other Information
Call No. 370.954 N85
Acc. No. 8541
Pages x, 90
Size 19.8 cm.

मुख्य प्रविष्टि

370.954 N85	India.	Ministry of Education.
8541	India,	Report of the all India educational survey/Government of Ministry of Education.– Delhi : Manager of Pub., 1985. x, 90 p.; 20 cm. 1. Education-India. 2. Educational surveys-India. 1. Title.

RIL-096

विषय प्रविष्टि-1

370.954 N85	India.	EDUCATION-INDIA. Ministry of Education.
		Rest as main entry

विषय प्रविष्टि-2

370.954 N85	India.	EDUCATION SURVEYS-INDIA. Ministry of Education.
		Rest as main entry

आख्या प्रविष्टि

370.954 N85	India.	Report of the all India educational survey. Ministry of Education.
		Rest as main entry

टिप्पणी :

1. शासन के प्रथम श्रेणी के अंग के नाम को शासन के अन्तर्गत उपशीर्षक के रूप में उपकल्पित किया गया है।
2. ग्रन्थ की आवश्यकता को देखते हुए एक के बजाय दो विषय प्रविष्टियों का निर्माण किया गया है।
3. आख्या प्रविष्टि नियमानुसार बनाई गई हैं।

समष्टि लेखक-शासन, संस्था
एवं सम्मेलन

DEPARTMENT OF COOPERATION
MINISTRY OF FOOD & AGRICULTURE
GOVERNMENT OF INDIA



Role of Cooperation in Agricultural Production

Manager of Publications,
Government of India,
New Delhi
1989

Other Information

Call No. XM, 8(J) 44'N9 N89
Acc No. 11235
Pages 210
Size 20.2cm
Price Rs.30.50

MLIS-07/135

RIL-096

47

मुख्य प्रविष्टि

XM,8(J).44'N9 N89	India.	Ministry of Food and Agriculture, Department of Cooperation.
11235		Role of cooperation in agricultural production/Department of Cooperation, Ministry of Food and Agriculture, Government of India .–New Delhi: Manager of Pub., 1989. 210 p.; 21 cm. 1. Cooperative Agriculture. 2. Agriculture-India. I. Title.

विषय प्रविष्टि-1

XM,8(J).44'N9 N89	India.	COOPERATIVE AGRICULTURE. Ministry of Food and Agriculture, Department of Cooperation.
		Rest as main entry

विषय प्रविष्टि-2

XM,8(J).44'N9 N89	India.	AGRICULTURE-INDIA. Ministry of Food and Agriculture, Department of Cooperation.
		Rest as main entry

आख्या प्रविष्टि

XM,8(J).44'N9 N89	India.	Role of cooperation in agricultural production. Ministry of Food and Agriculture, Department of Cooperation.
		Rest as main entry

देखिये विषय निर्देश-1

	AGRICULTURAL COOPERATION.	
		see COOPERATIVE AGRICULTURE.

देखिये विषय निर्देश-2

	AGRICULTURE, COOPERATION.	
		see COOPERATIVE AGRICULTURE.

इसे भी देखिये विषय निर्देश

	COOPERATION.	
		see also COOPERATIVE AGRICULTURE.

टिप्पणी :

1. मुख्य प्रविष्टि के शीर्षक अनुच्छेद में नियमांक 24.19 के अनुसार शासन के दोनों अंगों के नाम अंकित करते हुए प्रत्यक्ष शीर्षक का निर्माण किया गया है।
2. एक विषय शीर्षक से आवश्यकता की पूर्ति न होने के कारण दो विषय प्रविष्टियां बनाई गई हैं।
3. अन्य प्रविष्टियाँ पूर्व वर्णित नियमों के अनुसार बनाई गई हैं।

ए० ए० सी० आर० - 2

Development in Rural India Series. No. XV
Editor : H.K. Khokha

MINISTRY OF FOOD, AGRICULUTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERTION
DEPARTMENT OF COMMUNITY DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA



They can do it themselves :
Success stories of Panchayatas

New Delhi
Manager of Publications
1977

Other Information

Call No. V44, 64'N7 N77
Acc. No. 39721
Pages ix. 207
Size 22 cm.

मुख्य प्रविष्टि

V44,64'N7 N77	India.	Department of Community Development.
39271		They can do it themselves: success stories of panchayats/ Ministry of Food, Agriculture. Community Department and Cooperation, Department of Community Development, Government of India.–New Delhi : Manager of Pub., 1977. ix. 207 p.: 22 cm.– (Development in rural India series; no. 15) 1. Local Government I. Title. II. Series.

MLIS-07/138

V44,64'N7 N77	India.	LOCAL GOVERNMENT. Department of Community Development.
		Rest as main entry

आख्या प्रविष्टि

V44,64'N7 N77	India.	They can do it themselves. Department of Community Development.
		Rest as main entry

ग्रन्थमाला प्रविष्टि

V44,64'N7 N77	India.	Development in rural India series; no. 15 Department of Community Development.
		Rest as main entry

देखिये निर्देश

	PANCHAYAT.	
		see LOCAL GOVERNMENT.

टिप्पणी :

1. मुख्य प्रविष्टि के शीर्षक अनुच्छेद में नियमांक 24.19 के अनुसार बीच के अंग को अंतर्वेशित नहीं किया गया है।
2. अन्य सभी सहायक प्रविष्टियाँ-विषय, आख्या एवं ग्रंथमाला यथावत् बनाई गई हैं।

ए० ए० सी० आर० - 2

मुखपृष्ठ-5
(शासन व अस्थाई अंग)

MINISTRY
OF
IRRIGATION AND POWER



Report of the Power Economy Committee

NEW DELHI
MANAGER OF PUBLICATIONS
MARCH, 1971

Other Information
Call No. D2.2'N71t L1
Acc No. 51931
Pages ii, 76p.
Size 21.1 cm.
Note : The committee was appointed by the Government of India in May 1969. The report was submitted by the chairman K.L. Vij in 1971.

MLIS-07/140

मुख्य प्रविष्टि

D2.2'N71t L1	India.	Power Economy Committee.
51931		Report of the Power Economy Committee.– New Delhi : Manager of Pub., 1971. ii, 76 p.; 22 cm. Chairman : K.L. Vij. 1. Water power. I. Vij. K.L.

विषय प्रविष्टि

D2.2'N71t L1	India.	WATER POWER. Power Economy Committee.
		Rest as main entry

अध्यक्ष प्रविष्टि

D2.2'N71t L1	India.	Vij, K.L. Power Economy Committee.
		Rest as main entry

देखिए निर्देश

	India.	Ministry of Irrigation and Power. Power Economy Committee.
		see India. Power Economy Committee.

देखिए विषय निर्देश

		HYDROELECTRIC POWER.
		see WATER POWER.

टिप्पणी :

1. नियमांक 24.19 के अनुसार शासन के बीच के अंग को मुख्य प्रविष्टि के शीर्षक अनुच्छेद में नहीं लिखा गया है।
2. नियमांक 1.1B2 एवं 2.1B2 के अनुसार उत्तरदायित्व क्षेत्र के आख्या के साथ जुड़े रहने के कारण इसे यथावत् लिखा गया है अर्थात् इसे तिर्यक रेखा (/) के बाद नहीं जोड़ा गया है।
3. शासन के अस्थाई अंग के अध्यक्ष के नाम को टिप्पणी अनुच्छेद में अंकित किया गया है।
4. नियमांक 24.19 के अनुसार शासन के दोनों अंगों के नाम से मुख्य प्रविष्टि के शीर्षक के लिये 'देखिए निर्देश' बनाया गया है।

THE PROCLAMATIONS OF KING HENRY VIII
(NEW EDITION)

Edited by
SIR ARTHUR BRYANT

LONDON
CASSELL, 1968

Other Information

Call No.	V3, I x I91	K8
Acc No.	59991	
Pages	xii, 354	
Size	22cm.	

Note :
1. Contain tables, portraits.
2. King Henry VIII was Sovereign of United Kingdom during 1509-1547

मुख्य प्रविष्टि

V3,1xI91 K8	United	Kingdom. Sovereign (1509-1547; Henry VIII)
51991	New ed.	The proclamations of King Henry VIII / edited by Arthur Bryant. – London : Cassell, 1968. xii, 354 p.: ill., portraits; 22cm. 1. Great Britain–Kings and rulers. I. Bryant, Arthur. II. Title.

विषय प्रविष्टि

V3,1xI91 K8	United	GREAT BRITAIN-KINGS AND RULERS. Kingdom. Sovereign (1509-1547: Henry VIII)
		Rest as main entry

सहकारक प्रविष्टि

V3,1xI91 K8	United	Bryant, Arthur Kingdom. Sovereign (1509-1547: Henry VIII)
		Rest as main entry

आख्या प्रविष्टि

V3,1xI91 K8	United	The proclamations of King Henry VIII. Kingdom. Sovereign (1509-1547: Henry VIII)
		Rest as main entry

टिप्पणी :

1. शीर्षक का निर्माण नियमांक 21.4D एवं 24.20 के अनुसार शासकीय पदाधिकारी के अन्तर्गत किया गया है।
2. नियमांक 2.5C2 के अनुसार सारणियों (Tables) के चित्रित सामग्री न होने के कारण इसे भौतिक विवरण क्षेत्र में अंकित नहीं किया गया है।
3. अन्य प्रविष्टियाँ पूर्व वर्णित नियमों के अनुसार बनाई गई हैं।

मुखपृष्ठ 7
(राज्याध्यक्ष)

समष्टि लेखक-शासन, संस्था
एवं सम्मेलन

WE ACCEPT CHINA'S CHALLENGE

Speech in the Loksabha on
India's Resolve to drive out the Aggressor



by
Pandit Jawahar Lal Nehru
Prime Minister of India

Publication Division
Ministry of Information and Broadcasting
New Delhi
1961

Other Information

Call No. V44:1941, (zG)'N7 KI
Acc. No. 55111
Pages xi, 281
Size 22.8 cm.
Note : Bibliography on Indo-Sino relations appears on pages 235–80. Its Class Number is V44:1941aN7

MLIS-07/145

RIL-096

57

मुख्य आख्या

V44:1941,(zG)N7 KI	India. Prime Minister.	
55111	India's Prime Minister.	We accept China's challenge : speech in the Lok Sabha on resolve to drive out the aggressor/by Pandit Jawahar Lal Nehru. -- New Delhi: Ministry of Information and Broadcasting, Publication Division, 1961. xi, 281 p.; 23 cm. Partial contents : Bibilography on Indo-Sino relations, p. 235-80. 1. India-Foreign relations-China. 2. India-Foreign relations-China-Bibliography, p. 235-80. I. Title.

विषय प्रविष्टि

V44:1941,(zG)N7 KI	India. Prime Minister.	INDIA-FOREIGN RELATIONS-CHINA.
		Rest as main entry

विषय नैश्लेषिक प्रविष्टि

V44:1941,(zG)N7 KI	India. Prime Minister.	INDIA-FOREIGN RELATIONS-CHINA-BIBLIOGRAPHY p. 235-80.
		Rest as main entry

आख्या प्रविष्टि

V44:1941,(zG)N7 KI	India. Prime Minister.	We maccept China's challenge.
		Rest as main entry

देखिये निर्देश

	Nehru, Jawahar Lal	
		see India. Prime Minister.

टिप्पणी :

1. शासन प्रमुख के शीर्षक का निर्माण नियमांक 24.20 के अनुसार किया गया है।
2. व्यक्तिगत नाम से ग्रंथ को माँगने वाले पाठकों की आवश्यकता पूर्ति हेतु एक नामान्तर प्रविष्टि का निर्माण किया गया है। शेष सभी प्रविष्टियाँ-विषय एवं आख्या नियमानुसार बनाई गई हैं।
3. प्रमुख प्रविष्टि के टिप्पणी अनुच्छेद में आंशित अंतर्वस्तु के ग्रंथसूची संबंधी सूचना नियमानुसार अंकित की गई है तथा उसकी एक विषय वैश्लेषिक प्रविष्टि भी बनाई गई है।

मुखपृष्ठ-8

(राजाध्यक्ष - व्यक्तिगत सीर्षक)

PRESIDENT SPEAKS

A COLLECTION OF SPEECHES OF ZAKIR HUSSAIN

PUBLICATION DIVISION,
MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
NEW DELHI, 1971

Other Information

Call No. V44y7M87 N71
Acc No. 16548
Pages 279p.
Size 26 cm.

मुख्य प्रविष्टि

V44y7M87 N71	Zakir Hussain
11235	President speaks : a collection of speeches of Zakir Hussain .– New Delhi: Ministry of Information and Broadcasting, Publication Division, 1971. 279p.; 26cm. 1. President-India-Messages. I. Title. II. Title : A collection of speeches of Zakir Hussain.

MLIS-07/148

RIL-096

विषय प्रविष्टि

V44y7M87 N71	Zakir Hussain	PRESIDENT-INDIA-MESSAGES.
		Rest as main entry

आख्या प्रविष्टि

V44y7M87 N71	Zakir Hussain	President speaks.
		Rest as main entry

उपाख्या प्रविष्टि

V44y7M87 N71	Zakir Hussain	A collection of speeches of Zakir Hussain.
		Rest as main entry

टिप्पणी :

1 नियमांक 21.4D3 के अनुसार राज्याध्यक्ष के पत्र व्यवहार के संग्रह को व्यक्तिगत शीर्षक प्रदान किया गया है।

2. नियमांक 21.30J के अनुसार उपआख्या की भी एक इतर प्रविष्टि बनाई गई है।

2.4 संस्था (Institution)

2.4.1. परिभाषा (Definition)

ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित में संस्था को विशिष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। अन्य समष्टि निकायों के नियमांक ही संस्थागत लेखकों के ग्रन्थ को सूचीकृत करने के लिए प्रयुक्त किये जाते हैं। ए.ए.सी.आर.-2 में संस्थागत लेखकों के अन्तर्गत संघ (Association) संस्था (Institution) व्यापारिक संस्थान (Business Firms) लाभ निरपेक्ष उद्यम (Non-Profit Enterprises) स्थानीय चर्च, धर्मार्थ निकाय आदि सम्मिलित हैं।

2.4.2. शीर्षक का वरण (Choice of Heading)

यदि ग्रन्थ के मुखपृष्ठ पर मात्र एक ही संस्था अथवा एक संस्था व उसके अंग/अंगों के नाम दिये गये हों तो शीर्षक निर्माण में कोई कठिनाई नहीं आती। परन्तु संस्था या संस्था व उसके अंगों के नाम के साथ-साथ कोई दूसरी संस्था या व्यक्ति का नाम भी अंकित हो तो सूचीकार के समक्ष शीर्षक वरण में कठिनाई आती है। इस प्रकार की द्वन्द्वात्मक स्थिति के समाधान के लिये ए.ए.सी.आर.-2 में निम्नलिखित नियमों का प्रावधान किया गया है–

2.4.2.1. व्यक्ति बनाम संस्था (Person v/s Institution)

नियमांक सामान्य नियम: एक या अधिक समष्टि निकाय द्वारा उद्भूत कोई ग्रन्थ यदि अधोलिखित श्रेणियों में से एक या अधिक श्रेणी के अन्तर्गत आता हो तो उसे समष्टि निकाय (इस सन्दर्भ में संस्था) के अन्तर्गत उचित शीर्षक के साथ समाविष्ट करें।

(अ) समष्टि निकाय (इस सन्दर्भ में संस्था) के स्वयं के प्रशासकीय कार्य से संबन्धित अथवा उसकी आन्तरिक नीति, कार्यविधि एवं /अथवा प्रचालन अथवा उसकी वित्तीय व्यवस्था अथवा उसके पदाधिकारी एवं/अथवा कर्मचारी अथवा उसके संसाधन (यथा सूची, तालिका; सदस्यता निर्देशिका) अन्यथा उसे व्यक्तिगत लेखक का ग्रन्थ माने।

2.4.2.2. संस्था बनाम संस्था या अधीनस्थ एवं सम्बन्धित संस्था

(Institution v/s Institution or Subordinate and Related Bodies)

यदि ग्रन्थ के मुखपृष्ठ पर पैतृक संस्था (Parent Institution) तथा सम्बद्ध संस्था (Affiliated Institution) दोनों के नाम लेखकीय विवरण में दिये गये हों तो सूचीकार इस प्रकार की द्वन्द्वात्मक स्थिति का समाधान नियमांक 24.13 के अनुसार कर सकता है।

नियमांक 24.13 : किसी अधीनस्थ अथवा सम्बन्धित निकाय (इस सन्दर्भ में संस्था के अंग) की उस निकाय (इस सन्दर्भ के संस्था) में प्रविष्टि करे जिसका कि वह अधीनस्थ अथवा सम्बन्धित निकाय है।

2.4.3. शीर्षक का उपकल्पन (Rendering of Heading)

नियमांक 24.2 मूल नियम : समष्टि निकाय (इस सन्दर्भ में संस्था) को प्रत्यक्ष रूप से उस नाम के अन्तर्गत प्रविष्ट करें जिससे वह प्रधान रूप से जाना जाता हो, सिवाय उस स्थिति के जब आगे के नियमों में यह प्रावधान दिया गया हो कि समष्टि निकाय (इस सन्दर्भ में संस्था) को उसके उच्चतर अथवा सम्बन्धित निकाय के अन्तर्गत अथवा शासन के नाम के अन्तर्गत प्रविष्ट किया जाये।

समष्टि निकाय (इस सन्दर्भ में संस्था) के रूप का निर्धारण, निकाय द्वारा नियमित प्रकाशनों के आधार पर उसी भाषा में करें, अथवा उक्त स्थिति को लागू करना संभव न हो पाये तो सन्दर्भ स्रोतों का उपयोग करें।

उदाहरणार्थ :
1. Iaslic
2. Library of Congress
3. Delhi Public Library
4. University of Rajasthan

2.4.3.1. परम्परागत नाम (Conventional Name)

नियमांक 24.C1 : सामान्य नियम : यदि कोई निकाय प्रायः परम्परागत नाम के उस रूप से जाना जाता हो जिसका कि प्रयोग उसी भाषा के सन्दर्भ स्रोतों में किया गया हो, तो परम्परागत नाम का प्रयोग करें।

उदाहरणार्थ : 1. Westminister Abbey

Collegiate Church of St. Peter in Westminister नहीं

2. Jaipur Museum

Albert Hall Museum नहीं

2.4.3.2. नाम में परिवर्तन (Changes of Name)

नियमांक 24.1B : यदि समष्टि निकाय (इस सन्दर्भ से संस्था) के नाम में परिवर्तन हो जाये (चाहे नाम की भाषा में परिवर्तन हो) तो नये नाम के अन्तर्गत प्रकाशित रचनाओं के शीर्षक नये नाम से बनाये। पुराने शीर्षक से नये शीर्षक तथा नये शीर्षक में पुराने शीर्षक से सम्बद्ध करने हेतु निर्देश बनाये।

उदाहरणार्थ : University of Rajasthan का पुराना नाम University of Rajputana था। उपर्युक्त नियमांक के अनुसार University of Rajasthan के अन्तर्गत प्रकाशित रचनाओं के शीर्षक University of Rajasthan में बनाये जायेंगे तथा University of Rajputana से एक व्याख्यात्मक निर्देश निम्नलिखित प्रकार बनाया जायेगा :

University of Rajputana.

For works by this body see also the later heading : University of Rajasthan.

इसी प्रकार का एक व्याख्यात्मक निर्देश नये काम को पुराने नाम से जोड़ने हेतु बनाया जायेगा :

University of Rajasthan.

For work by this body see also the earlier heading : University of Rajputana.

2.4.3.3. नाम का पद लोप (Ommission from Name)

संस्था के नाम से पद लोप हेतु ए.ए.सी.आर.-2 में निम्नलिखित प्रावधान किये गये हैं–

नियमांक 24.5A प्रारंभिक उपपद : व्याकरण के दृष्टिकोण से आवश्यक न होने पर प्रारम्भिक उपपद छोड़ दें।

उदाहरणार्थ : Library Association न कि The Library Association

Club (London) न कि The Club (London)

नियमांक 24.5B सम्मान सूचक उद्धरण : निकाय की योग्यता अथवा सम्मान सूचक उद्धरणों को प्रदर्शित करने वाले वाक्यांशों को छोड़ दें।

उदाहरणार्थ : Ranganathan Memorial Library (for Padmashri Rangananthan Memorial Library) इनमें से आदरसूचक शब्द पद्मश्री से हटा दिया गया है।

नियमांक 24.5C : संस्थापना सूचक शब्द तथा कुछ अन्य शब्द

नियमांक 24.5C1 : विशेषणात्मक शब्दों को जिससे संस्थापना प्रकट होती हो, जैसे Ltd., Inc., & Co. अथवा जिससे समष्टि निकाय के राजकीय स्वामित्व प्रकट हो...छोड़ दें, यदि वे नाम का एकीकृत भाग न बन चुके हों अथवा उनको नहीं देने से यह स्पष्ट न होता हो कि यही समष्टि निकाय का नाम है।

उदाहरणार्थ : 1. American Ethnological Society

